विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.djmp.in/epaper

वर्ष 68 ▸▸ अंक 17 ▸▸ पृष्ठ 12
भोपाल, मंगलवार 15 अक्टूबर 2024
आश्विन शुक्ल पक्ष 13, विक्रम संवत् 2081
महानगर ▸▸ मूल्य 5 रुपए

जिस तरह समुद्र के पानी को सुखाया नहीं जा सकता, उसी तरह ज्ञानी व्यक्ति को भी नहीं हराया जा सकता।

# देश में सितंबर माह में खुदरा महंगाई दर उछलकर 5.49 प्रतिशत पर पहुंची

## सब्जियों की महंगाई दर 11 प्रतिशत से बढ़कर 36 प्रतिशत हुई

**नई दिल्ली, जेएनएन।** थोक महंगाई दर के आंकड़ों के बाद खुदरा महंगाई के आंकड़े भी जारी हो गए हैं। सितंबर में भारत की खुदरा महंगाई दर सालाना आधार पर 5.49 प्रतिशत तक बढ़ गई। यह इजाफा खाने-पीने के चीजों की कीमतें लगातार बढ़ने के कारण हुआ। खुदरा महंगाई दर पिछले महीने दर्ज किए गए 5 साल के निचले स्तर 3.65 प्रतिशत से कहीं अधिक है। जुलाई के बाद पहली बार यह भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 4 प्रतिशत के मध्यम अवधि के लक्ष्य को पार कर गई।



### खुदरा महंगाई बढ़ने का ये है कारण

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक यानी सीपीआई बास्केट में आधी हिस्सेदारी रखने वाले खाद्य पदार्थों की महंगाई दर सितंबर में 9.24 प्रतिशत पर पहुंच गई। अगस्त महीने में खाद्य पदार्थों की खुदरा महंगाई दर 5.66 थी। इससे पहले उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई दर जुलाई 2024 में 3.6 प्रतिशत और अगस्त 2024 में 3.65 प्रतिशत थी। जुलाई-अगस्त दोनों ही महीनों में खुदरा महंगाई दर रिजर्व बैंक के 4 प्रतिशत के लक्ष्य के भीतर थी। दूसरी ओर अगस्त 2023 में सीपीआई आधारित खुदरा महंगाई दर 6.83 प्रतिशत थी।

### थोक महंगाई में इजाफा

सब्जियों और अन्य खाद्य पदार्थों के महंगे होने से थोक मूल्य मुद्रास्फीति सितंबर में बढ़कर 1.84 फीसदी हो गई। अगस्त में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति 1.31 फीसदी थी। पिछले साल सितंबर में यह 0.07 फीसदी घटी थी। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक खाद्य मुद्रास्फीति सितंबर में बढ़कर 11.53 फीसदी हो गई, जबकि अगस्त में यह 3.11 फीसदी थी।

### इसकी वजह क्या

इसकी वजह सब्जियों की मुद्रास्फीति रही, जो सितंबर में 48.73 फीसदी बढ़ी थी। अगस्त में यह 10.01 फीसदी घट गई थी। आलू की मुद्रास्फीति सितंबर में 78.13 और प्याज की 78.82 प्रतिशत पर उच्च स्तर पर बनी रही। ईंधन और बिजली श्रेणी में सितंबर में 4.05 फीसदी की अपस्फीति देखी गई, जबकि अगस्त में 0.67 प्रतिशत की अपस्फीति हुई थी।

## 78700 के ऑल टाइम हाई पर सोना

**नई दिल्ली, भाषा।** स्टॉकिस्टों और व्यापारियों की सतत लिवाली के कारण सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 200 रुपए बढ़कर 78,700 रुपए प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई। हालांकि, वैश्विक स्तर पर सोने में गिरावट आई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। शुक्रवार को सोना 78,500 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। ताजा औद्योगिक मांग के कारण चांदी 500 रुपए बढ़कर 93,500 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले बंद भाव में यह 93,000 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई।

**चांदी 500 रुपए बढ़कर 93,500 प्रति किलो हुई**



### साल के आखिर तक 78 हजार से अधिक जा सकता है सोना

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटी और करेंसी हेड अनुज गुप्ता के अनुसार, आने वाले दिनों में सोने-चांदी में बढ़त देखने को मिल सकती है। इस साल सोना 78 हजार रुपए से अधिक प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। वहीं, चांदी भी 1 लाख रुपए प्रति किलोग्राम तक पहुंच सकती है।

# बहराइच में भीड़ ने अस्पताल, गाड़ियों के जलाए शोरूम, इंटरनेट बंद किया

## रविवार को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन में फायरिंग हुई, एक युवक मारा गया

**बहराइच, जेएनएन।** उत्तर प्रदेश के बहराइच में दिनभर हालात बेकाबू हो गए हैं। हजारों की भीड़ ने अस्पताल में आग लगा दी। कई शोरूम-दुकानों को फूंक दिया। भीड़ को देखकर पुलिस को पीछे हटना पड़ा। आसपास के 6 जिलों से फोर्स और पीएसी बुलाई गई है। एसटीएफ चीफ और लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश को मैदान में उतरना पड़ा। आगजनी कर रही भीड़ को पहले रोका, नहीं मानी तो हाथ में पिस्टल लेकर खदेड़ दिया। हिंसा प्रभावित इलाके में इंटरनेट बंद कर दिया गया है। रविवार को हरदी इलाके में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान डीजे बजाने को लेकर दो समुदायों में विवाद हो गया और हिंसा भड़क गई। पथराव-आगजनी के साथ 20 राउंड से ज्यादा फायरिंग हुई। गोली लगने से 22 साल के राम गोपाल मिश्रा की मौत हो गई। पुलिस ने अब्दुल हमीद, रिंकू, फहीम, राजा उर्फ साहिर खान, ननकऊ, मारुफ अली और 4 अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है। देर शाम राम गोपाल का अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में फोर्स मौजूद रही।



### छह जिलों से पीएसी को बहराइच भेजा

सरकार ने 6 जिलों से पीएसी को बहराइच भेजा है। पूरा इलाका छावनी बन गया है। पोस्टमॉर्टम के बाद सोमवार सुबह शव घर पहुंचा तो 5-6 हजार की भीड़ इकट्ठा हो गई। लोगों ने शव को लेकर करीब 5 किमी तक यात्रा निकाली। पुलिस ने समझाया तो परिवार शव को घर ले गया, लेकिन लोग वहां से नहीं हटे। भीड़ ने आगजनी शुरू कर दी। बहराइच एसपी वृंदा शुक्ला ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि समुदाय से लोग आएं, बैठकर बात करें, तभी समाधान निकलेगा।

# भारत-कनाडा ने एक- दूसरे के 6-6 डिप्लोमैट्स निकाले

## भारतीय विदेश मंत्रालय ने अपने राजदूत को कनाडा से बुलाया

**नई दिल्ली, जेएनएन।** कनाडा से रिश्तों में तनाव के बीच भारत ने सोमवार को कार्यकारी हाई कमिश्नर स्टीवर्ट रॉस व्हीलर समेत 6 कनाडाई डिप्लोमैट्स को देश से निष्कासित कर दिया, उन्हें 19 अक्टूबर की रात 12 बजे तक का समय दिया है। उधर कनाडा ने भी भारत के 6 डिप्लोमैट्स को देश छोड़कर जाने के लिए कहा है। इससे पहले भारतीय विदेश मंत्रालय ने कनाडा में अपने हाई कमिश्नर संजय कुमार वर्मा को भी वापस बुला लिया है। दरअसल यह कार्रवाई टूडो सरकार की रविवार को भेजी एक चिट्ठी के बाद हुई। इसमें भारतीय हाई कमिश्नर और कुछ दूसरे डिप्लोमैट्स को कनाडाई नागरिक की हत्या में संदिग्ध बताया था। हालांकि कनाडाई नागरिक की जानकारी नहीं दी, लेकिन इसे खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या से जोड़कर देखा जा रहा है। इसके एक दिन बाद भारत ने आज शाम 6 बजे सख्त रुख अपनाया और कनाडाई राजदूत को तलब कर कहा कि कनाडा ने जो आरोप लगाए हैं, वह आधारहीन हैं। इसके बाद भारत ने कनाडा में अपने हाई कमिश्नर अन्य डिप्लोमैट्स वापस बुलाने की जानकारी दी।



# बाबा सिद्दीकी का बेटा जीशान भी था टारगेट

**मुंबई, जेएनएन।** बाबा सिद्दीकी मर्डर केस में सोमवार को मुंबई पुलिस ने बताया कि बेटा जीशान सिद्दीकी भी शूटर्स के निशाने पर था। पुलिस ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने इस बात को स्वीकार किया है। आरोपी ने बताया कि उन्हें बाबा सिद्दीकी और जीशान दोनों को गोली मारने के आदेश मिले थे, कहा गया था कि जो मिले उसे मार दो। कुछ दिन पहले जीशान को धमकी भी दी गई थी। पुलिस ने कुर्ला स्थित उस कमरे की भी छानबीन की, जहां आरोपी एक महीने तक ठहरे थे। यहीं पर मर्डर की साजिश रची गई। केस में अब तक 6 आरोपियों धर्मराज, शिव कुमार, गुरमेल, जीशान अख्तर, शुभम लोनकर और प्रवीण लोनकर के नाम सामने आए हैं। धर्मराज, गुरमेल और प्रवीण लोनकर को गिरफ्तार किया गया है।



**ऑर्डर था- जो मिले, गोली मार दो, कुर्ला में रची साजिश**

## संक्षिप्त खबरें

### खड़गे पर वक्फ संपत्ति हड़पने का आरोप लगा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** वक्फ बिल पर बनी जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (जेपीसी) की सोमवार को हुई बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर वक्फ संपत्ति कब्जाने का आरोप लगा। इससे नाराज विपक्षी दलों के सांसदों ने बैठक का बहिष्कार कर दिया। साथ ही स्पीकर को चिट्ठी लिखकर कमेटी के चेयरपर्सन जगदंबिका पाल को हटाने की मांग की। स्पीकर से मिलने का समय भी मांगा। विपक्षी सांसदों का आरोप है कि कमेटी की कार्यवाही तय नियम के हिसाब से नहीं हो रही है। कर्नाटक माइनॉरिटी कमीशन के पूर्व चेयरपर्सन अनवर मणिप्पाडी ने एक प्रेजेंटेशन दी। यह बिल से जुड़ी न होकर कर्नाटक सरकार और कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे को बदनाम करने के लिए थी। अनवर के प्रेजेंटेशन का विपक्षी सांसदों ने विरोध किया। 2012 में वक्फ के 2.3 लाख करोड़ के घोटाले का आरोप लगाने वाली मणिप्पाडी कमेटी ने तत्कालीन सीएम सदानंद गौड़ा को अपनी रिपोर्ट दी थी।

**वक्फ बिल पर जेपीसी बैठक से विपक्ष का वॉकआउट**

### मुंबई में सड़क पर शख्स की पीट-पीटकर हत्या

**मुंबई, जेएनएन।** मलाड ईस्ट के डिंडोशी इलाके की मनसे कार्यकर्ता के बेटे आकाश माईन (27) की रिक्शा चालकों और विक्रेताओं ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना शनिवार को हुई, जब माईन दशहरा समारोह के लिए नई कार खरीदने गए थे। मलाड रेलवे स्टेशन के पास एक ऑटो ने उनकी कार को ओवरटेक किया, जिसके बाद उनके और रिक्शा चालक के बीच बहस हो गई। बहस बढ़ गई और रिक्शा चालक ने अपने दोस्तों और स्थानीय विक्रेताओं के साथ मिलकर मनसे कार्यकर्ता के बेटे पर हमला कर दिया। भीड़ ने आकाश माईन को बुरी तरह पीटा, जिसमें उसे गंभीर चोटें आईं और उसकी मौत हो गई। घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। फुटेज में माईन की मां को उसके ऊपर लेटे हुए देखा जा सकता है, जो उसे हमलावरों से बचाने की कोशिश कर रही थीं। दो से तीन अज्ञात लोग उसके पिता पर भी हमला करते हुए दिखाई दे रहे हैं। घटना 12 अक्टूबर की है, जिसमें पुलिस ने 9 लोगों को गिरफ्तार किया है।

**बचाने को ऊपर लेटी मां हाथ जोड़ते रहे पिता**

# ट्रेन की चपेट में आने से दो रेल कर्मियों की मौत

## कुल्हार रेलवे ट्रैक के पास हादसा, यातायात प्रभावित

**जागरण, गंजबासौदा।** सोमवार सुबह बीना से भोपाल की ओर जा रही राज्य रानी एक्सप्रेस की चपेट में आने से लाइन पर काम कर रहे दो चाबी मेनों की मौत हो गई। शव इंजन में फंसने के कारण तीन घंटे ट्रेन केवटन ब्रिज पर खड़ी रही। इससे रेल यातायात भी प्रभावित हुआ। जानकारी के अनुसार सुबह करीब साढ़े 8 बजे कुल्हार रेलवे ट्रैक के पास रेलवे के दो चाबी मैन मनोज सेन और हारुन खान पटरी पर चाबियां चेक कर रहे थे। तभी अचानक दोनों राज्यरानी एक्सप्रेस के इंजन की चपेट में आ गए। दोनों चाबी मैन की मौके पर ही मौत हो गई। एक चाबी मैन का शव ट्रेन के इंजन में फंस गया, जबकि दूसरा शव कटने से टुकड़ों में ट्रैक पर फैल गया।



### ट्रेन को बैक कर निकाला शव

हादसे के बाद करीब तीन घंटे तक राज्यरानी एक्सप्रेस ट्रैक पर केवटन ब्रिज पर खड़ी रही। मौके पर जीआरपी टीम और स्थानीय पुलिस पहुंची। जीआरपी प्रभारी किशोर सिंह ने बताया कि ट्रेन को करीब एक किलोमीटर पीछे कर शव के अवशेषों को नीचे से निकाला गया। हादसे के समय दोनों कर्मचारी ट्रैक मरम्मत कर रहे थे। किशोर सिंह ने बताया कि एक पाइंट मैन का शव इंजन के आगे कैटल गार्ड में फंस गया था। दूसरा ट्रेन से करीब 500 मीटर पीछे रह गया था। आगे वाले शव को निकालने के बाद ट्रेन को करीब 500 मीटर रिवर्स कर दूसरे शव को उठाया है। शवों को बासौदा लाया गया। जहां पोस्टमार्टम करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिए हैं।

# तीन फ्लाइट, एक ट्रेन को बम से उड़ाने की धमकी

**मुंबई, जेएनएन।** मुंबई से उड़ने वाली तीन फ्लाइट में सोमवार को बम की धमकी दी गई। पहली फ्लाइट मुंबई से न्यूयॉर्क जा रही एअर इंडिया की है। सूचना मिलते ही विमान को दिल्ली डायवर्ट कर दिया गया। विमान फिलहाल दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल (आईजीआई) एयरपोर्ट पर खड़ा है। विमान में 239 पैसेंजर्स सवार हैं। दूसरी फ्लाइट इंडिगो की 6ई-1275 है, यह मुंबई से मस्कट जाने वाली थी। तीसरी फ्लाइट इंडिगो की 6ई 56 है। यह मुंबई से जेद्दाह जाने वाली थी। इन दोनों विमानों को आइसोलेशन बे में रखकर जांच की जा रही है। सभी पैसेंजर्स को फिलहाल विमान से उतार दिया गया है। इधर, मुंबई-हावड़ा मेल को भी बम से उड़ाने की धमकी दी गई। हालांकि जांच के बाद ट्रेन को रवाना कर दिया गया। पिछले 5 दिनों में फ्लाइट में बम की धमकी का यह दूसरा मामला है। 9 अक्टूबर को लंदन से दिल्ली आ रही विस्तारा की फ्लाइट यू18 में बम की सूचना थी। फ्लाइट के दिल्ली पहुंचने से करीब साढ़े 3 घंटे पहले एक यात्री ने प्लेन के टॉयलेट में धमकी भरा टिश्यू पेपर देखा। उसने क्रू मेंबर को सूचना दी। फ्लाइट में करीब 300 यात्री और क्रू मेंबर सवार थे। जांच के चलते पैसेंजर्स करीब 5 घंटे एयरपोर्ट पर ही फंसे रहे।

**एअर इंडिया की उड़ान दिल्ली डायवर्ट, इंडिगो के दो विमान की भी जांच**

कोलकाता जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट दिल्ली लौटी कोलकाता जा रहे एअर इंडिया के विमान को तकनीकी समस्या के कारण सोमवार को दिल्ली एयरपोर्ट पर वापस लौटना पड़ा। सुबह फ्लाइट नंबर एआई 100 में उड़ान भरने के तुरंत बाद समस्या का पता लगते ही इमरजेंसी लैंडिंग की घोषणा की गई। एअर इंडिया यात्रियों के लिए जल्द से जल्द दूसरे विमान की व्यवस्था कर रही है। साथ ही फ्लाइट कैंसिलेशन पर पूरे पैसे रिटर्न करने की भी पेशकश की गई है। विमान में सवार कुल यात्रियों की संख्या की जानकारी नहीं मिली है।

# जम्मू-कश्मीर से 6 साल बाद राष्ट्रपति शासन हटा

**श्रीनगर, जेएनएन।** जम्मू-कश्मीर में नई सरकार के गठन से पहले राष्ट्रपति शासन हटाने का आदेश रविवार देर रात जारी किया गया। गृह मंत्रालय ने बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नए मुख्यमंत्री की शपथ के तुरंत पहले राष्ट्रपति शासन खत्म करने का आदेश जारी किया है। जम्मू-कश्मीर में 2014 में विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा-पीडीपी ने गठबंधन सरकार बनाई थी। 2018 में भाजपा के समर्थन वापस लेने के बाद सरकार गिर गई थी और महबूबा मुफ्ती ने सीएम पद से इस्तीफा दे दिया था। तब से जम्मू-कश्मीर में केंद्र का शासन था।

**भाजपा-पीडीपी गठबंधन टूटने के बाद लगाया गया था**

# एआई पर निर्भरता फाइनेंशियल के लिए खतरा

## आरबीआई गवर्नर बोले- बैंक एआई का फायदा लें, उनको फायदा नहीं उठाने दें

**नई दिल्ली, जेएनएन।** आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बढ़ते रिस्क पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा है कि एआई पर जरूरत से ज्यादा डिपेंडेंसी फाइनेंशियल कमजोरियों को बढ़ा सकता है। सोमवार को दिल्ली में आरबीआई की 90वीं एनिवर्सरी पर आयोजित सेंट्रल बैंकिंग एट क्रॉसरोड्स टॉपिक पर आयोजित कार्यक्रम में दास ने दुनियाभर में बढ़ते कर्ज पर भी चिंता जताई। दास ने कहा कि यह मॉनेटरी पॉलिसी और फाइनेंशियल स्टेबिलिटी के लिए ठीक नहीं है। साथ ही उन्होंने जियो-पॉलिटिकल टेंशन और क्लाइमेट रिस्क से शुरू हुई चुनौतियों से निपटने के लिए इंटरनेशनल कॉपरेशन के लिए आग्रह किया। एआई में इसके अंदर फैसले लेने वाले एल्गोरिदम को ऑडिट करना या उनको डिकोड करना मुश्किल हो जाता है। इससे फाइनेंशियल मार्केट को ज्यादा खतरा हो सकता है। बैंकों को एआई और बिगटेक का फायदा जरूर लेनी चाहिए लेकिन उन्हें फायदा नहीं उठाने देना चाहिए।




### एआई और मशीन लर्निंग से बिजनेस और प्रॉफिट बढ़े

दास ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) जैसी मॉडर्न टेक्नोलॉजीज के डेवलपमेंट से फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन के लिए बिजनेस और प्रॉफिट बढ़ाने के नए रास्ते खुले हैं। साथ हीं, इन टेक्नोलॉजीज से फाइनेंशियल स्टेबिलिटी पर भी रिस्क बढ़ा है। ये रिस्क ऐसे समय में और बढ़ा जाता है जब इस मार्केट को कुछ कंपनियों का ही दबदबा है।

**सम्मान** | इन्होंने समझाया कैसे राजनीतिक संस्थाएं समाज की तरक्की पर असर डालती हैं

# अमेरिका-ब्रिटेन के 3 अर्थशास्त्रियों को इकोनॉमिक्स का नोबेल


**स्टॉकहोम, जेएनएन।** अमेरिका और ब्रिटेन के 3 वैज्ञानिकों को इकोनॉमिक्स का नोबेल प्राइज दिया गया है। विजेताओं में तुर्किश मूल के अमेरिकी डेरन एसेमोग्लू, ब्रिटिश मूल के अमेरिकी साइमन जॉनसन और ब्रिटेन के जेम्स ए. रॉबिनसन शामिल हैं। इन्हें अलग-अलग राजनीतिक और सामाजिक संस्थाओं के बनने और समाज की तरक्की पर उनके पड़ने वाले असर पर रिसर्च के लिए ये सम्मान मिला है। तीनों अर्थशास्त्रियों ने बताया है कि कैसे गरीब देश सालों की तरक्की के बावजूद अमीर देशों की तरह विकसित नहीं हो पाए हैं।



डेरन एसेमोग्लू



साइमन जॉनसन



जेम्स रॉबिन्सन

### विजेताओं ने तीन तरह से समझाया है

**पहला** — रिसोर्सेज का बंटवारा कैसे होता है। समाज में फैसले लेने की शक्ति किसके पास है। इस आधार पर अमीर वर्ग और आम जनता के बीच संघर्ष रहता है।

**दूसरा** — जनता संगठित होकर कभी-कभी सत्ताधारी वर्ग को धमकाती है। ऐसा करके वह सत्ता से अपनी बात मनवाते हैं। इसलिए यह कहा जा सकता है कि समाज की ताकत सिर्फ कुछ फैसले लेने तक सीमित नहीं है।

**तीसरा** — कई बार अमीर सत्ताधारी वर्ग की यह मजबूरी होती है कि वे फैसला लेने का अधिकार जनता को सौंप दें।

### महिला इकोनॉमिस्ट को मिला था 2023 का नोबेल

2023 का इकोनॉमिक्स का नोबेल अमेरिका की क्लॉडिया गोल्डिन को मिला था। उन्हें मार्केट में महिलाओं के कामकाज और उनके योगदान को बेहतर तरह से समझाने के लिए ये सम्मान दिया गया था। नोबेल कमेटी ने लेबर मार्केट में गोल्डिन के रिसर्च को बेहतरीन माना था। उनकी रिसर्च में लेबर मार्केट में महिलाओं के साथ हो रहे पक्षपात और उनकी कमाई को लेकर जानकारी दी गई थी।

### भारतीय अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन को 1998 में मिला था नोबेल

अमर्त्य सेन इकलौते ऐसे भारतीय हैं, जिन्हें 1998 में इस सम्मान से नवाजा गया था। उन्हें इकोनॉमिक साइंस में वेलफेयर इकोनॉमिक्स और सोशल चॉइस थ्योरी में योगदान के लिए नोबेल प्राइज से नवाजा गया था। 2022 में बैंकिंग सेक्टर के एक्सपर्ट तीन इकोनॉमिस्ट बेन बर्नांके, डगलस डायमंड और फिलिप डिविग को नोबेल प्राइज मिला था। तीनों ने आर्थिक मंदी के दौर में बैंकिंग सेक्टर को बेहतर करने पर रिसर्च किए और मानवता को बचाने के बेहतर तरीके बताए थे।

# मंत्री के भाई-पीएस के घर समेत 20 जगह ईडी रेड

**रांची, जेएनएन।** झारखंड की राजधानी रांची, चाईबासा सहित 20 जगह पर ईडी ने सोमवार सुबह से ही दबिश दी। ईडी की रेड हेमंत सोरेन सरकार के पेयजल व स्वच्छता विभाग मंत्री मिथिलेश ठाकुर के पीएस हरेंद्र सिंह के ठिकानों पर हुई है। साथ ही आईएएस मनीष रंजन के करीबी, मंत्री के भाई विनय ठाकुर के अलावा कई इंजीनियर्स के घर छापेमारी जारी है। यह छापेमारी जल-जीवन मिशन में हुई अनियमितता से जुड़ा हुआ है। रांची में मोरहाबादी के हरिहर सिंह रोड, रातू रोड में इंद्रपुरी और चाईबासा में छापेमारी हुई है। चाईबासा के अमला टोला स्थित मंत्री मिथिलेश ठाकुर के भाई विनय ठाकुर और उनके बिजनेस पार्टनर वेदांत खिरवार के घर में ईडी की छापामारी चल रही है। ईडी की टीम रविवार की रात ही चाईबासा पहुंची और आज अहले सुबह टीम सबसे पहले अमला टोला स्थित मंत्री के भाई विनय ठाकुर के आवास पर पहुंची। विनय ठाकुर के बिजनेस पार्टनर मधु बाजार निवासी वेदांत खिरवार के यहां भी एक टीम छापेमारी कर रही है।



**आईएएस मनीष रंजन के करीबी कई इंजीनियर्स के घर छापेमारी**

# दो ही विधायक पहुंचे बाकी ने गिनाए कारण

## प्रदीप,सिद्धार्थ नहीं पहुंचे, मोबाइल पर अध्यक्ष से हुई चर्चा

**विशेष संवाददाता भोपाल।** अपने बयानों से फजीहत कराने वाले भाजपा विधायक सोमवार को अपने नेतृत्व के बुलावे पर भी भोपाल नहीं पहुंचे। चार में से दो विधायकों ने ही प्रदेश नेतृत्व से बंद कमरे में चर्चा की और अपना पक्ष रखा,जबकि बाकी दो विधायकों ने अपनी व्यस्तता की बात कहते हुए भोपाल आने से असमर्थता जता दी।

गौरतलब है कि पिछले एक पखवाड़े से अपने बयानों और कार्यशैली से पार्टी और सूबे की सरकार को कटघरे में खड़ा करने वाले विधायकों को प्रदेश नेतृत्व द्वारा सोमवार को भोपाल बुलाया गया था,जिनसे पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद को चर्चा करनी थी। लेकिन केवल दो ही विधायकों ने इन नेताओं से बंद कमरे में चर्चा की और उनके सामने अपना स्पष्टीकरण दिया।

### इन विधायकों ने की मुलाकात





इधर देवरी विधायक बृजबिहारी पटैरिया और प्रदीप लारिया ने अलग-अलग प्रदेश नेतृत्व से मुलाकात की और अपनी बात उनके सामने रखी,साथ हिदायत सुनने के बाद दोनों विधायक वापस लौट गए। इधर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के सामने सांष्टाग होने वाले पार्टी के मऊगंज विधायक और त्यौंथर विधायक सिद्धार्थ तिवारी भोपाल नहीं पहुंचे। बताया गया है कि इन दोनों विधायकों से प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने मोबाइल के जरिए चर्चा की है। बताया गया है कि इन दोनों विधायकों ने अपने नहीं आने का कारण प्रदेशाध्यक्ष को बताया है। जिन्हें जल्द ही भोपाल आकर मिलने को कहा गया है। इसी तरह त्यौंथर विधायक सिद्धार्थ तिवारी भी भोपाल नहीं आए। तिवारी रीवा में एक मजार द्वारा अवैध तरीके अतिक्रमण की बात करते हुए मुद्दा बनाए हुए है। उनका सीधा आरोप है कि प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। सत्ताधारी विधायक के इस आरोप पर विपक्ष दल तंज कस रहे है। इनके अलावा पूर्व मंत्री और वरिष्ठ विधायक संजय पाठक भी भोपाल नहीं आए। सूत्रों की माने तो उन्हें भी प्रदेश नेतृत्व ने भोपाल बुलाया था,लेकिन वे भी बुलावे के बाद नहीं आए।

### प्रदीप फिर बैठे थाने में



एक ओर जहां प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा विधायकों की नाराजगी को लेकर उनसे बंद कमरे में चर्चा कर रहे थे,तो वहीं मऊगंज विधायक प्रदीप पटेल पुलिस थाने में बैठ गए। जानकारी के अनुसार पटेल विशेष समुदाय के युवक द्वारा एक महिला को भगा ले जाने के विरोध करने थाने पहुंचे थे,जहां उन्होंने पिछले तीन दिनों से युवक और महिला का पता नहीं लग पाने पर पुलिस अधिकारियों से चर्चा की। इस संबंध में प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि भाजपा संगठन में कार्यकर्ताओं से सतत् संपर्क एवं संवाद की पद्धति है। इसके अंतर्गत कार्यकर्ताओं से समय-समय पर चर्चा होती रहती है। आज भी कुछ विधायकों के साथ आवश्यक चर्चा हुई है।

### शर्मा बोले हद पार न करें

सूत्रों की माने तो प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने उनसे मिलने पहुंचे दोनों विधायकों से साफ तौर पर कह दिया कि वे अनुशासन की हद को पार न करें। किसी भी स्थिति में सीधे मोर्चा न खोलें। यदि प्रशासन या पुलिस द्वारा उनकी बातों को नहीं सुना जा रहा है,तो इसके लिए पहले संगठन स्तर पर चर्चा करें। सीधे तौर पर सरकारी अमले के खिलाफ सार्वजनिक तौर पर विरोध नहीं करना चाहिए । इससे जहां पार्टी की किरकिरी होती है,तो वहीं विपक्षी दल को मुद्दा भी मिलता है। किसी भी मामलों को लेकर विधायकों को पूरी तरह से संवदेनशील रहना चाहिए,जिसके लिए उन्हें सार्वजनिक रुप से छींटाकशी,बयानबाजी से बचना चाहिए।

# महिला अपराध के खिलाफ ज्ञापन लेकर पहुंचे कांग्रेस नेता, सांसद ने थमाया पत्र



**जागरण प्रतिनिधि, भोपाल।** बच्चियों और महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराधों के खिलाफ कांग्रेस बेटी बचाओं अभियान चला रही है। जिसके तहत विधायकों, सांसदों और प्रभारी मंत्रियों को ज्ञापन सौंपे जा रहे हैं। सोमवार को भोपाल में महिला कांग्रेस अध्यक्ष विभा पटेल और जिलाध्यक्ष प्रवीण सक्सेना के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता सांसद आलोक शर्मा के सरकारी निवास पर पहुंचे थे। जहां उन्होंने सांसद को ज्ञापन सौंपा तो सांसद ने भी अपनी तरफ से एक ज्ञापन कांग्रेस नेताओं को थमा दिया। सांसद ने मध्यप्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी को फोन पर कहा, च्मां, बहन, बेटी पर किस कांग्रेस नेता ने क्या टिप्पणी की, इसकी समीक्षा भी करें।

### फोन पर की पटवारी से बात

पीसीसी चीफ से फोन पर बात करते हुए सांसद आलोक शर्मा ने कहा, च्आप लोग अभी ज्ञापन देने आए हैं, मैं ज्ञापन ले रहा हूं। ज्ञापन के सभी पॉइंट्स पढ़ूंगा और उचित फोरम पर रखूंगा। लेकिन, एक निवेदन करना चाहता हूं कि आप लोग महिलाओं, बहनों - बेटियों के संवेदनशील मुद्दे पर ज्ञापन देने आए हैं, इसलिए आप इस बात की भी समीक्षा करें कि हमारी कांग्रेस पार्टी में कब - कौन से नेताओं ने किस तरह के स्टेटमेंट दिए हैं। सांसद ने आगे कहा, च्मुझे लगता है कि इस प्रकार के स्टेटमेंट से बचना चाहिए, क्योंकि मां, बहन, बिटिया समाज का संवेदनशील मुद्दा होता है। कोई भी राजनीतिक दल हो, सबको बहन - बेटियों के मामले में बचना चाहिए। एक पत्र आपको भी जिला अध्यक्ष जी के साथ भिजवा रहा हूं।

### एक साल की अबोध से लेकर 75 साल की बुजुर्ग तक सुरक्षित नहीं

कांग्रेस नेताओं के ज्ञापन में कहा गया, च्मध्यप्रदेश में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल में लगातार 1 साल से लेकर 10 साल और 70-75 साल तक की बुजुर्ग महिलाओं के साथ बलात्कार की घटनाएं लगातार हो रही हैं। छोटी-छोटी बच्चियों के साथ बलात्कार और हत्या होना आम बात हो गई है। महिला अत्याचार में प्रदेश राष्ट्रीय स्तर पर नंबर एक पर पहुंच गया है। इससे समस्त प्रदेश वासियों का सिर शर्म से झुक गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### दो दिवसीय खनन कॉन्क्लेव 17 अक्टूबर से भोपाल में

विसं भोपाल। राजधानी भोपाल 17 अक्टूबर से दो दिवसीय खनन कॉन्क्लेव का आयोजन होगा। जिसमें केन्द्रीय मंत्रियों के अलावा इस क्षेत्र से जुड़ी कंपनियां भाग लेंगी।

इस संबंध में सीएम डॉ.मोहन यादव ने बताया कि आयोजन राज्य में खनन, तेल, गैस और खनिज आधारित उद्योगों की व्यापक संभावनाओं को प्रदर्शित करेगा, जो विकास की रीढ़ के रूप में कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के महत्वाकांक्षी विकसित भारत-2047 के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति करते हुए राज्य सरकार द्वारा 17-18 अक्टूबर को खनन कॉन्क्लेव आहुत किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि मध्यप्रदेश, खनिज संसाधनों से समृद्ध राज्य है और देश के खनन क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह देश का एकमात्र राज्य है जो हीरे का उत्पादन करता है साथ ही मैंगनीज और तांबा अयस्क के उत्पादन में भी अग्रणी है, जो विभिन्न औद्योगिक उपयोगों के लिए महत्वपूर्ण हैं। इसके अलावा राज्य रॉक-फॉस्फेट उत्पादन में दूसरे, सीमेंट उद्योग के लिए आवश्यक चूना पत्थर उत्पादन में तीसरे और कोयला उत्पादन में चौथे स्थान पर है। कोल-गैस के उत्पादन में भी राज्य दूसरे स्थान पर है, जो वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोतों और स्थिरता की दिशा में उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

#### इनकी रहेगी उपस्थिति

खनन कॉन्क्लेव में केंद्रीय खनन मंत्री जी. किशन रेड्डी, केन्द्रीय राज्य मंत्री एस.सी. दुबे और सचिव केन्द्रीय खान मंत्रालय वी.एल. कांता राव शामिल होंगे, जो राज्य में खनन क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के लिये केन्द्र सरकार की ओर आवश्यक सहायता उपलब्ध कराऐंगे इस कार्यक्रम में 600 से अधिक प्रतिनिधियों की भागीदारी होगी। इसमें एन.सी.एल, एच.सी.एल, एन.एम.डी.सी., ओ.एन.जी.सी., और जी.ए.आई.एल जैसी प्रमुख कंपनियों के प्रतिनिधि और अन्य राज्यों के उद्योगपति शामिल होंगे।

### निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशन 29 अक्टूबर को

**जागरण प्रतिनिधि, भोपाल।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 के कार्यक्रम अंतर्गत 29 अक्टूबर को निर्वाचक नामावली के प्रारूप का प्रकाशन किया जाएगा। इसी दिन से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, संशोधन करवाने और नाम हटवाने की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। ऑनलाइन और ऑफलाइन के माध्यम से 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा सकते हैं। नाम जुड़वाने, हटवाने और संशोधन की प्रक्रिया के बारे में अधिक से अधिक मतदाताओं को जागरूक होकर, मतदाता सूची में अपने नाम जुड़वाएं।निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुर्नरीक्षण कार्यक्रम अनुसार दावे आपत्तियों से संबंधित आवेदनों की प्राप्ति कार्य 29 अक्टूबर से शुरू होगा और अंतिम तिथि 28 नवम्बर तक जारी रहेगा। मतदाता सूची के विशेष पुर्नरीक्षण कार्यक्रम तहत चार विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। नवम्बर माह में विशेष शिविरो का आयोजन जारी तिथि अनुसार क्रमशः 9, 10 और 16, 17 को आयोजित होंगे। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 06 जनवरी 2025 को किया जाएगा।टोल फ्री मतदाता सूची में नाम जुड़वाने से संबंधित सभी कार्यो की अधिक से अधिक जानकारी सुगमता से प्राप्त हो सकें। इसके लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा टोल फ्री नम्बर 1950 जारी किया गया है।

### पुस्तकों का हुआ विमोचन

**विसं भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को इंदौर एयरपोर्ट पर हिंदू आध्यात्मिक सेवा संस्थान द्वारा नारी शक्ति के सम्मान पर आधारित आठ पुस्तकों का विमोचन किया। इस अवसर पर राधेश्याम शर्मा, जवाहर मंगवानी, विनोद बिड़ला आदि उपस्थित थे। इसके पूर्व मुख्यमंत्री के इंदौर एयरपोर्ट पहुंचने पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, संभागायुक्त दीपक सिंह, कलेक्टर आशीष सिंह, पुलिस आयुक्त राकेश गुप्ता सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों ने उनका स्वागत किया।

### पीआर टीचर ऑफ द ईयर अवार्ड अगले माह

**भोपाल।** पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा स्वर्गीय पुष्पेंद्र पाल सिंह की स्मृति में पुष्पेंद्र पाल सिंह मास कम्युनिकेशन एवं पीआर टीचर ऑफ द ईयर अवार्ड -2024 पुरुस्कार दिया जाएगा। यह पुरस्कार मीडिया शिक्षण के नामचीन प्रोफेसर को दिया जाएगा। जानकारी के अनुसार पुरस्कार 22 दिसंबर 2024 को रायपुर में आयोजित आल इंडिया पब्लिक रिलेशंस कांफ्रेंस 2024 के अवसर पर प्रदान किया जाएगा।

# सक्रिय सदस्य बनाने 29 कार्यकर्ताओं को मिली जिम्मेदारी



**विसं भोपाल।** प्रदेश में 16 अक्टूबर से भाजपा का सक्रिय सदस्यता अभियान प्रारम्भ होगा। इसके लिए भोपाल जिला संगठन की सोमवार को कार्यशाला हुई। जिसमें प्रत्येक मंडल में सक्रिय सदस्य बनाने 29 सहयोगियों की नियुक्ति की गई। पार्टी मुख्यालय में कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी ने कहा कि अभियान संगठन को मजबूती प्रदान करेगा। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में गरीब कल्याण की योजनाओं में अंत्योदय विचारधारा को लेकर युवा, महिलाओं, किसान सहित प्रत्येक समाज को विकास की दिशा से जोड़ने के लिए आत्मनिर्भर बनाने का कार्य कर रही है। हम सभी पार्टी के दायित्ववान कार्यकर्ता है और हमें जो कार्य सौंपा जाता है हम मनोयोग से करते हैं। जिला अध्यक्ष पचौरी ने कहा कि पार्टी का सदस्यता अभियान दो दिन और चलेगा इसके बाद 16 अक्टूबर से सक्रिय सदस्यता अभियान शुरू हो जाएगा। अभियान में पार्टी इतिहास रचने की ओर अग्रसर है। प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन पर्व के अंतर्गत चलाए जा रहे सदस्यता अभियान में उत्सव की तरह मना रहे हैं। यह उत्सव लगभग 6 वर्षों में प्रत्येक कार्यकर्ता को मिलता है। प्रत्येक मंडल में सक्रिय सदस्य बनाने के लिए 29 सहयोगी नियुक्त किए गए है। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता शैलेंद्र शर्मा, महापौर श्रीमती मालती राय, जिला प्रभारी महेंद्र यादव, कार्यक्रम प्रभारी, पूर्व जिला अध्यक्ष सीहोर सीताराम यादव, जिला महामंत्री व नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी,रविंद्र यति, जगदीश यादव सहित जिला पदाधिकारी व मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे। सक्रिय सदस्यता अभियान के टोली प्रमुख सीताराम यादव एवं सदस्य कृष्णमोहन सोनी, सुरजीत सिंह चौहान, इन्द्रजीत सिंह, शंकर मकोरिया एवं दिनेश यादव मौजूद रहे।


# लोकसेवा का अर्थ समझें: राज्यपाल



**विसं भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि लोकसेवा पात्र, जरूरतमंदों और गरीबों की सेवा करने का सुअवसर है। उन्होंने डिप्टी कलेक्टरों से कहा कि लोकसेवा शब्द का अर्थ गहराई से समझें। जनता की सेवा के भाव को अपने मन में सदैव सबसे ऊपर रखें। सेवाकाल में ईमानदारी और निष्ठा से काम करने में ही जीवन की सार्थकता है। राज्यपाल पटेल सोमवार को नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय एकेडमी भोपाल में प्रशिक्षणाधीन राज्य प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टर्स को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर अकादमी के महानिदेशक जे.एन. कंसोटिया भी मौजूद थे। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि केंद्र और राच्य सरकार के ग़रीब कल्याण कार्यक्रमों को सफल बनाना लोक सेवकों की ज़िम्मेदारी है। सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराना उनका मूल कर्तव्य है। अपने सेवाकाल में हमेशा बड़े-बुजुर्गों, दिव्यांगों और वंचितों के प्रति सम्मान और आदर का भाव रखें। राच्यपाल श्री पटेल ने कहा कि राच्य की सेवा करने के लिए प्रशासनिक तंत्र का अंग बनने का अवसर मिलना सौभाग्य की बात है। प्रशिक्षु अधिकारी प्रशिक्षण से जुड़ी बातें, नियमों और अधिनियमों को बारीकी से सीखें। प्रदेश की सामाजिक, आर्थिक, भौगोलिक, चुनौतियों के अनुरूप समाधान का दृष्टिकोण अपनाए। उन्होंने प्रशासनिक अकादमी भोपाल द्वारा अधिकारियों को स्वच्छ और संवेदनशील लोक-सेवक बनाने के लिए गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन की सराहना की। राच्यपाल श्री पटेल ने राच्य प्रशासनिक सेवा में चयन के लिए सभी प्रशिक्षणार्थियों को बधाई भी दी।

# प्रदेश के जनजाति छात्रावास में करेंगे सोलर पॉवर का उपयोग

विसं भोपाल । प्रदेश सरकार का जनजातीय महकमा अपने संस्थानों में अब सौर ऊर्जा का उपयोग करेगा। इसके लिए विभाग ने संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किए है।



जानकारी के अनुसार विभाग ने तय किया है कि जनजातीय कार्य विभाग के अधीन सभी छात्रावास, आश्रम शालाएं, कन्या शिक्षा परिसर, क्रीड़ा परिसर सहित अन्य विशिष्ट श्रेणी की संस्थानों में सोलर पॉवर सिस्टम लगाये जायेंगे। जिससे इन संस्थाओं में जहां बिजली की निर्बाध आपूर्ति एवं मासिक बिजली बिल में आएंगी,तो वहीं इन संस्थाओं के खर्चों में कमी आएगी। जानकारी के अनुसार जनजातीय कार्य विभाग द्वारा अधीनस्थ 2,378 संस्थाओं में सोलर पॉवर सिस्टम की स्थापना करने के लिये 156 करोड़ 88 लाख रूपये से अधिक का व्यय प्रस्ताव तैयार कर मंजूरी के लिये भेजा गया है। सोलर पॉवर सिस्टम लगने से इन सभी संस्थाओं में ई-कक्षाएं (स्मार्ट क्लासेस, स्मार्ट लैब) लगाने तथा नई तकनीकों से विद्यार्थियों को स्कूली परीक्षा सहित प्रतियोगी परीक्षाओं की स्मार्ट तैयारी से जोड़ने में भी सुविधा होगी। विभागीय कार्ययोजना को अनुमोदन मिलते ही इन सभी संस्थाओं में सोलर पॉवर सिस्टम लगाने की कार्यवाही शुरू की जायेगी। गौरतलब है कि सरकार छात्रावासों, आश्रम शालाओं एवं अन्य विशिष्ट श्रेणी की संस्थाओं के अध्ययनरत विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर है। इसके लिए सरकार के निर्देश पर विभाग द्वारा आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था के प्रयास किए जा रहे है। जनजातीय कार्य विभाग ने इन सभी विभागीय संस्थाओं में आंतरिक एवं बाहरी सुरक्षा की रेग्यूलर मॉनिटरिंग के लिये सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्णय लेकर प्रस्ताव तैयार किया है। विभाग के अधीन ऐसी कुल 2,810 संस्थायें हैं। इनमें से 1,305 संस्थाओं में पहले से ही सीसीटीवी कैमरे स्थापित हैं।

# झाबुआ में पकड़ी ड्रग्स पर भूरिया ने खड़े किए सवाल, बोले- पुलिस व सरकार को भनक क्यों नहीं

**जागरण प्रतिनिधि, भोपाल।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के बाद झाबुआ ड्रग्स कांड पर एक बार फिर से सियासत गरमा गई है। झाबुआ के विधायक एवं मप्र युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष विक्रांत भूरिया ने कहा है कि प्रदेश सरकार पूरी तरह कानून व्यवस्था ध्वस्त है। उन्होंने कहा है कि आखिर क्या कारण है कि प्रदेश में लगातार ड्रग्स जैसे मादक पदार्थों के अवैध कारोबार लगातार उजागर हो रहे हैं। भोपाल में 1800 करोड़ की ड्रग्स पकड़े जाने का मामला अभी ठंडा नहीं नहीं हुआ कि आज फिर झाबुआ के मेघनगर में 170 करोड़ का ड्रग्स का बड़ा करोबार गुजरात की पुलिस द्वारा पकड़ा गया है।

### प्रदेश को किस ओर मोड़ना चाहती है सरकार



भूरिया ने कहा कि अभी प्रदेश की राजधानी भोपाल में हाल ही में ड्रग्स का बड़ा जखीरा पकड़ा गया और अब झाबुआ के मेघनगर में 170 करोड़ की ड्रग्स पकड़ा जाना, आखिर इस प्रदेश को किस ओर मोड़ना चाहती है सरकार। सरकार न तो इस तरह की गतिविधियों को रोकने में कोई दिलचस्पी ले रही है और न ही उन्हें इस तरह के मादक पदार्थों का कारोबार करने वाले कारोबारियों की भनक लग पा रही है, जिससे प्रदेश बर्बादी की कगार पर पहुंचता जा रहा है।

### इसमें सरकार की मिलीभगत तो नहीं है?

भूरिया ने कहा कि मध्यप्रदेश की सरकार और पुलिस दोनों सो रही है। भोपाल में 1800 करोड़ रूपये की ड्रग्स और आज फिर झबुआ में 170 करोड़ की ड्रग्स पकड़ाई गई क्या इसमें सरकार की मिलीभगत तो नहीं है? उन्होंने कहा कि जहां एक ओर झाबुआ का आदिवासी युवा पहले से ही शराब की लत से परेषान था और अब ड्रग्स से युवा पीढ़ियां बर्बादी की कगार पर पहुंच रही है। क्या कारण है कि मप्र की पुलिस को ही भनक तक नहीं लगती? भूरिया ने कहा कि बड़ा दुर्भाग्य जनक है कि अन्य राच्यों की एजेंसियां, पुलिस विभाग मध्यप्रदेश में आकर इस तरह के ड्रग्स, मादक पदार्थों के कारोबार को पकड़ने के लिए कार्रवाई कर रही है, लेकिन क्या कारण है कि मप्र की पुलिस को ही इस तरह के कारोबार की भनक तक नहीं लगती? मप्र सरकार की लापरवाही या मिलीभगत का नतीजा है कि इस तरह कारोबार मप्र में फल-फूल रहे हैं।

**उपचुनाव** | प्रदेश चुनाव समिति की बैठक में हुई प्रत्याशियों के नामों पर चर्चा

# बुदनी में तीन नाम, विजयपुर में रावत का नाम फाइनल

**विशेष संवाददाता भोपाल।** मध्यप्रदेश की दो विधानसभाओं के उपचुनाव के लिए प्रदेश भाजपा ने अपने प्रत्याशियों के चयन की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी है। सोमवार को प्रदेश चुनाव समिति ने बुदनी विधानसभा क्षेत्र के लिए 3 नामों का पैनल तैयार किया है,जबकि विजयपुर के लिए पार्टी द्वारा इकलौता नाम मंत्री रामनिवास रावत का भेजा है। गौरतलब है कि सोमवार को भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में भाजपा चुनाव समिति बैठी,जिसमें दोनों विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उपचुनाव के लिए संभावित प्रत्याशियों के नामों को लेकर मंथन किया गया।

जानकारों की माने तो बुदनी के लिए तीन नामों का पैनल केन्द्रीय नेतृत्व के पास भेजा गया है। जिसमें पूर्व सांसद रमाकांत भार्गव, और पूर्व विधायक राजेन्द्र सिंह राजपूत का नाम बताया जा रहा है। हालांकि केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के पुत्र कार्तिकेय चौहान और रवीश सिंह चौहान का नाम भी चर्चा में है। बताया गया है कि चुनाव समिति की बैठक में सीहोर जिले के पूर्व अध्यक्ष रघुनाथ भाटी और वहां के मौजूदा जिलाध्यक्ष रवि मालवीय के नाम पर भी चर्चा की गई है।

### संगठन दोनों विधानसभा के लिए प्रत्याशियों के नामों का पैनल भेजेगा



से विधायक रहे शिवराज सिंह चौहान विदिशा से सांसद निर्वाचित होने के बाद केन्द्रीय मंत्री बनाए गए है। सांसद चुने जाने के बाद चौहान ने बुदनी विधानसभा क्षेत्र की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। जिससे यह सीट भी रिक्त है। ऐसा माना जा रहा है कि भारत निर्वाचन आयोग झारखण्ड और महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव के साथ इन दोनों सीटों के लिए उपचुनाव करा सकती है। आयोग कभी भी इन चुनावों की तारीखों का एलान कर सकती है। इस संबंध में प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि बैठक में आगामी समय में होने वाले विजयपुर और बुधनी विधानसभा उपचुनावों को लेकर चर्चा की गई है। बैठक में समिति के सदस्यों ने कई सुझाव दिए हैं। बैठक में आए इन सभी सुझावों को पैनल बनाकर पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व को भेज दिया जाएगा।

इसी तरह श्योपुर जिले की विजयपुर विधानसभा सीट के लिए एक नाम का पैनल भेजा गया। वन एवं पर्यावरण मंत्री रामनिवास रावत का लगभग लगभग तय माना जा रहा है। उल्लेखनीय है कि रावत ने कांग्रेस से नाता तोड़कर भाजपा का दामन थामा है। लोकसभा चुनाव के दौरान उनके द्वारा पार्टी की सदस्यता ग्रहण की गई थी। इसके बाद उन्हें जिस दिन कैबिनेट मंत्री के पद की शपथ दिलाई गई,उससे पहले उनके द्वारा विजयपुर विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दिया गया था,जिससे यह सीट रिक्त घोषित है। इधर बुदनी

### लोक कल्याण शिविर का आयोजन 16-18 अक्टूबर को

**भोपाल।** जन समस्याओं एवं शिकायतों के निराकरण के लिए ग्राम पंचायत, वार्ड स्तर पर लोक कल्याण शिविर 16 एवं 18 अक्टूबर 2024 को आयोजित जाएंगे जिसमें विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं के लाभ दिये जाने में आने वाली समस्याएं एवं जनशिकायतों का आयोजन स्थल पर निराकरण किया जाएगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, भोपाल ऋतुराज सिंह ने सभी जिला अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शिविर में स्वयं अथवा अपने अधीनस्थ कनिष्ठ अधिकारी को उपस्थिति के लिए निर्देशित कर शिविर में प्राप्त होने वाली शिकायते, प्रकरण को पंजीबद्ध कर निराकरण सम्बन्धी आवश्यक कार्यवाही की जाना सुनिश्चित करें। आयोजन 16 अक्टूबर को वार्ड क्र. 47 एवं वार्ड क्र. 55 ग्राम पंचायत, आदमपुर छावनी, ज.पं. फंदा, ग्राम पंचायत, दिल्लौद, ज.पं. बैरसिया एवं वार्ड क्र. 37 एवं वार्ड क्र. 01एवं 18 अक्टूबर को ग्राम पंचायत, महाबडिया, ज.पं. फंदा ग्राम पंचायत, नजीराबाद, ज.पं. बैरसिया में प्रातः 11 बजे से सायं 04 बजे तक लोक कल्याण शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

दैनिक जागरण
भोपाल, 15 अक्टूबर 2024

# राजधानी जागरण

•11• राज्य •31• संस्करण | मध्य प्रदेश • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से प्रकाशित



**राजधानी का तापमान/मौसम**
अधिकतम 31.5°c | न्यूनतम 25.8°c
बादल छाये रहेंगे और रिमझिम बरसात होने के आसार हैं।

# ई-शॉपिंग पोर्टल-ऐप को जांच-परख कर ही करें ऑनलाइन खरीदारी

## सावधान! त्योहारी सीजन शुरू होते ही साइबर ठग चर्चित कंपनियों, ब्रांड्स के नाम पर देने लगे लुभावने विज्ञापन

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** त्योहारी सीजन शुरू होते ही बड़ी कंपनियों और विभिन्न ब्रांड्स ने अपने सालाना ऑफर्स शुरू कर दिए हैं। खासकर, ई-शॉपिंग पोर्टल पर आपको ये लुभावने ऑफर बड़ी आसानी से दिख जाएंगें, लेकिन इसमें आपको सतर्क रहने की जरूरत है। वजह- साइबर ठग फर्जी वेबसाइट बनाकर खरीदारों के साथ ठगी की वारदात को अंजाम देने की फिराक में रहते हैं। ग्राहक थोड़ी सी सावधानी बरतकर धोखाधड़ी से बच सकते हैं।

### नकली पोर्टल को ऐसे पहचानें



- **कीमतों में भारी अंतर:** अक्सर इस तरह की वेबसाइट मंहगे सामान की कीमतों में भारी छूट देती हैं।
- **संपर्क जानकारी न होना:** नकली वेबसाइट पर कंपनी का पता या ग्राहक सेवा नहीं होता।
- **भुगतान का संदिग्ध तरीका:** नकली ई-शॉपिंग वेबसाइट पर ज्यादातर यूपीआई का विकल्प दिया जाता है। भुगतान करने के दौरान कंपनी का नहीं, किसी अन्य शख्स का नाम दिखाई देता है।

### जनवरी से अगस्त के बीच 3341 शिकायतें

भोपाल में साइबर ठगी की इस साल जनवरी से अगस्त के बीच 3341 शिकायतें मिलीं। पुलिस ने 28 अपराध कायम किए। 61 साइब क्रिमिनल को दबोचा। साइबर क्रिमिनल ने करीब 26 करोड़ 46 लाख रुपए ठगे।

### इन बातों को नजरअंदाज करना पड़ सकता है भारी

- कभी भी ऑनलाइन खरीदारी करते समय जल्दबाजी नहीं करें। वेबसाइट की सत्यता जांचने के लिए इसका यूआरएल लिंक और डोमेन नाम जरूर जांचें।
- किसी अनजान नाम से भेजे गए ई-मेल और वेबसाइट को खोलने से पहले उस पर लिखे गए टेक्स्ट की स्पेलिंग जरूर चेक करें। आमतौर पर फर्जी ई-मेल और साइट पर स्पेलिंग गलत लिखी होती है।
- वेबसाइट पर सामान, उसकी रेटिंग और ग्राहक सेवा नंबर यानी कस्टर केयर नंबर की जानकारी न हो तो कोई भी खरीदारी न करें।
- ऑनलाइन भुगतान करते समय मोबाइल या मेल पर मिले मैसेज और ओटीपी को ध्यान से पढ़ें। इन्हें संभाल कर रखें, जब तक सामान डिलीवर ना हो जाए।
- धोखाधड़ी होने की स्थिति में जितना जल्दी हो सके शिकायत दर्ज करवाएं। इससे शीघ्र कार्रवाई की संभावना बढ़ जाती है।
- किसी भी शॉपिंग ऐप को आधिकारिक ऐप स्टोर से ही डाउनलोड करें। किसी के भेजे गए लिंक से इसे डाउनलोड न करें।
- जिस ऐप से आपने शॉपिंग की है, उसी ऐप में जाकर दिए गए ई-मेल और ग्राहक सेवा नंबर पर ही शिकायत दर्ज कराएं। कसी अन्य सर्च इंजन पर कस्टमर केयर नंबर तलाशने की गलती न करें।



### विशेषज्ञ बोले- ठगी हुई है तो शिकायत करने में देरी नहीं करें

साइबर क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी शैलेन्द्र चौहान का कहना है कि ऑनलाइन ठगी हो गई है तो तुरंत शिकायत दर्ज कराएं। कई बार लोगों को यह समझ में ही नहीं आता है कि साइबर ठगी की शिकायत कहां दर्ज कराएं या फिर कई बार लोग थाना जाने से भी बचते हैं, मगर आप ऑनलाइन भी साइबर ठगी की शिकायत कर सकते हैं। इसके लिए एचटीटीपीएसः//डब्ल-3.साइबरक्राइम. जीओवी.इन साइट पर विजिट करें या फिर नेशनल हेल्पलाइन नंबर-1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

### वेबसाइट असली है इस तरह पता लगाएं

- सबसे पहले उसका डोमेन नेम चेक करें। यूआरएल में https हो, न कि खाली http। फिर साइट की स्पेलिंग भी देखें।
- डोमेन किसके नाम पर है, यह जांचने के लिए https//www.whois.com पर जाएं। सर्च बॉक्स से संबंधित वेबसाइट का यूआरएल लिंक दर्ज करें।
- ग्राहक अन्य वेबसाइट scamad-viser.com पर जाकर कंपनी की विश्वसनीयत रेटिंग भी जान सकते हैं। इससे यह पता चल जाएगा कि कंपनी खरीदारी करने के लिए कितनी सुरक्षित है।

# गुजरात का विजय झाबुआ में कलर बनाने की फैक्ट्री में बना रहा था ड्रग्स

## ड्रग्स सिंडीकेट | भोपाल में 1840 करोड़ कीमती ड्रग्स में पकड़े तीनों आरोपी जेल गए

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** झाबुआ के मेघनगर इंडस्ट्रियल एरिया में दाहोद, गुजरात का विजय राठौर सिंथेटिक ड्रग्स की फैक्ट्री चला रहा था। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने उसे कस्टडी में लिया है। प्रारंभिक पूछताछ में खुलासा हुआ कि विजय राठौर ने अक्टूबर 2011 में मेघनगर फार्माकेम प्राइवेट लिमिटेड कंपनी रजिस्टर्ड कराई थी। शुरुआत में फैक्ट्री में कलर( डाई) बनाने का काम होता था। इसके बाद आरोपी गुजरात के ड्रग्स सिंडीकेट से जुड़कर ड्रग्स बनाने लगा। उसके गोरखधंधे का सेंट्रल एजेंसियों को तब पता चला जब गुजराज के भरुच जिले कि अंकलेश्वर में अवकार ड्रग्स कंपनी से 5 हजार करोड़ की कीमत की कोकीन जब्त की गई। जांच एजेंसियों ने कंपनी के 3 निदेशकों समेत 5 लोगों को पकड़ा। जांच के दौरान पता चला है कि ये सभी मादक पदार्थ फार्मा सॉल्युशन सर्विस नामक कंपनी का है, जो कि गुजरात के अंकलेश्वर जीआईडीसी क्षेत्र की अवकार ड्रग्स लिमिटेड फैक्टरी से आया है। अवकार फैक्ट्री में जांच एजेंसी ने दबिश दी। खुलासा हुआ कि इस फैक्ट्री से बड़ी मात्रा में केमिकल झाबुआ भेजा जा रहा है। डीआरआई ने दबिश देकर फैक्ट्री से बड़ी मात्रा में ड्रग्स, केमिकल जब्त किया। बतादें, रविवार को डीआरआई ने झाबुआ में विजय की फैक्ट्री में दबिश दी थी। इस दौरान करीब डेढ़ सौ करोड़ रुपए कीमत का ड्रग्स बरामद हुआ था। इसके अलावा संदिग्ध केमिकल भी मिला था।


सान्याल बाने


अमित चतुर्वेदी


हरीश आंजना

### विजय की फैक्ट्री से गुजरात पहुंचती थी ड्रग्स

विजय से जांच एजेंसियां पूछताछ कर रही हैं। उसकी प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि आरोपी झाबुआ की फैक्ट्री में बनी ड्रग्स को सीधे गुजरात पहुंचाता था। इसके बाद ड्रग्स दिल्ली समेत अन्य राज्यों में सिंडीगेट के जरिए भेजी जाती थी। सिंडीकेट दिल्ली समेत मेट्रो सिटी में कन्सर्ट, रेव पार्टी में बड़ी मात्रा में ड्रग्स खपाता था। सिंडीकेट से जुड़े तस्कर देश के बाहर भी ड्रग्स की सप्लाई देते हैं।

### 26 अक्टूबर को फिर से आरोपियों को कोर्ट में पेश किया जाएगा

इधर, सोमवार को एनसीबी ने बगरौदा इंडस्ट्रियल एरिया में ड्रग्स फैक्ट्री चलाने के आरोप में गिरफ्तार नासिक निवासी सान्याल बाने उर्फ सन्नी, मंदसौर निवासी हरीश आंजना, भोपाल निवासी अमित चतुर्वेदी को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने तीनों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। उन्हें 26 अक्टूबर को फिर से कोर्ट में पेश किया जाएगा। एनसीबी ने उनसे ड्रग्स रैकेट के बारे में पूछताछ पूरी कर ली है। अन्य आरोपियों की तलाश में टीम जुटी हुई है। बतादें, 5 अक्टूबर को गुजरात एटीएस और एनसीबी ने बगरौदा में दबिश दी थी। करीब 1840 करोड़ रुपए का ड्रग्स जब्त किया था। मामले में फैक्ट्री चलाने वाले अमित चतुर्वेदी, सान्याल बाने को गिरफ्तार किया था। ड्रग्स की तस्करी करने वाले हरीश को मंदसौर से पकड़ा था।

### प्रेमसुख को नहीं किया डिस्चार्ज

एमपी में ड्रग्स रैकेट के मास्टर माइंड प्रेमसुख पाटीदार को अभी अस्पताल से डिस्चार्ज नहीं किया गया है। मंदसौर के अफजलपुर थाना प्रभारी समरथ सीनम ने बताया कि आरोपी प्रेमसुख पाटीदार की हालत अभी बयान देने के लायक नहीं है। इसलिए उसके बयान नहीं हो सके हैं। आर्म्स एक्ट में पुलिस ने उसके खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस मामले में उसकी गिरफ्तारी की जाएगी। उसने पिस्टल कहां से खरीदा इसके बारे में पुलिस उससे बयान लेगी।

### शोएब लाला भूमिगत

भोपाल में ड्रग्स रैकेट से जुड़े मूलतः राजस्थान का रहने वाला शोएब लाला भूमिगत हो गया है। एनसीबी की टीमें उसकी तलाश में अलग-अलग राज्यों में दबिश दी हैं, लेकिन अब तक उसका सुराग नहीं लग सका है। उसके करीबी मुन्ना पठान की भी एजेंसियां तलाश में जुटी हैं।

### आरोपी हरीश आंजना ने लिया था प्रेमसुख का नाम

ड्रग्स फैक्ट्री मामले में पुलिस ने मंदसौर के माल्या खेरखेड़ा निवासी हरीश आंजना को गिरफ्तार कर चुकी है। पूछताछ में आरोपी हरीश आंजना ने बताया था कि उसने हथुनिया निवासी प्रेमसुख पाटीदार से भी एमडी ड्रग की खरीदी फरोख्त की थी। इसके बाद से ही पुलिस प्रेमसुख पाटीदार की तलाश कर रही थीं। इसके लिए पुलिस की कई टीमें अलग-अलग जगह छापामारी कर रही थीं।

# कॉलेज बस की टक्कर से अध्यापक की मौत

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित सेंट जॉर्ज स्कूल के सामने निजी कॉलेज की बस ने मोपेड सवार अध्यापक को टक्कर मार दी। हादसा गत 9 अक्टूबर की सुबह स्कूल जाते समय हुआ। हादसे के बाद उन्हें मिसरोद स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहां रविवार शाम उनकी मौत हो गई। इधर, अशोका गार्डन स्थित अस्सी फीट रोड पर मजार के पास डिवाइडर से बाइक टकराने से घायल युवक की मौत हो गई। इस हादसे में गंभीर रूप से घायल उसके दो दोस्तों का इलाज चल रहा है।


प्रदीप पांडे, मृतक

निशातपुरा पुलिस ने बताया कि प्रदीप पांडे पिता कैलाश पति पांडे (45) गणपति एबरॉड, एयरोसिटी रोड गांधी नगर में रहते थे और सरदार पटेल स्कूल में अध्यापक थे। गत 9 अक्टूबर की सुबह वह मोपेड से स्कूल जा रहे थे, तभी सेंट जॉर्ज स्कूल के सामने उनकी मोपेड को निजी कॉलेज की बस ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद उन्हें मिसरोद स्थित निजी स्कूल में भर्ती कराया गया, वहां इलाज के दौरान रविवार शाम उनकी मौत हो गई।

### बाइक डिवाइडर से टकराई

अशोका गार्डन पुलिस ने बताया कि पुष्पा नगर ऐशबाग निवासी 20 साल का हिमांशू धाकड़ कॉलेज में पढ़ता था। गत 9 अक्टूबर की देर रात वह अपने दो साथियों के साथ बाइक से घर जा रहा था, तभी अस्सी फीट रोड पर मजार के पास उसकी बाइक डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में उसे और दो अन्य दोस्तों को गंभीर चोट थी। सभी अस्पताल में इलाज चल रहा था। रविवार रात करीब दस बजे इलाज के दौरान हिमांशू की मौत हो गई।

## कोर्ट ने पुलिस को दिया एफआईआर का आदेश

# रेप का केस दर्ज कराने वाली महिला पर ब्लैकमेल का केस

क्राइम रिपोर्टर, भोपाल। युवक पर रेप का केस दर्ज कराने वाली महिला के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर सूखीसेवनिया पुलिस ने ब्लैकमेल, धमकी समेत अन्य धारा में मामला दर्ज किया है। रेप में आरोपी रहे युवक ने दावा किया कि युवती उसे रेप के केस में फंसाने की धमकी देकर 5.35 लाख रुपए ऐंठ चुकी है। पांच लाख रुपए के अड़ीबाजी कर रही थी। पैसा नहीं देने पर उसने छोला मंदिर में उसके खिलाफ रेप का केस दर्ज करा दिया। युवक ने बताया कि जिस दिन की महिला घटना बता रही वह उस समय तेलंगाना में अपने गांव में था।

सूखी सेवनिया पुलिस के मुताबिक, 27 वर्षीय युवक मूलतः तेलंगाना का रहने वाला है। भोपाल की सूखी सेवनिया स्थित कॉलोनी में रहकर प्राइवेट जॉब करता है। उसके साथ काम करने वाली 32 वर्षीय महिला ने छोला थाने में शिकायत दर्ज कराई कि 20 अक्टूबर 2020 को वह अपने साथ काम करने वाले गुप्ताजी के बेटे के रिसेप्शन में गई थी। जहां, से तेलंगाना निवासी युवक उसे अपने रूम पर ले गया। उसके साथ गलत काम किया। छोला पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जमानत के बाद युवक रिहा हुआ। उसके वकील यावर खान ने उसकी तरफ से परिवाद दायर किया। इसमें दावा किया गया कि 16 अक्टूबर 2020 से 26 अक्टूबर 2020 के बीच अपने गांव वारंगल, तेलंगाना में था। 26 अक्टूबर 2020 को वह वापस भोपाल आया। कोर्ट को उसने ट्रेन के रिजर्वेशन के टिकट, तेलंगाना में रहने के दौरान मोबाइल की कॉल लोकेशन सौंपे। कोर्ट युवक के साक्ष्यों पर सहमत होते हुए सूखीसेवनिया पुलिस को युवती के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आगे की जांच का आदेश दिया।

### दोनों करीबी दोस्त

युवक और महिला की करीबी दोस्ती थी। दोनों की आपस में शादी की बात भी चल रही थी। इस बीच युवक को पता चला कि महिला पहले से शादी-शुदा है। उसके एक बच्चा भी है। ऐसे में उसने शादी से इंकार कर दिया। साथ ही दोस्ती भी खत्म कर ली।

### 5 लाख की मांग

युवक ने कोर्ट को बताया कि महिला के पास उसके पर्सनल फोटो थे। जिन्हें वायरल करने की भी धमकी देकर पैसे ठगे। इसके बाद 5 लाख रुपए की मांग करने लगी। वॉट्सऐप पर उसे धमकी देती थी। सूखी सेवनिया पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

### इनका कहना...

महिला के खिलाफ कोर्ट ने एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया। युवक ने तमाम ऐसे साक्ष्य कोर्ट के समक्ष रखे जिससे कि साबित हो रहा कि महिला ने उसके खिलाफ साजिश के तहत झूठा रेप का केस दर्ज कराया है।
**- यावर खान**, युवक के वकील

## संक्षिप्त खबरें

### पुजारी के सूने मकान से सोने के जेवर-नकदी चोरी

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** शाहजहांनाबाद इलाके में रहने वाले पुजारी के सूने मकान में घुसकर बदमाश सोने के जेवर, नकदी चोरी कर ले गए। घटना के समय पुजारी रत्नागिरी में पूजा कराने गया हुआ था। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, मूलतः ग्राम कररिया, रीवा निवासी 21 वर्षीय गौरव मिश्रा पुजारी हैं। वर्तमान में नेवरी मंदिर परिसर थाना शाहजहांनाबाद में रहते हैं। उनके साथ रूम पार्टनर आशुतोष पाण्डेय भी रहते हैं। गौरव ने पुलिस को बताया कि मेरे बड़े भाई हिमाशु मिश्रा कुबेश्वर धाम सीहोर में पडिंताई का काम करते हैं। 3 अक्टूबर को गौरव कुबेश्वर धाम गए हुए थे। वापस भोपाल आने पर नेवरी मंदिर में अपने कमरे की अलमारी में पैसा रख दिया था। कैश के साथ दो सोने के ब्रेसलेट, दो अंगूठी रखी हुई थीं। जो हिमांशु की थी। 11 अक्बूटबर की सुबह मैं पूजा पाठ करने चला गया। रात 9 बजे मेरे दोस्त आशुतोष का फोन आया कि घर का दरवाजा अन्दर से बन्द है। पीछे का दरवाजा खुला हुआ है। लाइट जलाकर देखा तो कमरे का सामान बिखरा पड़ा हुआ था। जल्द ही घर आया। अलमारी चेक किया तो उसमें रखे दो ब्रेसलेट, दो अंगूठी नहीं थी।

### तड़ीपार पूर्व पार्षद गिरफ्तार

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** बैरसिया पुलिस ने जिला बदर के आदेश के उल्लंघन करने पर पूर्व पार्षद शोएब कुरैशी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है। बैरसिया थाना प्रभारी अरुण शर्मा ने बताया कि पूर्व पार्षद को जिला बदर किया गया था। हालही में पता चला कि वह इलाके में ही घूम रहा है। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। जिला बदर के आदेश के बाद भोपाल की सीमा छोड़कर नहीं गया था। बैरसिया में छिपा था।

## प्रतिमाओं के अवशेष व पूजा सामग्री से पटा प्रेमपुरा घाट



विसर्जन घाटों पर मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन सोमवार को भी जारी रहा। विसर्जन के लिए नगर निगम ने 7 घाटों पर क्रेन और मशीनों की व्यवस्था की है। वहीं प्रतिमाओं से निकलने वाली लकड़ी, बांस और अन्य सामग्री को तालाब से निकालने के लिए अमले को तैनात किया है। इस सामग्री को रिसाइकल कर ट्रीगार्ड, जूट की रस्सी जैसे प्रोडक्ट बनाए जाएंगे।

# खेलते-खेलते छत की रेलिंग के बीच से नीचे गिरी तीन साल की मासूम, मौत

## निशातपुरा के जनता नगर में दर्दनाक हादसा

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** निशातपुरा स्थित जनता नगर फेस थ्री में रविवार दोपहर खेलते-खेलते रेलिंग तक पहुंची बच्ची तीन साल की बच्ची रेलिंग के बीच से नीचे गिर गई। इस हादसे में उसे सिर में गंभीर चोट आई थी। परिजन उसे एम्स लेकर पहुंचे, वहां रात करीब आठ बजे बच्ची की इलाज के दौरान मौत हो गई। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पीएम कराना चाहा, लेकिन परिजन ने शपथ पत्र देकर पीएम न कराने की गुजारिश की। पुलिस ने शव परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार जनता नगर फेस थ्री निवासी फहीमउद्दीन प्राइवेट काम करते हैं। 13 अक्टूबर रविवार दोपहर करीब 2 बजे उनकी तीन साल की बेटी हेरा अपने घर की छत पर खेल रही थी। अन्य परिजन भी छत पर मौजूद थे। इस बीच मासूम हेरा खेलते-खेलते छत की रेलिंग तक पहुंच गई। परिवार की नजर हेरा पर नहीं पड़ी। इस बीच छत पर लगी लोहे की रेलिंग के बीच के गेप से बच्ची छत से नीचे सड़क पर आ गिरी। बच्ची के नीचे गिरते ही चीख-पुकार मच गई। बच्ची के सिर में गंभीर चोट आई थी। परिजन उसे नजदीक के निजी अस्पताल लेकर गए। वहां से एम्स ले जाने की सलाह दी गई। परिजन उसे एम्स लेकर पहुंचे, वहां रात करीब 8 बजे हेरा की मौत हो गई।

## दौरा | अचानक बालाघाट के हॉकफोर्स कैंप पहुंचे डीजीपी, प्रदेश से नक्सलवाद को समूल नष्ट करने की बनी रणनीति

# डीजीपी से संतरी बोला-थम...कौन है? कोडवर्ड बताने पर मिली एंट्री

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** प्रदेश से नक्सल समस्या को समूल नष्ट करने की रणनीति को धार देने डीजीपी सुधीर कुमार सक्सेना ने नक्सल प्रभावित बालाघाट जिले का दो दिवसीय दौरा किया। बालाघाट हॉकफोर्स कैम्प पितकोना, डाबरी, सोनगुड्डा, डोरा, सीआरपीएफ के कैम्प बिठली का औचक भ्रमण किया। जब डीजीपी हॉक कैम्प पर पहुंचे, वहां संतरी द्वारा सुरक्षा प्रोटोकाल के तहत उनसे परिचय पूछा। संतरी बोला-थम...कौन है? इसके बाद उनसे कोडवर्ड बताने को कहा। जब तक डीजीपी ने कोडवर्ड नहीं बताया तब तक कैम्प में उनका प्रवेश नहीं हुआ। करीब 3 मिनट डीजीपी संतरी की परीक्षा लेते रहे। इसके बाद वह कैंप में पहुंचे। पदस्थ जवानों को केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के निर्देशों से अवगत कराया। जवानों को बताया कि आपकी समस्याओ के निराकरण के लिए मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव सदैव तत्पर रहते हैं।



### एमपी में 5 साल में 20 नक्सली ढेर

12 अक्टूबर की रात को डीजीपी भोपाल से गोंदिया पहुंचे। करीब डेढ़ घंटे चलकर मुरकुटडोह ज्वाइंट टॉस्क फोर्स कैम्प का भ्रमण किया। ऑपरेशनल कारणों से इस दौरे को पूर्णतः गोपनीय रखा गया। मध्यप्रदेश-महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ के ट्रायजंक्शन सीमा क्षेत्र में स्थापित मुरकुटडोह सुरक्षा कैम्प महाराष्ट्र के गोंदिया जिले में है। इस कैंप में महाराष्ट्र पुलिस की सी-60 फोर्स, छत्तीसगढ़ की डीआरजी फोर्स एवं मध्यप्रदेश की हॉक फोर्स तैनात है।

### सर्चिंग एरिया नक्सल मूवमेंट की ली जानकारी

डीजीपी ने जवानों से सर्चिंग एरिया, एरिया डॉमिनेशन, इंट बेस्ड ऑपरेशन की समीक्षा कर नक्सल मूवमेंट के चिन्हित क्षेत्रों में अभियानों में तेज गति लाने के निर्देश दिए। इस दौरान उनके द्वारा कैम्पों में स्थित बैरकों का निरिक्षण कर आवश्यक साफ- सफाई रखने के लिए भी कहा। जवानों से चर्चा के दौरान उनकी समस्याओं को पूछकर निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।

### रात में कैंप में जवानों के साथ रहे

डीजीपी सुधीर सक्सेना रात को हॉक कैम्प डोरा पहुंचे। उन्होने जवानों के साथ भोजन कर बैरक में रात्रि विश्राम किया। इस दौरान उन्होंने जवानों के साथ अनौपचारिक चर्चा की। नक्सल समस्या को खत्म करने के लिए उनके सुझाव लिए। हॉकफोर्स कैम्प में रात्रि के समय की जाने वाली सुरक्षा ड्रिल में भी डीजीपी शामिल रहे। डीजीपी ने स्थानीय निवासियों के जरिए नक्सलियों को आत्मसमर्पण के लिए प्रोत्साहित किये जाने के भी निर्देश दिए हैं। अधिकारियों के साथ ली संयुक्त बैठक पुलिस महानिदेशक ने डीजी सीआरपीएफ के साथ नक्सल समस्या के खात्मे व आगे की रणनीति तैयार करने के लिए बैठक की। बैठक में आईबी, सीआरपीएफ के वरिष्ठ अधिकारी, आईजी बालाघाट, नक्सल विरोधी अभियान के अधिकारी मौजूद रहे बैठक में पुलिस अधीक्षक गोंदिया (महाराष्ट्र), कबीरधाम (छत्तीसगढ़) खैरागढ़ (छत्तीसगढ़) भी मौजूद रहे।

# छात्र ने बेडशीट का फंदा बनाकर दी जान

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** कमला नगर थाना क्षेत्र स्थित कोटरा सुल्तानाबाद में रविवार शाम निजी कॉलेज के छात्र फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रिश्तेदारी से घर लौटे परिजन उसकी लाश बेडशीट के सहारे सिलिंग फैन पर लटकी देख पुलिस को सूचना दी। पुलिस के मुताबिक, धीरज साहू पिता सतेंद्र साहू (22) कोटरा, सुल्तानाबाद, कमला नगर इलाके में रहता था। वह गोविंदपुरा स्थित निजी कॉलेज से पढ़ाई कर रहा था। उसके पिता ने पुलिस को बताया कि धीरज उनका इकलौता बेटा था। रविवार दोपहर परिवार रिश्तेदारी में गंगापूजन में गया था। वहां से धीरज जल्दी घर लौट आया। रात करीब करीब 8 बजे परिजन घर पहुंचे तो धीरज के कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। परिजन ने खिड़की से झांककर देखा तो धीरज फांसी के फंदे पर लटका नजर आया।

दैनिक जागरण
सप्तरंग
www.djmp.in/epaper
मनोरंजन की दुनिया का
भोपाल 15 अक्टूबर 2024

# 700 डांसर्स के साथ शूट किया गया फिल्म छावा का गाना



जब बात बड़े पर्दे पर गुजरे दौर के राजा महाराजाओं की कहानी दिखाने की हो, तो फिल्मकारों की कोशिश उन्हें उस दौर की प्रामाणिकता के साथ भव्यता से दिखाने की होती है। बाजीराव मस्तानी और पद्मावत जैसी फिल्मों में सिनेप्रेमी वो भव्यता देख चुके हैं। फिल्म मिमी के निर्देशक लक्ष्मण उतेकर अभिनेता विक्की कौशल के साथ पहली बार किसी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर आधारित फिल्म छावा बना रहे हैं। यह फिल्म मराठा सम्राट छत्रपति शिवाजी महाराज के बेटे छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित है। अपनी पहली ऐतिहासिक पृष्ठभूमि वाली फिल्म के लिए लक्ष्मण भी उस दौर की भव्यता को दिखाने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ना चाहते हैं। इसलिए उन्होंने इस फिल्म का एक गाना करीब 700 डांसर्स के साथ फिल्माया है। फिल्म से जुड़े सूत्रों के

अनुसार, इस गाने को फिल्म में संभाजी महाराज के राजतिलक के मौके पर डाला जाएगा। उनका राजतिलक वर्ष 1681 में हुआ था । लक्ष्मण ने विक्की और संभाजी महाराज की पत्नी येसूबाई की भूमिका निभा रही अभिनेत्री रश्मिका मंदाना तथा 700 बैकग्राउंड डांसर्स के साथ मई महीने में यह गाना शूट किया था। इस गाने के लिए मुंबई की फिल्म सिटी में रायगढ़ किले का भव्य सेट स्थापित किया गया था। गाने का दृश्य कुछ ऐसा है कि संभाजी महाराज का राजतिलक होता है और राज्य की सारी जनता उसका जश्न मनाती है। इस गाने को विजय गांगुली ने कोरियोग्राफ किया है और ए आर रहमान ने इसे संगीतबद्ध किया है। गाने में सत्रहवीं सदी के दौर का आभास हो, इसलिए एक आर रहमान ने इसके संगीत में उस दौर में प्रचलित ढोलकी, तुनतुना और संबल जैसे वाद्य यंत्रों का प्रयोग किया है।

## पांच घंटे की फिल्म बन गई थी देवरा : जूनियर एनटीआर



दक्षिण भारतीय सिनेमा में दो हिस्सों में फिल्म बनाना कोई नया ट्रेंड नहीं है। बाहुबली, केजीएफ, पोन्नियन सेल्वन समेत कई फिल्में दो हिस्सों में बन चुकी हैं। हालांकि केवल इस ट्रेंड को फालो करने के लिए जूनियर एनटीआर ने अपनी फिल्म देवरा को दो हिस्सों में नहीं बनाया है। इसका सही कारण बताते हुए वह कहते हैं, फिल्म के निर्देशक कोरताला शिवा और मैं पिछले 17-18 वर्षों से दोस्त हैं। हमारा सफर फिल्म बृदांवनम से शुरू हुआ था। वह उस फिल्म के लेखक थे। शिवा कई सुपरहिट फिल्मों के लेखक रह चुके हैं। मुझे पता था कि उनमें निर्देशक बनने की क्षमता है। एक दिन उन्होंने प्रभास के साथ मिर्ची फिल्म शुरू की। वह सुपरहिट हुई। उनकी फिल्मों की खास बात यह है कि वह समाज को कहानियों के जरिये कुछ देना चाहते हैं। मुख्यधारा वाले सिनेमा में हीरो कमजोरों को हिम्मत देता है। देवरा में ऐसा नहीं है। इसमें हीरो एक पावरफुल जगह से आता है और कहता है कि ज्यादा हिम्मत दिखाना भी ठीक नहीं है। थोड़ा डर होना चाहिए। मुझे यह आइडिया पसंद आया। मुझे लगा कि आरआरआर के बाद मेरी फिल्मों को लेकर दर्शकों में जो उत्सुकता थी, वह इसी से पूरी होगी। पहले इसे दो पार्ट बनाने के बारे में नहीं सोचा था लेकिन फिल्म में इतने किरदार हैं, तो मैंने शिवा से कहा कि लिखते जाओ। हम शूट करते गए। फिर हमारे एडिटर ने कहा कि अब तक पांच घंटे की फिल्म शूट हो चुकी है। हमें अहसास ही नहीं हुआ। फिर लगा नहीं रुकना चाहिए कि कहां कैसे फिल्म को कट कर सकते हैं। फिर तय किया कि इसे दो हिस्सों में बनाते हैं।

## हाउसफुल 5 में अभिषेक और जैक्लिन की वापसी




उसफुल फ्रेंचाइजी की पांचवीं शूटिंग लंदन में शुरू हो चुकी है। इस फ्रेंचाइजी के दो स्थाई चेहरों अभिनेता अक्षय कुमार और रितेश देशमुख के साथ फ्रेंचाइजी की अलग-अलग फिल्मों का हिस्सा रह चुके अभिनेता अभिषेक बच्चन और अभिनेत्री जैक्लिन फर्नांडिज की भी वापसी हुई है। वहीं अभिनेता डीनो मारिया की इस फ्रेंचाइजी में नई एंट्री हुई है। इस बार फिल्म की कहानी कुछ यूं है कि फिल्म के ज्यादातर हिस्से ब्रिटेन में एक क्रूज पर शूट किए जा रहे हैं। ऐसे में शूटिंग के बीच से डीनो, अक्षय, जैक्लिन, रितेश और अभिषेक ने समय निकाला और फिर कर लिया फोटोशूट। इस तस्वीर को अक्षय ने इंस्टाग्राम पर साझा किया और लिखा, इस अद्भुत कास्ट के साथ एक और दिन।

कलाकारों से हाउसफुल, एक क्रूज और बताने के लिए अनंत कहानियां। लगातार असफल होती फिल्मों के बीच अक्षय को हाउसफुल और वेलकम फ्रेंचाइजी की अगली फिल्मों से जोरदार वापसी की उम्मीदें हैं।

**चर्चा में**

# ये कौन चित्रकार है...

**हमारे देश की सांस्कृतिक और प्राकृतिक विविधता की वजह फिल्मकारों के लिए भी विकल्प बढ़ जाते हैं। जब पर्दे पर खूबसूरत दृश्य आते हैं तो उनके बारे में जानने की उत्सुकता दर्शकों में भी बढ़ती है। चंदेरी का ऐतिहासिक दरवाजा हो, राजस्थान में बिखरी ऐतिहासिक व सांस्कृतिक धरोहरें या बेताब घाटी, पहाड़ों की सुंदरता..... सिनेमा ने उन्हें पर्दे पर कुछ इस तरह दर्शाया कि दर्शको में भी उत्सुकता जाग उठी। दीपेश पांडेय का आलेख...**







स्त्री में विकी बने राजकुमार राव को फिर मिलने का वादा करके श्रद्धा कपूर का पात्र विदा लेता है, पर दर्शकों की जिज्ञासा शांत नहीं हुई कि जिस प्रेतात्मा स्त्री से लोग भय खाते थे, वह वास्तव में कौन है? इसके साथ ही पृष्ठभूमि में दिख रहा ऐतिहासिक चंदेरी दरवाजा भी उत्सुकता जगा गया। स्त्री 2 की सफलता के साथ ही मध्यप्रदेश स्थित चंदेरी पुनः चर्चा में है। कई बार फिल्मकार शूटिंग के लिए जिस लोकेशन का चयन करते हैं, वे दर्शकों के जेहन में छाप छोड़ जाती हैं। फिर चाहे वह कश्मीर की कली फिल्म के गाने, ये चांद सा रोशन चेहरा... में कश्मीरी लिबास में शर्माती - मुस्कुराती शर्मिला टैगोर और झील, पहाड़ों के दृश्य हों या वी शांताराम की फिल्म बूंद जो बन गए मोती में हरी हरी वसुंधरा पर नीला नीला ये गगन... गाते जितेंद्र का पात्र। फिल्म थ्री इडियट्स का वह दृश्य भी यादगार है, जिसमें लद्दाख की पैंगोंग झील के किनारे दुल्हन के परिधान में करीना कपूर स्कूटर चलाती हुई आती हैं।

**सिनेमा से बढ़ती उत्सुकता :** फिल्म बाबी में सोनमर्ग, गुलमर्ग व श्रीनगर के सौंदर्य से लेकर बेताब, हिना और जब तक है जान में कश्मीर के मोहक दृश्य दिखे, वहीं चेन्नई एक्सप्रेस में दक्षिण भारत, ये जवानी है दीवानी, गोलियों की रासलीला राम लीला में राजस्थान, दिल चाहता है में गोवा के मोहक दृश्य दिल जीत लेते हैं। जब वी मेट, हाइवे, हैदर और राकस्टार समेत ऐसी कई फिल्में हैं, जिनमें फिल्मकारों ने देश के स्थलों को खूबसूरती से दिखाया, जिससे वहां के पर्यटन को काफी बढ़ावा मिला। मध्यप्रदेश में शूटिंग कर चुके फिल्म ओएमजी 2 के निर्देशक अमित राय कहते हैं, 'सिनेमा के पर्दे पर जब कोई खूबसूरत जगह दिखाई जाती है तो दर्शकों के मन में भी भाव आता है कि अरे वाह, यह तो बहुत सुंदर लग रहा है। स्विट्जरलैंड में यश चोपड़ा की मूर्ति यूं ही नहीं लगाई गई है। उनके कारण वहां के पर्यटन को बढ़ावा मिला। उन्होंने सिलसिला में स्विट्जरलैंड को जिस तरह से दिखाया था, उसके बाद बड़ी संख्या में लोगों ने वहां जाना शुरू कर दिया। फिल्म स्त्री में चंदेरी को दिखाया गया था तो लोगों के मन में वहां के किले के बारे में उत्सुकता पैदा हुई।'

**फिल्मों से चर्चित हुए स्थल :** शूटिंग के कारण कई जगहें फिल्मों के नाम से प्रसिद्ध हो जाती हैं। गदर और तहलका फिल्मों के निर्देशक अनिल शर्मा बताते हैं, 'गदर 2' को हमने लखनऊ में शूट किया था। वहां पर कई ऐसी जगहें हैं जो देश विभाजन का दौर दर्शाने के लिए सबसे उपयुक्त हैं। मैंने कश्मीर में फरिश्ते, तहलका, ऐलान-ए-जंग फिल्मों की शूटिंग की थी। तहलका की शूटिंग के दौरान श्रीनगर में कई किलोमीटर पहाड़ों का सफर करने के बाद हमें मनचाही लोकेशन मिली। हमने जहां शूटिंग की वह तहलका वैली बन गई। हमने सोनमर्ग में ऐलान-ए-जंग फिल्म की शूटिंग की थी । स्थानीय लोग पर्यटकों को उसके बारे मैं बताना नहीं भूलते।'

**संस्कृति और प्रकृति का वैभव :** हमारे देश की सांस्कृतिक और प्राकृतिक विविधता की वजह फिल्मकारों के लिए भी विकल्प बढ़ जाते हैं। जब पर्दे पर खूबसूरत दृश्य आते हैं तो उनके बारे में जानने की उत्सुकता दर्शकों में भी बढ़ती है। ब्लफमास्टर और दम मारो दम फिल्मों के निर्देशक रोहन सिप्पी कहते हैं, 'हमारे देश में सांस्कृतिक और प्राकृतिक खूबसूरती इतनी अधिक है कि यह पूरी दुनिया का पर्यटन केंद्र बन सकता है। अभी हमारे यहां ऐसी बहुत सारी जगहें हैं, जिन्हें लोगों ने कम देखा है। बहुत से फिल्मकार स्विट्जरलैंड और अमेरिका में शूटिंग करना पसंद करते हैं, पर हमने तय किया कि मुंबई इतना खूबसूरत है, हम ब्लफमास्टर में उसी की खूबसूरती दिखाएंगे। हमने गोवा के जिन स्थानों पर फिल्म दम मारो दम की शूटिंग की थी, वहां पर्यटक बड़ी संख्या में जाते हैं।'

**सरकारें भी सजग :** सिनेमा से पर्यटन को बढ़ावा मिलता है। यही वजह है कि कई राज्य फिल्मकारों को शूटिंग की अनुमति के लिए सिंगल विंडो सिस्टम की सलियत व सिटी दे रहे हैं। अमित राय कहते हैं, 'पर्यटन बढ़ाने के लिए अपने यहां फिल्मकारों को आमंत्रित करने की शुरुआत तो उत्तर प्रदेश ने की थी। उसके बाद बहुत से फिल्मकारों ने उत्तर प्रदेश में शूट करना शुरू किया। वहां पर सब्सिडी भी मिलती थी, साथ ही कई ऐसी जगहें भी मिल जाती थीं, जो सिनेमा के पर्दे पर पहले नहीं दिखीं। अब तो झारखंड, बिहार, हरियाणा, महाराष्ट्र और हिमाचल प्रदेश समेत कई दूसरे राज्यों ने भी शूटिंग के लिए सुविधाएं देनी शुरू कर दी हैं।'

### मीलों पैदल चलने पर मिली बेताब घाटी

निर्देशक राहुल खेल बताते है कि अपनी फिल्म लव स्टोरी का गाना देखो मैंने देखा है एक सपना फूलों के शहर में हो घर अपना ... की शूटिंग पहलगाम में की थी। बेताब की बारी आई तो मैंने कश्मीर को ही चुना। हालांकि मन की लोकेशन तलाशने मे अपने कैमरामेन के साथ कई मील पैदल चलना पड़ा था। पहलगाम से करीब 15 किमी दूर हजन घाटी पर अचानक नजरें ठहर गई तय कर लिया कि सनी देओल और अमृता सिंह के साथ बेताब की शूटिंग यहीं होगी। वहां तक गाड़ी से जाने का रास्ता नहीं था। स्थानीय कांट्रेक्टर ने सेट तैयार किया, जिसके लिए ऊपर ट्रक से फेंक कर नीचे गिराए जाते थे इस तरह सनी के फार्महाउस का सेट तैयार हुआ। घाटी तक पहुंचने के लिए पगडंडी बनाई। फिल्म की यूनिट उसी पर चलकर नीचे घाटी में पहुंचती थी। फिल्म सुपरहिट हुई और वह स्थल बेतालघाटी के नाम से चर्चित हो गया।

# ..इसलिए रातरानी पड़ गया है अंजलि का नाम

**दिल से**



यूं तो रात सोने के लिए बनी है, लेकिन बात करें अगर राकी और रानी की प्रेम कहानी फिल्म की अभिनेत्री अंजलि आनंद की, तो उन्हें रात में घूमना बहुत पसंद है। अंजलि आगामी दिनों में रात जवान है वेब सीरीज में नजर आएंगी। इसमें वह एक ऐसी मां की भूमिका में हैं, जिनके बच्चे छोटे हैं, वह खुद की जिंदगी जीना भूल गई है। उनकी रातें बच्चे को सुलाने में बीत रही है। वास्तविक जीवन अंजलि की शादी नहीं हुई है। ऐसे उनकी रातों में फिलहाल शांति है।


अंजलि कहती हैं कि मैं रात में जागना पसंद करती हूं। मुझे लगता है कि आप वह चीजें जो दिन में नहीं कर पाते हैं, वह रात में आराम से कर सकते हैं। मेरी मां तो मुझे रातरानी बुलाती हैं कि पूरे दिन घर पर बैठी रहती हो, लेकिन जैसे ही रात होती है, इसे बाहर निकलना होता है। मुझे लगता है कि रात में शांति होती है। मुंबई मेरा शहर है, मैं कई बार बाहर निकल जाती हूं। बाहर शांति होती है। मेरी रातें घूमने से जवान रहती हैं। रात जवान है शो 11 अक्टूबर से सोनी लिव पर शुरू होगा।

## सौभाग्य से मेरे पेशे में कोई आयु सीमा नहीं है



अभिनेता अनुपम खेर ने हाल ही में इंस्टाग्राम, एक्स और लिंक्डइन पर अपना बायोडाटा पोस्ट करके सबका ध्यान खींचा। इसके साथ उन्होंने लिखा कि हर पांच साल बाद मैं अपना बायोडाटा अपडेट करता हूं। सौभाग्य से, मेरे पेशे में कोई आयु सीमा नहीं है। अपने परिचय में उन्होंने लिखा, अगर जिंदगी एक फिल्म है, तो मुझे एक ब्लाकबस्टर फिल्म मिली है। शिमला के एक छोटे से शहर से लेकर अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों में रेड कार्पेट की शोभा बढ़ाने तक के अपने सफर में 500 से ज्यादा फिल्में की।% उन्होंने बताया उनका करियर प्रतिकूल परिस्थितियों से जूझने, जुनून और इस अटल विश्वास का सबूत है कि असफलता सिर्फ एक घटना है, कोई इंसान नहीं। अपने अनुभवों के तहत उन्होंने शुरुआती सफर के बारे में बताया कि जेब में सिर्फ 37 रुपये और ढेर सारे सपने लेकर आया था। धैर्य और दृढ़ता की कला सीखते हुए छोटी-छोटी भूमिकाएं निभाईं। अनुपम ने अपनी पहली फिल्म सारांश के बारे में भी बताया, जिसने न केवल उनके करियर की शुरुआत की, बल्कि उनके जीवन दर्शन को भी आकार दिया।

## नवंबर से काम पर वापसी करेंगे रणवीर



पेशेवर जिम्मेदारियों और प्रतिबद्धताओं के साथ व्यक्तिगत जिंदगी की जिम्मेदारियों को भी सही तरीके से निभाना जरूरी होता है। 83 फिल्म के अभिनेता रणवीर सिंह इस बात को अच्छी तरह से समझते हैं। इसीलिए उन्होंने पत्नी व अभिनेत्री दीपिका पादुकोण के प्रसव से पहले ही छुट्टी ले ली थी। दीपिका ने हाल ही में एक बेटी को जन्म दिया है। ऐसे में पिछले कुछ दिनों से रणवीर अपने सभी काम रोककर सिर्फ पत्नी और बेटी का ध्यान रख रहे हैं। हालांकि, काम भी जरूरी है, इसलिए आगामी दिनों में त्योहारों का मौसम देखते हुए उन्होंने आगे का शेड्यूल भी तय कर लिया है। वह नवंबर में दोबारा काम पर लौटेंगे। छुट्टी पर जाने से पहले आदित्य धर की अनाम फिल्म की शूटिंग में जुटे थे। इस में उनके साथ संजय दत्त, आर माधवन, अक्षय खन्ना और अर्जुन रामपाल भी अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म से जुड़े सूत्रों के अनुसार, रणवीर के छुट्टी पर जाने से पहले फिल्म की टीम ने फिल्म के थाईलैंड शेड्यूल की शूटिंग पूरी कर ली थी। अब रणवीर इसी फिल्म के अगले शेड्यूल से नवंबर में काम पर वापसी करेंगे, जो कि स्वदेश में ही फिल्माया जाएगा। इस फिल्म के लिए रणवीर ने काफी कायांतरण भी किया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, इस एक्शन फिल्म के लिए उन्होंने करीब 15 किलो वजन बढ़ाया है। इसके अलावा रणवीर डान फ्रेंचाइजी की अगली फिल्म डान 3 का भी हिस्सा हैं। फरहान निर्देशित इस फिल्म की शूटिंग वह अगले साल से शुरू करेंगे।

**सिने हलचल**

## जटिल किरदार को तलाशने का अवसर था हाईवे 905



हालीवुड में काम करना कई हिंदी सिनेमा के कलाकारों का सपना रहा है। इस कड़ी में अब अभिनेत्री रिया सेन ने हालीवुड में पर्दापण किया है। उनकी पहली अमेरिकी फिल्म हाईवे 905 अमेरिका में अमेजन प्राइम पर बीते दिनों स्ट्रीम हुई। हाईवे 905 की कहानी एक भारतीय टैक्सी ड्राइवर के इर्द-गिर्द घूमती है, जो ऐसे अपराध में फंस जाता है, जो उसने किया ही नहीं ।

इस मर्डर मिस्ट्री थ्रिलर फिल्म में रिया हत्या की जांच में शामिल पात्र की भूमिका में हैं। फिल्म में उनके साथ डेविड ओटुंगा और पवन कुमार जैसे प्रतिभाशाली कलाकार भी शामिल हैं। फिल्म करने को लेकर रिया कहती हैं कि हालीवुड में काम करना हमेशा से मेरा सपना रहा है। निर्देशक ने मेरे पिछले काम को देखा हुआ था। वहीं से फिल्म मिली। जब मैंने स्क्रिप्ट पढ़ी तो अपने पात्र से जुड़ाव महसूस किया। यह एक जटिल किरदार को तलाशने का एक शानदार अवसर था।

## मां बेटी की भूमिका में दिखेंगी तृप्ति और माधुरी



फिल्म एनिमल की सफलता के बाद अभिनेत्री तृप्ति डिमरी के सितारे बुलंदी पर हैं। इस साल उनकी फिल्म बैड न्यूज रिलीज हुई। दशहरे पर फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो में राजकुमार राव के साथ नजर आएंगी। वहीं दीवाली पर रिलीज होने वाली फिल्म भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन की नायिका होंगी। इसमें उनके साथ माधुरी दीक्षित अहम भूमिका में होंगी। भूल भुलैया 3 के रिलीज से पहले माधुरी और तृप्ति को एक साथ अपना दूसरा प्रोजेक्ट मिल गया है। खबर है कि निर्माता विक्रम मल्होत्रा ने अपनी अगली फिल्म के लिए माधुरी और तृप्ति डिमरी को चुना है। तुम्हारी सुलु और जलसा फिल्मों के निर्देशक सुरेश त्रिवेणी इस फिल्म का निर्देशन करेंगे। इस फिल्म की शूटिंग अगले साल मार्च के आसपास शुरू होने की उम्मीद है। बताया जाता है कि यह फिल्म तीन किरदारों के इर्द-गिर्द केंद्रित एक कामेडी ड्रामा है, जिसमें माधुरी और तृप्ति मां-बेटी की भूमिका में होंगी। सुरेश इस फिल्म के अलावा विक्रम निर्मित फिल्म सूबेदार का भी निर्देशन कर रहे हैं, जिसमें अनिल कपूर अहम भूमिका में हैं। यह फिल्म अगले साल डिजिटल प्लेटफार्म पर रिलीज होगी।

## निजी हैं प्यार के पल



शादी के बाद जीवनसाथी संग हनीमून के क्षण यूं तो बेहद निजी होते हैं, लेकिन इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट करने के इरादे से कुछ लोग उन्हें भी पिक्चर परफेक्ट बनाने की इच्छा रखते हैं। जियो सिनेमा पर आज प्रदर्शित होने वाली वेब सीरीज हनीमून फोटोग्राफर की नायिका का मिजाज भी कुछ ऐसा ही है। शो की कहानी एक इन्फ्लुएंसर की है। वह भूमिका निभा रहीं **अपेक्षा पोरवाल** कहती हैं कि सुनने में भले ही अजीब लगे लेकिन यह बात सच है कि कई लोग अपने हनीमून पर फोटोग्राफर लेकर जाते हैं। जब प्री-वेडिंग फोटो शूट होता है तो पोस्ट वेडिंग क्यों न हो। शो में मेरा पात्र जोया ईरानी बड़ी इन्फ्लुएंसर है। वह अपने फालोवर्स को दिखाना चाहती है कि उसका हनीमून कितना कमाल का रहा है। वैसे मैं जब असल जिंदगी में शादी करूंगी तो ऐसा बिल्कुल नहीं करूंगी। इंटरनेट मीडिया मेरे लिए अपना एक पहलू दिखाने का माध्यम है। परिवार के साथ मेरे अनेक निजी पल हैं, जो मैं कभी साझा नहीं करती हूं। कुछ चीजें स्वयं तक सीमित रखनी चाहिए। इंटरनेट मीडिया का प्रयोग करें, पर उसका उपकरण न बन जाएं।

**मेरी बात**

# कॉफी शॉप में काम करती थीं श्रद्धा कपूर

**श्रद्धा कपूर ने फिल्म तीन पत्ती से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इसके बाद, उन्होंने कई फिल्मों में काम किया। श्रद्धा कपूर को फिल्म इंडस्ट्री में 14 साल हो चुके हैं। उन्होंने अब तक 19 फिल्मों में काम किया है।**

श्रद्धा कपूर की गिनती बॉलीवुड की हिट एक्ट्रेसेस में की जाती है। श्रद्धा कपूर की फिल्म स्त्री 2 बॉक्स ऑफिस पर दस्तक दे चुकी है और फिल्म को काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। इस फिल्म का फर्स्ट पार्ट सुपरहिट रहा था और ऐसे में ऑडियन्स को फिल्म के सीक्वल से काफी उम्मीदें थीं और फिल्म उम्मीदों पर खरी उतरती दिख रही है।

एक्ट्रेस ने अपने करियर में कई हिट फिल्में दी हैं और इन फिल्मों के चलते, उनकी जबरदस्त फैन फॉलोइंग है। सोशल मीडिया पर भी उनके 90 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर हैं। श्रद्धा, बॉलीवुड एक्टर शक्ति कपूर की बेटी हैं और अपनी सादगी के लिए जानी जाती हैं। क्या आप जानते हैं कि एक वक्त पर श्रद्धा को सलमान खान संग एक फिल्म ऑफर हुई थी, जिसके लिए उन्होंने मना कर दिया था और वह एक वक्त पर एक कॉफी शॉप में काम किया करती थीं। चलिए, आपको बताते हैं यह खास किस्सा।



श्रद्धा कपूर, फिल्मी घराने से ताल्लुक रखती हैं। उनके पापा शक्ति कपूर तो बी-टाउन में विलेन का किरदार निभाकर काफी पॉपुलर हुए। वहीं, उनकी मां, शिवांगी कपूर, पद्मिनी कोल्हापुरे की बहन हैं। श्रद्धा कपूर, लता मंगेशकर, आशा भोंसले, उषा मंगेशकर और हृदयनाथ मंगेशकर की परपोती हैं। एक्ट्रेस का एक्टिंग के साथ, सिंगिंग में भी इंट्रेस्ट है। बता दें कि श्रद्धा ने अपनी पढ़ाई विदेश से की है और उन दिनों अपना खर्चा निकालने के लिए, वह एक कॉफी शॉप में काम करती थीं। खबरों की मानें तो उन्हें 16 साल की उम्र में सलमान खान के संग एक फिल्म ऑफर हुई थी। लेकिन, उन्होंने इसे करने से मना कर दिया था। दरअसल, उस वक्त श्रद्धा अपना पूरा फोकस पढ़ाई पर रखना चाहती थीं। श्रद्धा के मम्मी-पापा चाहते थे वह डॉक्टर बने। हालांकि, उन्होंने एक्टिंग को अपना प्रोफेशन चुना। श्रद्धा कपूर ने फिल्म तीन पत्ती से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इसके बाद, उन्होंने कई फिल्मों में काम किया। श्रद्धा कपूर को फिल्म इंडस्ट्री में 14 साल हो चुके हैं। उन्होंने अब तक 19 फिल्मों में काम किया है। इनमें से कुछ हिट रही हैं, तो कुछ फ्लॉप रही है। साल 2013 में एक्ट्रेस की आदित्य रॉय कपूर के साथ फिल्म आशिकी 2 सुपरहिट रही।

## संक्षिप्त खबरें

### बागमुगालिया, दानिशकुंज समेत 40 कॉलोनियों में बिजली कटौती



**जागरण प्रतिनिधि, भोपाल।** राजधानी भोपाल के 40 से ज्यादा इलाकों में मंगलवार को 3 से 6 घंटे तक बिजली कटौती होगी। इन इलाकों में बिजली कंपनी मेंटेनेंस करेगी। मंगलवार को जिन इलाकों में बिजली गुल रहेगी, उनमें बाग मुगालिया, रोहित नगर, जानकी नगर, दानिशकुंज, मंदाकिनी, इंद्रपुरी, लहारपुर जैसे कई बड़े रहवासी इलाके भी शामिल हैं।

#### इन इलाकों में पड़ेगा असर

- सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक- लहारपुर, बाग मुगालिया, द्वारिका परिसर, स्कॉय ड्रीम, नीरज नगर, रोहित नगर, श्रीराम हाइट्स एवं आसपास के इलाके।
- सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक- कल्पना नगर, सोनागिरी, सतनामी नगर, इंद्रपुरी ए, बी-सी सेक्टर, मंदाकिनी एवं आसपास के इलाके।
- सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक- जानकी नगर, अमलतास कॉलोनी, सीआई कॉलोनी, सागर होम्स, चिनारवुड एवं आसपास।
- सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक गर्वमेंट क्वार्टर, अन्नपुर्णा कॉम्पलेक्स एवं आसपास के क्षेत्र।
- सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक- दानिशकुंज-2, 3, 4-5, विराशा हाइट्स, जेके टाउन, सिद्धि-समृद्धि हाइट्स, चिनार कॉलोनी, पृथ्वी कोटयार्ड, लिबर्टी कॉलोनी, समरधा एवं आसपास के क्षेत्र।
- सुबह 10 से शाम 4 बजे तक- चाणक्यपुरी, गंगौत्री हाइट्स, ताबिश कॉम्पलेक्स एवं आसपास।

### महोत्सव के लिए व्यवस्थाएं दुरस्त करें: कृष्णा गौर



**विसं भोपाल ।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण और विमुक्त, घुमंतु और अर्ध-घुमंतु राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि अन्नकूट महोत्सव के अवसर पर गुफा मंदिर में बिजली, पानी, साफ-सफाई, पार्किंग सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जायें। राज्य मंत्री श्रीमती गौर गुफा मंदिर परिसर में अन्नकूट महोत्सव के आयोजन की तैयारियों के लिये संबंधित अधिकारियों की बैठक के दौरान निर्देश दिये।श्रीमती गौर ने कहा कि रामानंद आश्रम गुफा मंदिर न्यास भोपाल में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 2 नवंबर को आयोजित होने वाले अन्नकूट महोत्सव की तैयारी में किसी भी तरह की कमी नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके लिये अधिकारी समय पर व्यवस्था करना सुनिश्चित करे। उन्होंने पेयजल, स्ट्रीट-लाइट, कचरे की ट्राली, सफाईकर्मी, डस्टबिन, बाउंड्री-वॉल की पुताई से लेकर बैरिकेट्स और ट्रैफिक पुलिस की पर्याप्त व्यवस्था के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये। बैठक में गुफा मंदिर महंत रामप्रवेश दास , आयुक्त नगर पालिक निगम भोपाल, डी.सी.पी जोन-3, एसडीएम बैरागढ़, सिविल सर्जन जयप्रकाश चिकित्सालय, नियंत्रक खाद एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### फॉरेस्ट रिट्रीट के तीसरे संस्करण का हुआ शुभारंभ

**विसं भोपाल।** पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव शिवशेखर शुक्ला ने कहा है कि गांधीसागर फॉरेस्ट रिट्रीट पर्यटकों के लिए सबसे उपयुक्त स्थल है,जहां वे रोमांच, मनोरंजन और सांस्कृतिक अनुभवों का लाभ ले सकेंगे। गांधीसागर फॉरेस्ट रिट्रीट के मंदसौर में तीसरे संस्करण की शुरुआत के संबंध में जानकारी देते हुए प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि मंदसौर में गांधीसागर के बैकवाटर्स किनारे स्थापित गांधीसागर फॉरेस्ट रिट्रीट रोमांच, मनोरंजन और सांस्कृतिक अनुभवों का एक अद्भुत संगम होने के साथ साथ, उभरता हुआ एमआईसीई और वेडिंग डेस्टिनेशन भी है। ऑल वेदर टेंट सिटी में लग्जूरियस स्टे के साथ पर्यटक कई रोमांचक गतिविधियों जैसे हॉट एयर बैलूनिंग, पैरामोटरिंग, जेट स्कीइंग, कयाकिंग, मोटर बोटिंग का आनंद ले सकेंगे। गांधीसगर फॉरेस्ट रिट्रीट की शुरुआत रंगारंग लोकगीत लोकनृत्य के साथ हुई। कार्यक्रम के अंत में नयासा म्यूजिक बैंड की परफॉर्मेंस भी हुई। पर्यटकों के लिए प्राकृतिक सौन्दर्य, रोमांचक गतिविधियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का यह बेमिसाल संयोजन है। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश पर्यटन द्वारा नए टूरिज्म उत्पाद ऑफबीट डेस्टिनेशन के रूप में विकसित और प्रस्तुत किए जा रहे हैं। इसमें चंदेरी, गांधी सागर फॉरेस्ट रिट्वीट और हनुवंतिया टेंट सिटी प्रमुख रूप से पर्यटन की अधोसंरचना के विकास के साथ-साथ स्थानीय रोजगार को बढ़ावा दे रहा है।

### भुगतान के लिए मुख्यमंत्री से मिले वेयर हाउस एसोसिएशन के प्रतिनिधि



**जागरण प्रतिनिधि, भोपाल।** मध्यप्रदेश वेयरहाउस ऑनर्स एसोसिएशन का प्रतिनिधि मंडल ने सोमवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात कर समस्याओं से अवगत कराया। एसोसिएशन ने बताया कि गोदाम संचालकों को कई जिलों में गोदाम का किराया अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है। उन्होंने लॉस गेन पॉलिसी में सुधार किए जाने की मांग करते हुए बताया कि धान में 4प्रतिशत, मूंग में 2 प्रतिशत, सोयाबीन में 6 प्रतिशत सूखत को मान्य किया जाए। जिन जिलों में क्षमता से अधिक वेयरहाउस बन चुके हैं वहां नए वेयरहाउस निर्माण की अनुमति एवं सब्सिडी पर रोक लगाई जाए। श्रम विभाग द्वारा गोदाम निर्माण पर 1 प्रतिशत उपकर लगाया जा रहा है जो कि अनुचित है। यह उपकर नए निर्माण पर लगाया जाए, जो गोदाम पूर्व में निर्मित हो चुके हैं उन्हें इस उपकर से मुक्त रखा जाए। प्रतिनिधि मंडल में शामिल राहुल धूत ने बताया कि मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधि मंडल को चर्चा उपरांत आश्वासन दिया है कि सभी समस्याओं पर अधिकारियों को निर्देशित कर समाधान किया जाएगा।

### माता की विदाई....



भोपाल में 7 विसर्जन घाटों पर मां दुर्गा की विशाल प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला सोमवार को भी जारी रहा। प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए नगर निगम ने क्रेन एवं अन्य मशीनें घाटों पर तैनात की।

# बीजेपी नेता ने कांस्टेबल को पीटा, वीडियो आया सामने, कांग्रेस ने सरकार को घेरा

**दुर्गा विसर्जन के दौरान मैहर के बीजेपी नेता अरुण चौरसिया ने की वारदात**

**जागरण प्रतिनिधि, भोपाल।** मध्यप्रदेश में नेता, पुलिस पर हावी होते जा रहे हैं। पुलिस अधिकारियों और जवानों के साथ बदसलूकी और मारपीट की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। उच्जैन, राधौगढ़, जबलपुर के बाद अब मैहर की घटना सामने आई है। जहां एक बीजेपी नेता ने सरेआम कांस्टेबल को थप्पड़ जड़ दिया। दुर्गा विसर्जन के दौरान पुलिसकर्मी ट्रैफिक व्यवस्था बनाने में जुटे थे। इस दौरान बीजेपी नेता अरुण चौरसिया ने और पुलिसकर्मियों के बीच विवाद हो गया। जिसके बाद चौरसिया ने कांस्टेबल गुड्डू यादव को थप्पड़ मार दिया। घटना का वीडियो सोमवार देर रात सामने आया, जिसके बाद कांग्रेस ने सरकार को घेरा है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, राष्ट्रीय सचिव और मुख्य प्रवक्ता कुणाल चौधरी ने कानून व्यवस्था पर सवाल उठाएं हैं।



#### बीजेपी का मंडल उपाध्यक्ष है अरुण

घटना के 24 घंटे बाद पुलिस ने आरोपी नेता को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया है। उसका सड़क पर जुलूस निकाला। आरोपी का नाम अरूण चौरसिया है। उसकी पत्नी अर्चना चौरसिया वार्ड 12 से निर्दलीय पार्षद चुनी गई थीं। बाद में उसने भाजपा को समर्थन दे दिया। विधानसभा चुनाव के समय अरूण चौरसिया ने भी भाजपा जॉइन कर ली थी। वह भाजपा मंडल का उपाध्यक्ष है।

#### ये है मामला

रविवार को मैहर में दुर्गा प्रतिमा के विसर्जन के चल समारोह निकाला जा रहा था। आरक्षक गुड्?डू यादव यहां ड्यूटी पर तैनात था। चल समारोह शारदा टॉकीज चौराहे पर पूर्वी दरवाजे के पास पहुंचा तो नशे में धुत पार्षद पति अरुण चौरसिया अपने साथियों के साथ सड़क पर नाचने लगा। इससे चल समारोह की गति धीमी पड़ गई। ट्रैफिक जाम होने लगा था। पुलिस आरक्षक गुड्?डू यादव ने सामान्य तौर पर अन्य लोगों के साथ ही भाजपा नेता को भी आगे बढ़ने को कहा। इस पर वह भड़क गया और आरक्षक की ओर झपटा और मारपीट करने लगा। यह देखकर अन्य पुलिसकर्मी भी पहुंचे और उन्हें अलग कराया। इसी समय किसी ने वीडियो बना लिया गया।

#### पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर हुई एफआईआर

मामला सामने आने के बाद पुलिस के वरिष्ठ अफसरों ने भाजपा नेता अरुण चौरसिया के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए थे। अरुण चौरसिया मैहर नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष भोला चौरसिया का पुत्र हैं। बताया जा रहा हैं कि वह इसके पहले भी कई बार विवाद कर चुका है।

#### मध्यप्रदेश में ये क्या चल रहा है : नेता प्रतिपक्ष



पुलिस अधिकारियों और जवानों से बदसलूकी पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सरकार पर निशाना साधा, उन्होंने घटना का वीडियो शेयर करते हुए सरकार से पूछा कि एमपी में ये क्या चल रहा है। पुलिसवाले पिट क्यों रहे हैं। मैहर के बीजेपी मंडल उपाध्यक्ष को देखिए चल समारोह में पुलिस वाले को मार रहे है। इससे पहले उच्जैन और जबलपुर में भी ऐसी ही घटनाएं हुई। लेकिन एमपी की सरकार पार्टी देखकर कार्रवाई करती है। 24 घंटे में मैहर में कार्रवाई हुई लेकिन उच्जैन और जबलपुर का क्या। मुख्यमंत्री कानून व्यवस्था पर मौन क्यों हैं।

#### पुलिस के गुलामी भरे रवैये से बीजेपी के गुंडों के हौसले बुलंद : कुणाल चौधरी



बीजेपी के राष्ट्रीय सचिव कुणाल चौधरी ने कहा कि मैहर में भाजपा मण्डल उपाध्यक्ष अरुण चौरसिया ने सरेआम पुलिस अधिकारी से मारपीट की। जबलपुर और उच्जैन में बीजेपी नेताओं द्वारा पुलिस की पिटाई और धुलाई करने पर भी मध्य प्रदेश पुलिस के गुलामी भरे रवैए से भाजपाई गुंडों के हौसले बुलंद हैं। सिद्ध है कि मध्य प्रदेश में अधिकारी अपना धर्म ईमान बेच चुके हैं, संस्थाएं सत्ताधारी नेताओं के आगे नतमस्तक हैं। जब संस्थाएं खुद को नहीं बचा पाएंगी तो जनता की सुरक्षा कौन करेगा।

### एनएसयूआई ने मुख्यमंत्री को भेजे पोस्टकार्ड

**जागरण प्रतिनिधि, भोपाल।** एमपी में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) कैंपस चलो अभियान चला रही है। जिसके तहत कॉलेज स्टूडेंट्स से संबंधित मांगों को सरकार तक पहुंचाया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को एनएसयूआई ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम पोस्टकार्ड लिखे और पोस्ट किए। प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे ने बताया कि छात्र मांग पत्र में हमने चार प्रमुख मांगों को सामने रखा हैं यह कदम प्रदेश में उच्च शिक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर सरकार का ध्यान आकर्षित करने व समस्याओं का समाधान करने के लिए उठाया गया है?

### सकल वाल्मिकी समाज की 16 अक्टूबर



**भोपाल।** सकल वाल्मीकि पंचायत वृत्त एवं उत्सव समिति द्वारा महाकाव्य रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि जी का प्रकाश प्रकटोत्सव धूमधाम के साथ भोपाल मनाया जायेगा। 16 अक्टूबर को वाहन रैली शर्मा कालोनी वाल्मीकि बस्ती से प्रारंभ होकर समस्त वाल्मीकि बस्ती से होकर जहांगीरबाद में समाप्त होगी। 17 अक्टूबर को समस्त वाल्मीकि मंदिरों में प्रातः पूजा अर्चना के बाद दोपहर 2.00 से लिली टाकीज से भव्य चल समारोह प्रारंभ होकर शहर के भिन्न मार्गो से होता हुआ रात 8.00 बजे सोमवारा स्थित कर्फ्यू वाली माता मंदिर पर समाप्त होगा।

## एम्स में हार्ट और लंग्स होंगे ट्रांसप्लांट अभी किड़नी ही बदली जा रही



**जागरण प्रतिनिधि, भोपाल।** एम्स भोपाल में हृदय और फेफड़ों के ट्रांसप्लांट की तैयारी की जा रही है। डायरेक्टर डॉ. अजय सिंह ने बताया कि फिलहाल किड़नी ट्रांसप्लांट के सफल ऑपरेशन किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सोमवार को एम्स भोपाल दो सफल किडनी प्रत्यारोपण किए गए। एम्स भोपाल महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए अंग प्रत्यारोपण की दिशा में बड़ी प्रगति की ओर बढ़ रहा है। । संस्थान में जल्द ही हृदय और फेफड़े के प्रत्यारोपण की शुरुआत करने की तैयारी की जा रही है, ताकि भविष्य में व्यापक मल्टी-ऑर्गन प्रत्यारोपण सेवाएं प्रदान की जा सकें।

**अंगदान की अपील:** एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक, प्रो. (डॉ.) अजय सिंह ने अंग दान को बढ़ावा देने में समाज की भागीदारी के महत्व पर जोर देते हुए कहा, च्एम्स भोपाल में किडनी प्रत्यारोपण की सफलता हमारी समर्पित टीम की विशेषज्ञता और अंग प्रत्यारोपण के क्षेत्र में हमारे द्वारा की जा रही प्रगति का प्रमाण है। हालांकि, असली चुनौती लोगों को अंग दान के लिए प्रेरित करने और जीवन बचाने में निहित है।

**8 मरीजों की होगी किड़नी ट्रांसप्लांट:** डायरेक्टर डॉ. सिंह ने बताया कि वर्तमान में, आठ मरीज प्रत्यारोपण के लिए उपयुक्त दाताओं की प्रतीक्षा सूची में हैं। इन किडनी प्रत्यारोपण की सफलता एम्स भोपाल की अंग प्रत्यारोपण सेवाओं के विस्तार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। संस्थान में जल्द ही हृदय और फेफड़े के प्रत्यारोपण की शुरुआत करने की तैयारी की जा रही है।

### पति के दोस्त ने घर में घुसकर किया दुष्कर्म



**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** ऐशबाग थाना क्षेत्र में 19 साल की महिला से घर में घुसकर दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ घर में घुसने और दुष्कर्म की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, 19 साल की महिला गृहणी है। उसकी इसी साल जनवरी महीने में ही शादी हुई है। उसके पति का दोस्त सानिब है। सानिब का अक्सर महिला के घर आना-जाना है। पीड़िता का कहना है कि गत 7 अक्टूबर की रात वह घर पर अकेली थी, तभी आरोपी सानिब घर में घुस आया और उसके साथ दुष्कर्म किया। दुष्कर्म के बाद उसने जान से मारने की धमकी दी थी। डर के कारण उसने पति को नहीं बताया। बाद में आत्मगिलानी होने के कारण पति को घटना की जानकारी दी। पति उसे लेकर थाने पहुंचा और आरोपी सानिब के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने बताया कि आरोपी आवारा किस्म का है।

## मेट्रो ट्रेन के लिए आज जिंसी चौराहे से हटाया जाएगा अतिक्रमण

### कब्जे हटाने के लिए दी गई थी 10 दिन की मोहलत



**जागरण प्रतिनिधि, भोपाल।** भोपाल मेट्रो के दूसरे फेज में आड़े आ रही पक्की दुकानों को तोड़ने की दी गई 10 दिन की मोहलत कल (मंगलवार) को खत्म हो जाएगी, लेकिन अब तक दुकानें नहीं तोड़ी गई है। इसके चलते इन्हें प्रशासन तोड़ेगा। बुधवार से एक बार फिर कार्रवाई शुरू की जा सकती है। बता दें कि मेट्रो का दूसरा फेज सुभाष नगर डिपो से करोंद तक कुल 8.77 किलोमीटर है। यह काम भी दो हिस्से में होगा। दोनों पर कुल 1540 करोड़ रुपए खर्च होंगे। मिट्टी की टेस्टिंग, डिजाइन समेत अन्य काम हो चुके हैं। अब अतिक्रमण हटाने पर फोकस है। ताकि, सिविल के काम जल्दी शुरू हो सकें। पिछले सप्ताह पुल बोगदा और आजाद नगर में कुछ अतिक्रमण हटाया गया था, लेकिन पक्की दुकानों को हटाने के लिए 10 दिन की मोहलत दी गई थी। लोगों ने खुद अपनी दुकानें हटाने की सहमति दी थी, पर उन्होंने सोमवार तक नहीं हटाई। इसलिए अब प्रशासन कार्रवाई करेगा।

#### आरा मशीनें भी हटेंगी

पुल बोगदा के पास के 108 आरा मशीन और फर्नीचार कारोबारी है। इन्हें रातीबड़ में बसाया जाएगा। वहां पानी, बिजली, सड़क जैसी अन्य सुविधाओं के लिए 6 करोड़ रुपए दिए गए हैं। इन आरा मशीनों को भी जल्द हटाया जाएगा।

**मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने सीएम के सामने किया नशे के कारोबार का खुलासा**

## यूपी के प्रतापगढ़ से हो रही नशे की सप्लाई, पुलिस चोर पकड़ रही, उसकी मां तक नहीं पहुंच पा रही

**जागरण, भोपाल।** एमपी में ड्रग्स के कारोबार को लेकर बवाल मचा हुआ भोपाल से लेकर आदिवासी क्षेत्र झाबुआ तक अरबों रुपए की ड्रग्स बरामद की जा रही है । इस मामले में विपक्ष भी सरकार पर हमलावर है। लेकिन इंदौर में मंत्री कैलाश विजयवर्गी के इस बयान ने सरकार को कटघरे में खड़ा कर दिया है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के सामने मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि नशे का ये कारोबार उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ से हो रहा है। पुलिस चोर को तो पकड़ पा रही है लेकिन चोर की मां तक नहीं पहुंच पा रही । मंत्री विजयवर्गीय के इस बयान ने विपक्ष को भी मौका दे दिया है। मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि इंदौर में नशे के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की जरूरत है। ठोस रणनीति के तहत नशे पर अंकुश लगाया जा सकता है। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मोहन यादव भी उपस्थित थे। उन्होंने मंत्री जयवर्गीय की बातों पर सहमति जताते हुए ठोस कदम उठाने का आश्वासन दिया।

### अवरोध हटाकर सर्वांगीण विकास होगा: सीएम डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में विकास को नई गति देकर विकास का नया अध्याय लिखा जाएगा। विकास के सभी अवरोधों को हटाकर प्रदेश के सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त किया जाएगा। सीएम सोमवार को इंदौर में एक ही दिन में एक साथ लगभग 222.25 करोड़ रुपये लागत के 4 फ्लाय-ओवर का लोकार्पण के बाद उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने फूटी कोठी (संत सेवालाल चौराहा) सहित भंवरकुंआ, खजराना और लवकुश चौराहे के फ्लाय-ओवर का लोकार्पण किया। इस मौके पर सीएम ने कहा कि नशे का अवैध कारोबार करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। नशे के अवैध कारोबार करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि मनुष्यों की सोच जहां समाप्त होती है, वहीं से संतों की सोच शुरू होती है। मनुष्यों एवं देवताओं के बीच संत सेतु के रूप में होते हैं। समाज के किसी भी संत के योगदान को भुलाया नहीं जाएगा। उन्होंने प्रदेश में गायों के संरक्षण, दुग्ध उत्पादन बढ़ाने तथा गौ-शालाओं के संचालन के संबंध



में राज्य शासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी इस अवसर पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, इंदौर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष और विधायक और पूर्व मंत्री सुश्री उषा ठाकुर, श्री महेन्द्र हार्डिया, रमेश मेंदोला,गोलू शुक्ला, महेन्द्र हार्डिया और मनोज पटेल, अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम के अध्यक्ष सावन सोनकर,जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीना मालवीय, पूर्व महापौर कृष्णमुरारी मोघे, गौरव रणदिवे, चिन्टू वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि विशेष रूप से मौजूद थे।

## बीमारी से परेशान महिला ने फांसी लगाकर दी जान

### सुसाइड नोट में नौकरानी को दिया मां का दर्जा

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** बैरागढ़ थाना क्षेत्र स्थित राजेंद्र नगर में बीमारी से परेशान एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उनके पास से एक सुसाइड नोट भी मिला है। सुसाइड नोट में उन्होंने अपनी मर्जी से आत्महत्या करने की बात लिखी है। इसके अलावा उन्होंने अपनी नौकरानी ममता दीदी को मां का दर्जा देते हुए भाइयों को उसका हमेशा साथ देने की बात लिखी है। पुलिस के मुताबिक, आशा वासवानी पति घनश्याम वासवानी (50) मछली मार्केट से अंदर की तरफ राजेंद्र नगर में रहती थी। उनके पति प्राइवेट काम करते हैं। ममता और घनश्याम का अलग अलग मकान है। ममता राजेंद्र नगर वाले मकान में अकेली थी। उन्हें कैंसर था और उनकी सर्जरी हो गई थी। कैंसर की बीमारी से उन्हें छुटकारा मिल गया, लेकिन दूसरी बीमारियों ने उन्हें घेर लिया था। उनके भाई ने बताया कि जीजा बहन की मदद करते थे और घर में नौकरानी ममता दीदी को रखा था।

#### सुबह ममता को दी छुट्टी

आशा के भाई ने पुलिस को बताया कि आशा सुबह आठ बजे से दस बजे तक दवाई खाने के बाद आराम करती थी। इस दौरान उनके साथ घर में ममता दीदी भी रहती थी, लेकिन आशा ने ममता को सोमवार को छुट्टी दे दी थी। आशा ने कहा था कि ससुराल से रिश्तेदार आने वाले हैं। सुबह करीब सवा दस बजे के आसपास आशा का भाई घर पहुंचा तो मकान के गेट पर अंदर से सेंट्रल लॉक लगा था। आवाज देने के बाद भी लॉक नहीं खुला तो भाई ने पड़ोस के मकान की छत से देखा। इस दौरान बहन आशा का शव उसने फांसी के फंदे पर लटका देखा।

दैनिक जागरण
www.djmp.in/epaper
भोपाल, 15 अक्टूबर 2024 आश्विन शुक्ल 13 संवत 2081
संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त



**गीता**

नैनं छिद्रन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुत॥

**भावार्थ :** आत्मा को न शस्त्र काट सकते हैं, न आग उसे जला सकती है। न पानी उसे भिगो सकता है, न हवा उसे सुखा सकती है। (यहां भगवान श्रीकृष्ण ने आत्मा के अजर-अमर और शाश्वत होने की बात की है।)

# पीएम गतिशक्ति योजना से पूरा होगा विकसित भारत का सपना

देश में विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार करने के लिए तीन वर्ष पहले शुरू की गई पीएम गतिशक्ति योजना पर प्रधानमंत्री ने यह सही कहा कि यह एक परिवर्तनकारी पहल है और इसके जरिये भारत सभी क्षेत्रों में तेजी से विकास कर रहा है। निश्चित रूप से इस महत्वाकांक्षी योजना ने बीते तीन वर्षों में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। एक दर्जन से अधिक मंत्रालयों में समन्वय कायम करने वाली इस योजना के चलते केवल बुनियादी ढांचे से जुड़ी योजनाओं को आगे बढ़ाने में ही सफलता नहीं मिली है, बल्कि लॉजिस्टिक पर आने वाले खर्च को कम करने और एक स्थान से दूसरे स्थान पर सामग्री भेजने में लगने वाले समय को कम करने में भी कामयाबी हासिल हुई है। देश की जरूरतों के अनुरूप बुनियादी ढांचे का निर्माण विकसित भारत के सपने को साकार करने की एक अनिवार्य शर्त है। इस योजना की सफलता का मूल्यांकन इससे किया जा सकता है कि श्रीलंका और बांग्लादेश ने भी अपने यहां बुनियादी ढांचे के विकास के लिए पीएम गतिशक्ति के इस्तेमाल के लिए समझौता किया है। यह अच्छा हुआ कि पीएम गतिशक्ति योजना के तीन साल पूरे होने के बाद अब इस योजना के अगले चरण में बुनियादी ढांचे संबंधी जिला स्तरीय योजनाओं को भी शामिल किया जाएगा। ऐसा किया जाना इसलिए आवश्यक है, क्योंकि अभी जिला स्तर पर विभिन्न विभागों में समन्वय की कमी दिखती है। इससे कई बार योजनाएं देरी से शुरू हो पाती हैं। इसी तरह प्रायः उनमें तालमेल के अभाव के चलते समस्याएं पैदा हो जाती हैं। इसके चलते बुनियादी ढांचे संबंधी योजनाओं की लागत में भी वृद्धि होती है और उनमें समय भी अधिक लगता है। अब जब सभी राज्यों में बुनियादी ढांचे संबंधी जिला स्तरीय परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए सभी राज्यों के एक-एक जिले में पायलट प्रोजेक्ट तैयार किया जा रहा है तब फिर इस आवश्यकता की भी पूर्ति होनी चाहिए कि ऐसी परियोजनाओं में न तो दलगत राजनीति आड़े आए और न ही विभागीय असहमतियां। उचित यह होगा कि ऐसी कोई व्यवस्था बने जिससे बुनियादी ढांचे संबंधी प्रत्येक योजना का मूल्यांकन और उनकी समीक्षा उसी तरह से हो जैसे पीएम गतिशक्ति योजना के तहत होता है। इसमें संदेह नहीं कि पीएम गतिशक्ति योजना विभिन्न मंत्रालयों में समन्वय कायम करने और योजनाओं को सही तरह से आगे बढ़ाने में सहायक साबित हुई है, लेकिन इस योजना के तहत यह भी देखा जाना चाहिए कि बुनियादी ढांचे संबंधी जो भी निर्माण हो रहे हैं, वे भविष्य की जरूरतों को पूरा करने में सक्षम हैं या नहीं। यह प्रश्न इसलिए, क्योंकि सड़कों से जुड़ी परियोजनाओं में यह देखने में आता है कि जो निर्माण कार्य किया गया होता है, उसमें कुछ ही समय बाद विस्तार करने या समानांतर कोई योजना तैयार करने की आवश्यकता महसूस होने लगती है। पीएम गतिशक्ति योजना के तहत यह भी देखने की आवश्यकता है कि जो भी निर्माण कार्य किए जा रहे हैं, उनकी गुणवत्ता विश्वस्तरीय हो।

**उचित होगा कि ऐसी कोई व्यवस्था बने जिससे बुनियादी ढांचे संबंधी प्रत्येक योजना का मूल्यांकन और उनकी समीक्षा उसी तरह से हो जैसे पीएम गतिशक्ति योजना के तहत होता है। इसमें संदेह नहीं कि पीएम गतिशक्ति योजना विभिन्न मंत्रालयों में समन्वय कायम करने और योजनाओं को सही तरह से आगे बढ़ाने में सहायक साबित हुई है।**

**प्रसंगवश**

# उपेक्षित जीवन जीने को मजबूर बुजुर्ग जन

**अमेरिका कनाडा यूरोप और एशिया के विभिन्न देशों में आम नागरिकों को श्रेष्ठ चिकित्सा सुविधाएं मिलने से वहां की औसत आयु 80 वर्ष को भी पार कर गई है। इसमें कोई संदेह नहीं कि वरिष्ठ नागरिकों के पास एक लंबा कौशल और अनुभव होता है परंतु हमने उन्हें निरर्थक एवं अनुपयोगी समझकर अपनी सामाजिक पूंजी से अलग कर दिया है।**

**-डॉ. विशेष गुप्ता-**

देश के सत्तर साल से अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों को बीते दिनों सरकार ने आयुष्मान भारत योजना में शामिल करने का निर्णय लिया। इसके तहत करीब छह करोड़ वरिष्ठजनों को पांच लाख रुपये का बीमा कवरेज मिलेगा। बुजुर्गों के लिए केंद्र सरकार की यह योजना अनायास नहीं है। हाल में प्रकाशित चार रिपोर्टों में देश में बुजुर्गों की तेजी से बढ़ती आबादी का आकलन किया गया है। इन सभी ने केंद्र सरकार का भी ध्यान खींचा है। इनमें पहली रिपोर्ट कुछ भारतीय और अंतरराष्ट्रीय शोधकर्ताओं द्वारा किए गए अध्ययन पर आधारित है। उनका यह अध्ययन प्लस वन नामक जर्नल में प्रकाशित हुआ है। इससे पता चलता है कि आज देश का हर चौथा बुजुर्ग स्मृति लोप, भाषा का ठीक से प्रयोग न करने, सोचने-समझने एवं निर्णय लेने की क्षमता कमजोर हो जाने तथा अपने दैनिक कामों में समस्या का अनुभव करने जैसी दिक्कतों से जूझ रहा है। दूसरी रिपोर्ट एसबीआइ की है जिसमें कहा गया है कि भारत की कामकाजी आबादी की औसत आयु 2021 में 24 वर्ष के मुकाबले 2024 में बढ़कर 28-29 वर्ष होने की संभावना है। आज चीन की कामकाजी औसत आयु 39.5 साल है। वहीं यूरोप में यह 42 साल, उत्तरी अमेरिका में 38 साल तथा एशिया में 32 साल है। वैश्विक स्तर पर यह औसत आयु 30.4 वर्ष है। वर्ष 2001 में बुजुर्गों की जो आबादी 7.9 करो? थी, वह 2024 में बढ़कर 15 करोड़ हो गई है। बुजुर्गों की यह आबादी देश की कुल जनसंख्या का 10.7 प्रतिशत है। इनमें 7.7 करोड़ पुरुष तथा 7.3 करोड़ महिलाएं हैं। 2001 में जो कामकाजी आबादी 58.6 करोड़ थी, 2024 में इसके 91 करोड़ रहने की संभावना है। इस प्रकार जल्द ही देश की कुल आबादी में 67 प्रतिशत हिस्सेदारी कामकाजी लोगों की होगी।

इस कड़ी में मेन एंड वीमेन नामक तीसरी रिपोर्ट केंद्र सरकार के सांख्यिकी मंत्रालय की है। यह बताती है कि 2036 तक देश में बच्चों एवं किशोरों की आबादी में तेजी से गिरावट आएगी। दूसरी ओर बुजुर्गों और मध्यम उम्र के लोगों की संख्या बढ़ेगी। वर्तमान आबादी में 60 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के लोगों का प्रतिशत 9.5 है। वहीं 2036 में बुजुर्गों की आबादी ब?कर 13.9 प्रतिशत हो जाएगी। चौथी रिपोर्ट संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) की भारत प्रमुख एंड्रिया वोजनार के एक साक्षात्कार में दिए गए बयान से जुड़ी है। उनके अनुसार भारत में अगले 25 वर्षों में देश की आबादी में 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की संख्या बढ़कर 20.8 प्रतिशत हो जाएगी। अर्थात देश में हर पांचवां व्यक्ति बुजुर्ग होगा। यूएनएफपीए के अनुसार 2024-2050 के बीच देश की कुल आबादी 18 प्रतिशत ही बढ़ेगी, मगर वृद्ध जनसंख्या में 134 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी होगी। देश की आबादी में जिस प्रकार बुजुर्गों की आबादी लगातार बढ़ रही है उससे देश में कामकाजी युवाओं और वृद्धजनों के बीच असंतुलन आने के आसार बढ़ रहे हैं।

आज देश में बुजुर्गों से जुड़े सामाजिक ढांचे तथा युवाओं और वरिष्ठजनों के बीच बढ़ रहे पीढ़ीगत अंतराल और जनसंख्यात्मक असंतुलन को लेकर चिंता अधिक है। यदि देश के युवाओं की ऊर्जा, शक्ति, उत्साह और सामर्थ्य देश के काम आएगा तो उसी अनुपात में देश के वरिष्ठजनों का लंबा अनुभव भी इन युवाओं की सुरक्षा में ढाल का कार्य करेगा। किसी भी देश को महान वहां के रहने वाले लोग बनाते हैं और यही लोग आगे चलकर उस महान देश के महत्वपूर्ण नागरिक बन जाते हैं, परंतु भारत जैसे सुसंस्कृत देश के बुजुर्ग नागरिक यहां उपेक्षित जीवन जीने के लिए मजबूर हैं। अमेरिका और यूरोप में किसी भी राजनीतिक दल में इतना साहस नहीं है कि वे वहां के वरिष्ठ नागरिकों की अनदेखी कर सकें। यूरोप और अमेरिका के बजट का एक बड़ा हिस्सा बुजुर्गों के सामाजिक एवं आर्थिक कल्याण पर खर्च होता है। आवश्यकता है कि जहां सरकारों द्वारा उनकी पेंशन राशि में ब?ोतरी हो, वहीं रेल एवं हवाई यात्रा में छूट तथा स्वास्थ्य सेवाओं में विस्तार और एक गरिमापूर्ण जीवन जीने की सुलभता के साथ-साथ उनकी सामाजिक-आर्थिक सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम हों। याद रहे कि जो समाज एवं राष्ट्र अपने वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान करता है वह वर्तमान के साथ सुनहरे भविष्य के लिए भी अपनी सामाजिक पूंजी को सहेजकर रखता है। वर्ष 2047 तक हम जिस विकसित भारत की कल्पना कर रहे हैं वह वरिष्ठ नागरिकों के बड़ते संख्यात्मक बल से जुड़े लंबे अनुभव और युवाओं की कार्यात्मक ऊर्जा एवं शक्ति के मध्य सहक्रिया के सेतु पर संतुलित पदचापों से ही पूरी हो पाएगी। **( यह लेखक के निजी विचार हैं )**

# स्वास्थ्य सेवाओं में सरकार की बढ़ती भूमिका

**राष्ट्रीय**

**स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ानी होगी। समूचे तंत्र को और सुदृढ़ बनाना होगा। सुनिश्चित किया जाए कि सभी नागरिकों को बिना किसी भेदभाव या पूर्वाग्रह के गुणवत्तापरक एवं किफायती स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। इसके लिए स्वास्थ्य ढांचे में कुशल मानव संसाधनों के साथ अत्याधुनिक तकनीकों के समावेश से जो भी कमियां हैं उन्हें दूर करने के लिए कमर कसनी होगी।**

**-विवेक देवराय/आदित्य सिन्हा-**

स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी नेशनल हेल्थ अकाउंट्स यानी एनएचए के हालिया आंकड़े भारत के स्वास्थ्य तंत्र को लेकर कई सकारात्मक रुझान दर्शाते हैं। इसमें एक उल्लेखनीय पहलू यही है कि सेहत पर लोगों का खर्च घटा है। वर्ष 2013-14 में लोगों को स्वास्थ्य संबंधी मामलों पर अपनी जेब से जो 64.2 प्रतिशत खर्च करना पड़ रहा था, वह 2021-22 में घटकर 39.4 प्रतिशत रह गया। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना यानी पीएम-जय, फ्री डायलिसिस और ऐसे ही अन्य सरकारी स्वास्थ्य कार्यक्रमों के चलते स्वास्थ्य पर लोगों का खर्च कम हुआ है और इस बचत ने उन्हें आर्थिक सुरक्षा का कवच प्रदान किया है। इन योजनाओं के विस्तार से लोगों के करीब एक लाख करोड़ रुपये बचे हैं। इस सफलता से यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज यानी यूएचसी के लक्ष्य को संबल मिला है, जो पिछले कुछ समय से सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक है। सेहत पर सरकार के खर्च में बढ़ोतरी का सीधा संबंध इस पर लोगों के घटे खर्च से है। वर्ष 2014-15 से 2021-22 के बीच सेहत पर सरकारी खर्च जीडीपी के 1.13 प्रतिशत से बढ़कर 1.84 प्रतिशत हो गया और कुल सरकारी खर्च में स्वास्थ्य सेवाओं पर व्यय भी 3.94 प्रतिशत से बढ़कर 6.12 प्रतिशत हो गया। स्वास्थ्य सेवाओं में सरकार की बढ़ती भूमिका एक न्यायसंगत स्वास्थ्य प्रणाली की ओर संकेत करती है। इससे जहां लोगों पर आर्थिक बोझ घटा है तो आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं तक उनकी पहुंच भी सुगम हुई है। देश के निरंतर उन्नत होते इस बुनियादी ढांचे में सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों के सेवा प्रदाताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है।

स्वास्थ्य सेवाओं में सरकारी अस्पतालों की 1.49 लाख करोड़ रुपये और निजी अस्पतालों की 2.12 लाख करोड़ रुपये की हिस्सेदारी है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, डिस्पेंसरी और परिवार नियोजन केंद्र भी इस मोर्चे पर 56,477 करोड़ रुपये का अहम योगदान करते हैं। खर्च में वितरण एवं विविधता का यह स्तर स्वास्थ्य सेवाओं में सरकारी खर्च की बढ़ती भूमिका को दर्शाता है, जिसका प्राथमिक एवं निदानात्मक उपचार, दोनों स्तरों पर विस्तार हुआ है। खासतौर से ग्रामीण और दूर-दराज के वंचित क्षेत्र इससे लाभान्वित हुए हैं। खर्च की पड़ताल करें तो समझ आता है कि प्राथमिक सेवाओं पर बहुत ध्यान दिया जा रहा है, जिसमें कुल व्यय का 46 प्रतिशत इन पर हो रहा है। प्राथमिक सेवाओं पर तो सरकारी खर्च 50 प्रतिशत तक है, जो दर्शाता है कि मूलभूत स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी आवश्यकताओं की पूर्ति को प्राथमिकता दी जा रही है।



वहीं द्वितीयक सेवाओं पर 33 प्रतिशत तो तृतीयक सेवाओं पर 16 प्रतिशत खर्च इस बात का संकेत है कि सभी स्तरों पर संतुलन साधा जा रहा है। समग्रतापूर्ण दृष्टिकोण से उन्नत किया जा रहा स्वास्थ्य ढांचा न केवल कोविड महामारी जैसी आकस्मिक चुनौतियों का सामना करने में कहीं अधिक सक्षम बनाएगा, बल्कि गैर-संचारी रोगों के बढ़ते दायरे से निपटने में भी मददगार होगा। लंबे अर्से से स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित इलाकों में भी इन सेवाओं की पहुंच और विस्तार के लाभ सामने आ रहे हैं। सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं का विस्तार भी स्वास्थ्य पर लोगों के खर्च को घटाने में मददगार साबित हो रहा है। सरकार ने बीमा योजना और ऐसी ही कुछ अन्य पहल की हैं, जिनका लाभ लोगों को मिला है। वर्ष 2014-15 में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं पर जो खर्च 5.7 प्रतिशत था, वह 2021-22 में बढ़कर 8.7 प्रतिशत हो गया है, जो इसका सूचक है कि स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर वित्तीय जोखिम झेलने वाले लोगों को एक सुरक्षा आवरण प्राप्त हुआ है।

भारत में लंबे समय से यह सिलसिला कायम रहा है कि बीमारियों के चलते परिवार के परिवार गरीबी के दलदल में चले जाते थे। ऐसे में, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं उनके लिए एक बड़ा संबल बनकर उभरी हैं। स्वास्थ्य पर सरकार के बढ़ते खर्च और लोगों पर घटते वित्तीय बोझ के देश को सामाजिक-आर्थिक विकास से जुड़े दूरगामी लाभ हासिल होंगे। इससे शिशु-मातृ मृत्यु दर पर अंकुश लगाने के साथ ही जीवन प्रत्याशा बढ़ेगी। जीवन की गुणवत्ता बढ़ेगी। सेहतमंद होने से लोगों की उत्पादकता में बढ़ोतरी होगी, जिससे आर्थिक वृद्धि को तेजी के नए पंख लगेंगे। इन सकारात्मक रुझानों के बीच अभी भी कुछ ऐसे बिंदु सामने आते हैं, जिन पर समय रहते ध्यान देने की आवश्यकता है।

स्वास्थ्य पर बढ़े खर्च के साथ ही इससे हासिल हो रहे फायदों की निरंतरता का भी ध्यान रखना होगा। इसका अर्थ है कि स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के साथ ही इस पर नजर बनाए रखी जाए कि जो सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं, उनकी गुणवत्ता कैसी है। इसके साथ ही बीमारी की शुरुआती स्तर पर पहचान के तंत्र को भी प्रभावी बनाना होगा ताकि अगले चरण में बीमारी के बिगड़ने पर जो अधिक खर्च एवं जटिलताएं बढ़ती हैं, उन्हें दूर किया जा सके। इससे लोगों को लाभ मिलने के साथ ही स्वास्थ्य तंत्र पर भी बोझ घटेगा। कुल मिलाकर, एनएचए के आकलन यही दर्शाते हैं कि स्वास्थ्य के मोर्चे पर देश सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। निःसंदेह यह प्रगति प्रशंसनीय है, लेकिन इस क्रम को यथावत बनाए रखने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति के साथ ही पर्याप्त नीतिगत हस्तक्षेप भी आवश्यक होंगे। इसमें कोई संदेह नहीं कि स्वास्थ्य सेवाओं पर सरकार के बढ़े खर्च ने एक मजबूत बुनियाद रखी है, लेकिन अगले चरण के स्वास्थ्य सुधारों में गुणवत्ता और दीर्घकालिक निरंतरता पर ध्यान केंद्रित करना होगा ताकि प्रत्येक नागरिक तक उत्तम कोटि की स्वास्थ्य सुविधाएं किफायती दरों पर पहुंच पाएं।

**( यह लेखक के निजी विचार हैं )**

# साइबर अपराधियों से सतर्कता ही सुरक्षित रखेगी

**अपराध**

**शर्म, डर या जागरूकता की कमी के कारण इन अपराधों को दर्ज नहीं कराते हैं.अपराध या दुर्घटना के लिए धमकी हो सकती है जो कभी हुई ही नहीं. 'डिजिटल गिरफ्तारी' के तहत वीडियो कॉल करके बड़ी रकम का तुरंत भुगतान करने की मांग की जा सकती है।**

**-प्रवीण दीक्षित-**

हर जगह दिनोंदिन हो रही साइबर अपराधों की संख्या में गुणात्मक वृद्धि न केवल चिंताजनक है, बल्कि दर्दनाक भी है। इसमें कोई अपवाद नहीं है और यह लगभग सभी को अपनी चपेट में ले रहा है, चाहे वह अमीर हो या गरीब, शिक्षित हो या अशिक्षित, पुरुष और महिला, बुजुर्ग और युवा सभी को। अपराधी आमतौर पर अदृश्य होते हैं और अगर दिखाई देते भी हैं तो उनकी पहचान नकली होती है। पीड़ित भोले-भाले लोग होते हैं। वे आसानी से उनकी चालों का शिकार हो जाते हैं और शर्म, डर या जागरूकता की कमी के कारण इन अपराधों को दर्ज नहीं कराते हैं। जब उन्हें पता चलता है कि उनके साथ धोखा हुआ है, तब तक काफी समय बीत चुका होता है और हस्तांतरित राशि अपराधियों द्वारा निकाल ली जाती है। साइबर अपराध की प्रकृति हर जगह और हर घटना में अलग-अलग हो सकती है। यह फर्जी पोर्टल के माध्यम से शेयर मार्केट में निवेश हो सकता है, यह किसी प्रतिष्ठित कंपनी के नाम पर आकर्षक नौकरी की पेशकश हो सकती है।

यह वैवाहिक प्रस्ताव हो सकता है या इसे तथाकथित डिजिटल गिरफ्तारी कहा जा सकता है। साइबर अपराध किसी अनजान और फर्जी व्यक्ति द्वारा कभी-कभी आकर्षक पेशकश देने वाले कॉल के माध्यम से होता है, या यह किसी ऐसे अपराध या दुर्घटना के लिए धमकी हो सकती है जो कभी हुई ही नहीं।

यह गैस कनेक्शन कंपनी के नाम पर हो सकता है जिसमें आपसे आपकी व्यक्तिगत जानकारी अपडेट करने और बैंक खाते के विवरण की मांग की जाती है। ईमेल के माध्यम से आपसे आपकी व्यक्तिगत बैंक जानकारी देने के लिए कहा जा सकता है या आपको 'डिजिटल गिरफ्तारी' के तहत वीडियो कॉल करके बड़ी रकम का तुरंत भुगतान करने की मांग की जा सकती है। भुगतान पूरा होने तक धोखेबाज कमरे से बाहर निकलने की भी अनुमति नहीं देते हैं। पीड़ित हाल ही में सेवानिवृत्त हुए व्यक्ति हो सकते हैं जो आकर्षक रिटर्न के लिए अपनी सेवानिवृत्ति राशि का निवेश करने में रुचि रखते हैं, या बेरोजगार युवा जो भारत या विदेश में नौकरी की पेशकश की तलाश में हैं। यह शादी के प्रस्ताव में रुचि रखने वाली युवा महिला हो सकती है। ऐसे उदाहरण भी हैं जब महिलाओं को ब्लैकमेल करने या उनकी अश्लील तस्वीरें प्रकाशित करने की धमकी दी जाती है।

कोई कह सकता है कि झूठे वादों के लिए आपको आकर्षित करने के लिए हर संभव चाल, आपके लालच के कारण आपको असामान्य रिटर्न का लालच देना, या आपके सपने को साकार करने की उम्मीद करना जिसके लिए आप पात्र नहीं हैं, साइबर अपराधी आपको लालच दिखाते हैं। जाहिर है, पर्याप्त धन वाले लोग उनकी चालों का शिकार हो जाते हैं और दुर्भाग्य से, वे भी फंस जाते हैं जो सोशल मीडिया, मोबाइल हैंडलिंग या कम्प्यूटर के जानकार होते हैं। ऐसे मामलों में से कुछ मामलों में, कानून लागू करने वाली एजेंसियां अपराधियों को पकड़ने में सफल रही हैं, यहां तक कि इन अपराधियों को खुद भी नहीं पता होता कि पैसे कहां ट्रांसफर किए गए हैं।

मैं आपका ध्यान 10 अक्तूबर, 2024 को एनआईए के बयान की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। इसमें लिखा था, 'एनआईए की जांच से पता चला है कि पांच लोग आर्थिक रूप से कमजोर भारतीय युवाओं को मानव तस्करी के जरिये लाओ पीडीआर के 'गोल्डन ट्राएंगल क्षेत्र' ले जाते थे, जहां उन्हें यूरोपीय और अमेरिकी नागरिकों को निशाना बनाकर साइबर घोटाले करने के लिए मजबूर किया जाता था।

उन्होंने अपनी हेल्पलाइनों को भी प्रचारित किया है जहां पीड़ितों को जल्द से जल्द रिपोर्ट करने के लिए कहा जाता है। भारत सरकार ने हेल्पलाइन नंबर 1930 जारी किया है और साथ ही पीड़ितों को https://www.cybercrime.gov.in पर रिपोर्ट करने के लिए कहा है। दूरसंचार विभाग के पास चक्षु नामक एक पोर्टल है- पिछले तीस दिनों के भीतर की संदिग्ध धोखाधड़ी और अनचाहे वाणिज्यिक संचार की रिपोर्टिंग के लिए। भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) की स्थापना गृह मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली में की गई थी। जिसका उद्देश्य साइबर अपराध से समन्वित और व्यापक तरीके से निपटने के लिए कानून प्रवर्तन एजेंसियों (एलईए) को एक ढांचा और पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करना है। आई4सी के देश में साइबर अपराध को रोकने के लिए नोडल बिंदु के रूप में कार्य करने की परिकल्पना की गई है। (https://iyc.mha.gov.in/ ) यह साइबर योद्धा के रूप में कानून लागू करने वाली एजेंसियों को प्रशिक्षण देकर जागरूकता पैदा करने के प्रयासों से संबंधित है और इसने हजारों पुलिस अधिकारियों को साइबर अपराध के बारे में प्रशिक्षित किया है। यह साइबर दोस्त के रूप में सोशल मीडिया के माध्यम से जागरूकता संदेश भी फैलाता है। साइबर अपराध से लड़ने के प्रयासों को मजबूत करने के उद्देश्य से, महाराष्ट्र सरकार ने हाल ही में साइबर अपराध जांच क्षमता केंद्र की स्थापना की है। इसका दावा है कि इसके पास क्रिप्टोकरेंसी धोखाधड़ी जैसे अपराधों की जांच में सहायता करने और साइबर अपराध से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए टेक्नोलॉजी असिस्टेड इंटेलिजेंस (टीएआई) और मशीन लर्निंग टूल सहित सर्वोत्तम वैश्विक तकनीकें हैं। इसमें सुरक्षा संचालन केंद्र (एसओसी) है जिसे बड़े पैमाने पर सुरक्षा उल्लंघनों का प्रबंधन करने और व्यक्तियों और व्यवसायों को लक्षित करने वाले खतरों का जवाब देने के लिए डिजाइन किया गया है।

अंत में मैं कम्प्यूटर, मोबाइल या किसी अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के रूप में साइबरस्पेस का उपयोग करने वाले सभी लोगों से आग्रह करना चाहूंगा कि वे भारत या विदेश से किसी भी अज्ञात मोबाइल नंबर से आने वाली कॉल, ईमेल या वीडियो कॉल का जवाब देने से पूरी तरह बचें। यदि आप जवाब देना चाहते हैं, तो पहले उस व्यक्ति के विवरण की पुष्टि करें, जो आपको कॉल कर रहा है या ईमेल या लिंक भेज रहा है। निरंतर जागरूकता ही आपके जीवन, धन, सम्मान और प्रतिष्ठा को लगातार बढ़ते साइबर अपराधियों से बचा सकती है।

**( यह लेखक के निजी विचार हैं )**

## SUDOKU 178

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | 6 | 1 | | | | |
| 9 | | 4 | | | | | | |
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | 5 | | 9 | | 1 | | 8 | |
| 3 | | | | | | | | 6 |
| | 6 | | 3 | | 8 | | 2 | |
| 5 | | | | | 6 | | | |
| | | | | | | 1 | | 2 |
| | | | | 4 | 5 | | 7 | 8 |

## SOLUTIONS 178

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 1 | 4 | 9 | 8 | 6 | 3 | 7 |
| 4 | 3 | 9 | 5 | 7 | 6 | 2 | 8 | 1 |
| 7 | 6 | 8 | 3 | 1 | 2 | 9 | 5 | 4 |
| 6 | 5 | 7 | 2 | 4 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 2 | 9 | 3 | 1 | 8 | 5 | 4 | 7 | 6 |
| 1 | 8 | 4 | 6 | 3 | 7 | 5 | 2 | 9 |
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 3 | 4 | 2 |
| 9 | 4 | 5 | 7 | 2 | 3 | 1 | 6 | 8 |
| 3 | 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 9 | 5 |

Rules : The 3x3 sub-grids are called regions. Number already filled in the grid are called givens. The goal of the player is to fill the blank grids of every row, every column and every 3x3 box with the numbers 1,2,3,4,5,6,7,8,9 However, All rows, colums and regions (3x3) should contain numbers 1 to 9 without repeating.

## राशिफल

**मेष :** आपके द्वारा लिए गए निर्णय बड़ा लाभ देंगे। पुराने रुके हुए कार्य पूर्ण होंगे। धन लाभ हो सकता है। लोगों का उधार भी चुकाएंगे। घर में खुशीनूमा माहौल रहेगा।

**वृषभ :** आज वृषभ राशि वालों को संपत्ति के व्यापार आदि से लाभ होगा। यह सफलता का सप्ताह है, जो चाहेंगे वही कार्य पूरा होने के योग हैं। आपको साझेदार से फायदा होगा।

**मिथुन :** आज भाग्य का साथ मिलेगा। रुका हुआ पैसा वापस मिलेगा। यह दिन आपके लिए शुभ रहेगा। बीमारी आदि का पता चलेगा लेकिन जल्द ही छुटकारा पा लेंगे।

**कर्क :** चिंता से मुक्ति मिल सकती है। आपकी आर्थिक स्थिति में बदलाव हो सकते हैं। किसी यात्रा पर जाना पड़ सकता है। आपकी आर्थिक स्थिति वैसे तो ठीक रहेगी, लेकिन कोई भी कार्य बेहद संभल कर करें।

**सिंह :**आज पैसों का लेन-देन सोच-समझकर ही करें। पैसा न फंसाएं तो ही आप फायदे में रहेंगे। सावधान रहने की सख्त जरूरत है। कोई नया काम शुरू करने से पहले सावधान रहें।

**कन्या :** आज का दिन शुभ रहने वाला है। कोई शुभ समाचार मिलेगा। प्रियजनों के साथ आपके संबंध सुधरेंगे। निजी जीवन में छोटे-मोटे बदलाव संभव हैं ।

**तुला :** आज का दिन सामान्य रहने वाला है। मेहनत पूरी होगी लेकिन फल उसके अनुसार नहीं मिलेगा। आज के दिन सभी कार्य शांति और धैर्य से करें।

**वृश्चिक :** आज का दिन अच्छा कहा जा सकता है। आपके सपनों के पूरे होने का समय आ गया है। पारिवारिक मामलों में आपकी दिलचस्पी बढ़ेगी।

**धनु :** आज कोई भी निर्णय जल्दबाजी में न करें, नुकसान हो सकता है। कहीं बाहर घूमने जाना हो सकता है। व्यापार में नए लोगों से मुलाकात होगी।

**मकर :** आज के दिन सावधान रहने की खास जरुरत है। नकरात्मक विचार परेशान कर सकते हैं। संचित धन में कमी आए सकती है और धन की समस्या भी हो सकती है। प्रियजनों के साथ अधिक समय बिताएं।

**कुंभ :** भूमि और प्रॉपर्टी के कामों से धन लाभ होगा। नई योजनाएं बनेंगी लेकिन पूर्ण नहीं हो पाएंगी। हालांकि यह दिन आपके लिए अच्छा है। अधिकारियों से संबंध बेहतर होंगे। दापंत्य जीवन सुखमय रहेगा।

**मीन :** आज निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें। सही मौके का इंतजार करना चाहिए। आज आप व्यस्त रहेंगे। करियर में पॉजिटिव दिशा की ओर आगे बढ़ेंगे।

## आज का पंचांग

**तिथि/संवत :** 15 अक्टूबर 2024 दिन मंगलवार आश्विन मास शुक्ल पक्ष त्रयोदशी तिथि विक्रम संवत 2081 शक संवत 1946

**सूर्य उदय कालीन ग्रह विचार**

सूर्य कन्या राशि में चंद्र कुंभ राशि में मंगल मिथुन राशि में बुध तुला राशि में गुरु वृषभ राशि में शुक्र वृश्चिक राशि में शनि कुंभ राशि में राहु मीन राशि में और केतु कन्या में रहेगा।

**सूर्य उदय कालीन ग्रह विचार**

सुबह प्रातः कल कुंभ राशि का नक्षत्र पूर्व भाद्रपद का प्रथम चरण प्रारंभ होगा और इसका नक्षत्र पाया तांबा रहेगा प्रातः 10:30 बजे कुंभ राशि का नक्षत्र पूर्वा भाद्रपद का द्वितीय चरण प्रारंभ होगा और इसका नक्षत्र पाया तांबा रहेगा दोपहर 4:00 बजे कुंभ राशि का नक्षत्र पूर्वाभाद्रपद का तृतीय चरण प्रारंभ होगा और इसका नक्षत्र पाया तांबा रहेगा रात्रि 11:00 बजे मीन राशि का नक्षत्र पूर्व भाद्रपद का चतुर्थ चरण प्रारंभ होगा और इसका नक्षत्र पाया तांबा रहेगा। **योग :** वृद्धि **करण :** कोलव

**चौघड़िया, मंगलवार**

सुबह 6.00 से 7.30.............................. रोग
सुबह 7,30 से 9.00.............................. उद्वेग
सुबह 9.00 से 10.30.............................. चर
सुबह 10.30 से 12.00.............................. लाभ
दोपहर 12.00 से 1.30.............................. अमृत
दोपहर 1.30 से 3.00..............................काल
दोपहर 3.00 से 4.30.............................. शुभ
शाम 4.30 से 6.00..............................रोग

**आज जन्मे बच्चों की राशि और नाम**

| समय | नक्षत्र | चरण | पाया | राशि | अक्षर |
|---|---|---|---|---|---|
| सुबह 06:00 बजे | पूर्व भाद्रपद | प्रथम | तांबा | कुंभ | गा |
| प्रातः 10:30 बजे | पूर्व भाद्रपद | द्वितीय | तांबा | कुंभ | गी |
| दोपहर 4:00 बजे | पूर्व भाद्रपद | तृतीय | तांबा | कुंभ | गु |
| रात्रि 11:00 बजे | पूर्व भाद्रपद | चतुर्थ | तांबा | मीन | गु |

**राहुकाल**- दोपहर 3.00 से 4.30 बजे तक रहेगा।

**आराधना का मंत्रः**-ऊँ ग्रां ग्रीं ग्रौं सः गुरवे नमः।

*पं. अरविंद तिवारी

## जीवन दर्शन

गीता में कहा गया है कि शरीर तो एक पुतला मात्र है इसमें मौजूद आत्मा जीव है। यह जिस शरीर में होता है उस शरीर के गुण, कर्म और अपेक्षा के अनुरूप मृत्यु के बाद नया शरीर धारण कर लेता है। आत्मा न तो जन्म लेता है और न इसकी मृत्यु होती है। जब तक आत्मा शरीर में रहती है तब-तक शरीर जीवत रहता है। आत्मा द्वारा शरीर का त्याग करते ही शरीर सड़ने लगता है और इससे बदबू आने लगती है। गरूड़ पुराण में कहा गया है कि व्यक्ति की मृत्यु के बाद भी काफी समय तक आत्मा शरीर के आस-पास भटकती रहती है। जिस व्यक्ति की मृत्यु आ जाती है और उनका मोह शरीर से लगा रहता है उनकी आत्मा को यमदूत जबरदस्ती खींचकर ले जाते हैं। यही कारण है कि प्राचीन काल में योगी मुनि अपनी इच्छा से योग द्वारा शरीर का त्याग करते थे।

माना जाता है कि इस प्रकार शरीर का त्याग करने से सद्गति प्राप्त होती है। हिन्दू धर्म के अलावा बौद्ध धर्म में भी ऐसी ही मान्यता है। इसलिए बौद्ध भिक्षु भी योग द्वारा शरीर त्याग किया करते थे। योग द्वारा शरीर का त्याग करने से शरीर जल्दी दूषित नहीं होता है, क्योंकि उसमें जीवन का अंश मौजूद रहता है। हाल ही में धर्मशाला स्थित डेलेक अस्पताल में बौद्ध भिक्षु गैंगिंग खेतरुल रिंपोंछे की मौत के छह दिन बाद भी उसके पार्थिव शरीर के सुरक्षित रहने से दुनिया भर के चिकित्सक हैरान हैं। हालांकि इससे पूर्व जनवरी 2013 में भी दक्षिण भारत की ड्रेपुंग मोनेस्ट्री में इस तरह का मामला सामने आया है, जिसमें मोनेस्ट्री के प्रमुख रहे लोबसंग निमा मौत के बाद 18 दिन तक इसी अवस्था में रहे थे। इन घटनाओं ने मृत्यु के बाद आत्मा की स्थिति की मान्यताओं पर एक नयी बहस छेड़ दी है और शास्त्रों एवं पुराणों की मान्यताओं पर पुनः अध्ययन करने के लिए वैज्ञानिकों को प्रोत्साहित किया है। हालांकि, वैज्ञानिक शोध में जुटे चिकित्सक अभी तक यही मान रहे हैं कि जब तक आत्मा है, तब तक शरीर सुरक्षित रहेगा। थुकदम (यानी मृत्यु के बाद भी शरीर के यथावत रहने की मुद्रा) के शोध प्रोजेक्ट पर काम कर रहे डेलेक अस्पताल के चीफ मेडिकल आफिसर डा. छेतेन दोरजे का कहना है कि विज्ञान हालांकि इस बात को स्वीकार नहीं करता मगर, हमें मानना होगा कि यह जीवन और जीवन के बाद आत्मा से जुड़ा पहलू है। उन्होंने दावा किया बहुत जल्द वैज्ञानिक तथ्यों के साथ वह इसके रहस्य तक भी पहुंचने वाले हैं। लेकिन इसके लिए उन्हें इस तरह के और सब्जेक्ट की तलाश है।

**-सत्यप्रकाश**

## संक्षिप्त खबरें

### दिनदहाड़े व्यापारी से लूट की कोशिश, कट्टे की बट से हमला

**जागरण, श्योपुर।** बाइक सवार बदमाशों ने श्योपुर में दिनदहाड़े एक व्यापारी से लूट की कोशिश की। बाइक सवार बदमाशों ने व्यापारी से रुपयों से भरा बैग लूटने का प्रयास किया। इस दौरान व्यापारी के सिर पर कट्टे से भी वार किया लेकिन उसकी हिम्मत की वजह से बदमाश लूटपाट की इस घटना को अंजाम देने में सफल नहीं हो पाए। पुलिस ने घटना की सूचना के बाद केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मामला श्योपुर जिला मुख्यालय के आईसीआईसीआई बैंक के बगल वाली गली का है। व्यापारी का नाम नितिन गर्ग है, जो बैंक से 9 लाख 90 हजार निकालकर ले जा रहा था। बदमाश पहले से ही उसकी रैकी कर रहे थे, जैसे ही व्यापारी रुपयों से भरा बैग लेकर बैंक के बाहर निकला मौका मिलते ही बदमाशों ने उस पर अटैक कर दिया। बाइक सवार बदमाशों ने व्यापारी से बैग छीनने का प्रयास किया, लेकिन इससे पहले ही व्यापारी ने शोर मचा दिया। इससे मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। मौके की नजाकत को भांपते हुए आरोपी फरार हो गए। घटना की सूचना पर एसपी वीरेंद्र जैन और पुलिस बल भी मौके पर पहुंचा। फिलहाल अज्ञात आरोपियों की सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तलाश की जा रही है।

### छेड़छाड़ से तंग होकर फांसी लगाने वाली छात्रा के परिजनों ने घेरा एसपी ऑफिस

**जागरण, सीधी।** छेड़छाड़ से परेशान होकर 15 साल की छात्रा ने बीते 9 अक्टूबर को घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। घटना के 5 दिन बाद सोमवार को परिजन ने एसपी ऑफिस का घेराव किया। पुलिस ने ऑफिस का मेन गेट लगा दिया। इसके बाद परिजन सड़क पर ही बैठ गए। परिजनों ने आरोपियों को फांसी पर लटकाने और उनका घर ढहाने की मांग की है। छात्रा ने सुसाइड नोट भी छोड़ा था। इसमें तीन आरोपियों के नाम थे। पुलिस ने जांच के बाद घटना के अगले दिन ही पांच आरोपियों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। मुख्य आरोपी रिश्ते में चाचा लगता है।

### इंदौर से लापता छात्रा को अलीगढ़ से किया बरामद

**जागरण, इंदौर।** शहर की बाणगंगा पुलिस ने 10 दिन पहले लापता छात्रा को अलीगढ़ से बरामद कर लिया है। पांच पुलिसकर्मियों की टीम ने लगातार पांच दिनों तक लोकेशन ट्रैक कर आरोपी का पीछा किया। पुलिस का कहना था कि आरोपी और छात्रा की मोबाइल लोकेशन लगातार बदल रही थी। इसके चलते दोनों को ट्रेस करने में परेशानी आ रही थी। छात्रा को अलीगढ़ में बरामद किया। इससे पहले दोनों की लोकेशन दिल्ली में मिली थी लेकिन जब पुलिस वहां पहुंची तब तक आरोपी अलीगढ़ पहुंच चुका था। इसके बाद पुलिस ने अलीगढ़ में दबिश देकर आरोपी को पकड़ लिया। रविवार रात पुलिस छात्रा और आरोपी युवक को इंदौर लेकर पहुंची। छात्रा के मेडिकल और बयान के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### छेड़छाड़ करने वालों की युवती ने चप्पलों से की पिटाई

**जागरण, छतरपुर।** परिवार के साथ दशहरा कार्यक्रम देखने गई युवती को छेड़ना मनचलों को भारी पड़ गया। युवती ने छेड़छाड़ करने वाले युवकों की भाई के साथ मिलकर चप्पलों से धुनाई कर दी। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में युवती सहित कुछ लड़के एक दूसरे को मरते हुए नजर आ रहे हैं। जानकारी अनुसार, दशहरा कार्यक्रम देखने गई लड़की को बाहर खड़े तीन लड़के छेड़ रहे थे, जिसके बाद युवती के भाई और युवती ने चप्पलों से तीनों की जमकर पिटाई कर डाली। मामले की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों आवारा लड़कों को थाने ले गई। मामले का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

हृदय विदारक घटनाः पिता के साथ नाश्ता लाने जा रहे इकलौते चिराग की सड़क हादसे में हुई दर्दनाक मौत


# बाइक को मारी टक्कर, उछलकर ट्रक के नीचे आया बच्चा, दो हिस्सों में बंटा शरीर

राजगढ़ के पचोर में बस स्टैंड की घटना, ट्रक जब्त कर चालक को किया गिरफ्तार

**जागरण, राजगढ़/ ब्यावरा।** राजगढ़ जिले में सारंगपुर के पचोर में बस स्टैंड से गुजर रहे एक ट्रक ने बाइक सवार पिता-पुत्र को टक्कर मार दी। घटना में 8 साल के बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई। बच्चा पिता के साथ नाश्ता लेने आया था। बाइक से उछलकर गिरे मासूम की कमर से ट्रक का पहिया निकल गया। इससे शरीर दो हिस्सों में बंट गया। पुलिस ने फौरन बच्चे को अस्पताल पहुंचाया। वहीं, ट्रक चालक को हिरासत में लेकर ट्रक को थाने में खड़ा कराया है। हादसे के बाद से लोगों में भारी गुस्सा है। कुछ लोगों ने ड्राइवर की पिटाई भी की।

#### बेटे को नाश्ता दिलाने ले जा रहे थे पिता

पुलिस के मुताबिक 8 साल के विधान के पिता विशाल राजौरे बस स्टैंड पर फल की दुकान लगाते हैं। सोमवार सुबह साढ़े 10 बजे बच्चे को बाइक से लेकर नाश्ता दिलाने के लिए आए थे। इसी दौरान मंडी की ओर से आ रहे ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। घटना में बाइक के साथ पिता विशाल एक तरफ गिरे तो विधान दूसरी तरफ उछलकर जा गिरा। बच्चे के गिरते ही ट्रक के पहिए शरीर पर चढ़ गए जिससे शरीर दो हिस्सों में बंट गया।



#### जिद करके पिता के साथ गया था विधान

परिजन ने बताया कि विशाल बेटे को रेस्टोरेंट से नाश्ता लाकर देने की बात कह कर निकल रहे थे, लेकिन वो नहीं माना। साथ जाने की जिद करने लगा। पिता के साथ ही उसे चाचा और मां ने भी उसे मना किया था। विधान जिद पर अड़ा रहा। इसके बाद पिता विशाल उसे रेस्टोरेंट से नाश्ता दिलाने निकले। इसी दौरान ये हादसा हो गया।

#### लोगों में आक्रोश, परिजन का रो-रोकर बुरा हाल

हादसे के बाद परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, पचोर शहर में दिन में ही बाजार में खाली हो रहे ट्रकों को लेकर लोगों में भारी गुस्सा है। फिलहाल पचोर में करणवास बोड़ा और तलेन थाने से भी पुलिस बल बुलाया है। थाना प्रभारी अखिलेश वर्मा ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रक ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है। ट्रक भी जब्त कर लिया है।

#### परिवार में अकेला लड़का था विधान

पचोर के वार्ड 13 खटीक मोहल्ले के रहने वाले विशाल राजौरे, आकाश राजौरे, परमानंद राजौरे और कान्हा राजौरे चार भाइयों में सिर्फ बड़े भाई विशाल और मंझले भाई आकाश की शादी हुई थी। लेकिन चार भाइयों के इस परिवार में एक ही लड़का विधान (वरदान) था। घटना के बाद पूरे खटीक मोहल्ले में मातम का माहौल है। विधान की मां पिंकी खटीक आरोन की रहने वाली हैं। नवमी और दशहरा मनाकर विधान मां के साथ रविवार को ही आरोन से लौटा था।

### ट्रक ने बाइक सवारों को रौंदा, बेटी की मौत, माता-पिता गंभीर

**जागरण, जबलपुर।** नागपुर-प्रयागराज नेशनल हाईवे पर सोमवार को तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दंपत्ति और 9 साल की बच्ची को रौंद दिया। बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं माता-पिता गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। घटना पनागर थाना के बम्हनोदा ग्राम के पास सुबह करीब साढ़े 11 बजे की है। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि बाइक सवार युवक अपनी पत्नी और बेटी के साथ सिहोरा ससुराल जा रहा था। उस दौरान हादसा हुआ। घटना के बाद ड्राइवर ट्रक छोड़कर फरार हो गया। जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। ट्रक को जब्त कर पुलिस ने थाने में खड़ा किया है। जानकारी के मुताबिक, घंसौर निवासी राकेश पटेल, पत्नी कविता पटेल और 9 साल की बच्ची संस्कृति के साथ सुबह करीब 10 बजे बाइक से सिहोरा ससुराल जा रहा था। बाइक जैसे ही पनागर थाना के ग्राम बम्हनौदा के पास पहुंची तभी तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर से तीनों बीच सड़क पर गिर गए। इसके चलते बच्ची ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। आसपास मौजूद लोगों ने घटना की सूचना पनागर थाना और 108 को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल पति-पत्नी को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भेजने के साथ ही ट्रक को जब्त कर लिया है। बताया जा रहा है कि ट्रक जबलपुर से लखनऊ जा रहा था।



जबलपुर के नागपुर-प्रयागराज हाईवे पर दर्दनाक हादसा

### कंटेनर की टक्कर में दो सगे भाइयों की मौत



**जागरण, नलखेड़ा।** आगर में उज्जैन मार्ग पर स्थित राधा स्वामी सत्संग आश्रम के पास एक कंटेनर ने कार को पीछे से टक्कर मार दी जिससे कार में सवार दो सगे भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई वहीं कार में सवार एक महिला सहित तीन लोग घायल हो गए आगर जिला चिकित्सालय में ले जाया गया पुलिस में उक्त मामले में मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को प्रातः 7. 30 बजे के करीब नलखेड़ा निवासी कपड़ा व्यापारी सुनील पिता प्रेमचंद परमार उनकी धर्मपत्नी कमलाबाई एवं छोटे भाई संजय पिता प्रेमचंद परमार, जमाई किशोर पिता सत्यनारायण चौहान, ड्राइवर प्रकाश प्रजापति उज्जैन के पास स्थित एक गांव में कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। तभी प्रातः 9. 00 बजे के करीब उज्जैन मार्ग आगर में स्थित एसडीएम ऑफिस एवं राधा स्वामी सत्संग आश्रम के पास एक कंटेनर चालक ने तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए कार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी टक्कर इतनी भयंकर थी कार सड़क के पास स्थित खंती में जा गिरी। टक्कर से कार में सवार सुनील परमार एवं भाई संजय परमार की मौके पर ही मौत हो गई वही सुनील परमार की पत्नी कमलाबाई, जमाई किशोर चौहान व ड्राइवर प्रकाश घायल हो गए जिन्हें 108 एंबुलेंस की मदद से आगर जिचि ले जाया गया।

## थाने में केस दर्ज कराने आए व्यापारी की मौत, परिजनों ने फेंकी कुर्सियां

### जमीन विवाद में आरोपियों ने पीटा था, थाने के सामने शव रखकर चक्काजाम

**जागरण, बड़वानी।** जमीन विवाद में पिटाई के बाद एफआईआर कराने थाने पहुंचा अनाज व्यापारी कुर्सी से गिर गया, उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद व्यापारी शैलेंद्र वाणी के परिजन थाने में घुस गए। आक्रोशित परिजनों ने हंगामा करते हुए कुर्सियां फेंकीं। इसके बाद थाने के सामने सड़क पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। शैलेंद्र के परिजनों और ग्रामीणों ने पुलिस पर सही कार्रवाई नहीं करने के आरोप लगाए हैं। पूरा मामला जिले के निवाली गांव का है। व्यापारी सोमवार दोपहर को 3.30 बजे रिपोर्ट कराने पहुंचा था। रिपोर्ट लिखवाने के दौरान कुर्सी से गिरकर अचेत हो गया। थाने में व्यापारी के कुर्सी से गिरने का वीडियो भी सामने आया है। सेंधवा के निजी अस्पताल में शाम करीब 4 बजे उनकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने विरोध-प्रदर्शन किया, वे आरोपियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज करने की मांग कर रहे हैं। हालात को देखते हुए बड़वानी के एएसपी अनिल पाटीदार, राजपुर एसडीओपी आयुष अलावा और सेंधवा के एसडीओपी कमल सिंह चौहान मौके पर अतिरिक्त पुलिस बल के साथ पहुंचे।



#### जमीन विवाद में आरोपियों ने पीटा था

निवाली थाने के टीआई आरके लोवंशी ने बताया कि शैलेंद्र वाणी (45) और आदिवासी सुखलाल के बीच कुसमिया रोड पर स्थित जमीन को लेकर विवाद हुआ था। शैलेंद्र, सुखलाल और अन्य लोगों को उसकी जमीन पर खेती करने से रोकने गया था। यहां उन्होंने शैलेंद्र की पिटाई कर दी। पिटाई के बाद शैलेंद्र निवाली पुलिस थाने रिपोर्ट कराने पहुंचा था। इसी दौरान वह कुर्सी से गिर गया, उन्हें 18 किलोमीटर दूर सेंधवा में निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डझॅक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### ताला तोड़कर सराफा दुकान से ज्वेलरी चोरी

**जागरण, रतलाम।** शहर के रावटी में सोमवार तड़के नकाबपोश बदमाशों ने सदर बाजार स्थित दो सराफा दुकानों के ताले तोड़ दिए। बदमाश यहां से बड़ी मात्रा में चांदी के आभूषण चुरा ले गए। घटना सीसीटीवी में कैद हुई है। रावटी पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। सराफा दुकान व्यापारी आशीष पिता कैलाश सोनी निवासी टाटानगर ने पुलिस को बताया कि रविवार शाम करीब 6 बजे वह दुकानों पर ताला लगाकर रतलाम स्थित घर चले गए थे। सोमवार सुबह रावटी के एक व्यक्ति ने फोन कर बताया कि दुकानों के ताले टूटे हैं। इसके बाद मैं तत्काल रावटी स्थित दुकान आया, तो देखा कि बदमाश ताले तोड़कर बाहर फेंक गए थे। दुकान के दरवाजे अटके थे। जब दुकानों के अंदर जाकर देखा तो लकड़ी के शोकेस के ड्रॉज भी टूटे मिले। ड्रॉज में रखे बॉक्स में अंगूठी और बिछिया के करीब 100-100 नग गायब मिले।

## प्राचार्य ने छात्रा को छेड़ा ग्रामीणों ने जमकर पीटा

**जागरण, रायसेन।** जिले के बरेली में एक स्कूल प्रिंसिपल ने कक्षा 9वीं की छात्रा के साथ छेड़छाड़ की है। ग्रामीणों को जब इस बात की सूचना मिली तो उन्होंने प्राचार्य को बंधक बनाकर उसके साथ मारपीट की। पूरा मामला बरेली के चार गांव हाईस्कूल का है। यहां के प्राचार्य रामसेवक द्विवेदी ने कक्षा 9 वीं की छात्रा के साथ छेड़छाड़ की। प्राचार्य की इस हरकत से आहत होकर छात्रा बेहोश हो गई। तबीयत बिगड़ने के बाद छात्रा को अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की जानकारी छात्रा ने अपनी सहेलियों को दी थी, जब बात गांव में पहुंची तो आक्रोशित ग्रामीणों ने स्कूल पहुंचकर जमकर नारेबाजी की और प्रिंसीपल रामसेवक द्विवेदी को बंधक बनाकर उसके साथ जमकर पिटाई कर दी। बताया जा रहा है कि इससे पहले भी प्राचार्य छात्राओं के साथ छेड़छाड़ कर चुका है। चार माह पूर्व ही उसका तबादला चारगांव स्कूल में हुआ था।



प्राचार्य की हरकत से बिगड़ी छात्रा की तबीयत, भर्ती

## जंगलों में लौटा बाघ, ग्रामीणों ने आना-जाना किया बंद

**जागरण, इंदौर।** शहर से 45 किलोमीटर दूर मलेंडी के जंगलों में फिर बाघ के होने की खबर है। ग्रामीणों को बाघ नजर आया है। इसके बाद ग्रामीणों ने जंगलों में जाना बंद कर दिया है और शाम को भी गांव में अकेले नहीं घूमते। डेढ़ साल पहले भी महू और चोरल के जंगलों में बाघ का तीन माह तक मूवमेंट था। तब गाय, बकरियों के शिकार के अलावा एक वृद्ध पर को भी बाघ ने अपना शिकार बनाया था। बाघ के फिर नजर आने की वन विभाग के अफसरों ने भी पुष्टि की है। ग्रामीणों की तरफ से सूचनाएं आने के बाद खोज शुरू कर दी है। यह पता लगाया जा रहा है कि जो बाघ पिछले साल इंदौर के जंगलों में नजर आया, ये वही है या दूसरा बाघ है। वन विभाग पग मार्क के मिलान के जरिए इसका पता लगाने की तैयारी कर रहा है। ग्रामीणों को बाघ मलेंडी के जंगल में दिखाई दिया। यहां मानपुर, आशापुर का घना जंगल है, जो बाघ के रहने के लिए मुफीद है। लोग बारिश के मौसम के बाद लोग इन क्षेत्रों में पिकनिक मनाने भी जाते हैं। ग्रामीणों को अलर्ट किया जा रहा है। वन विभाग ने पर्यटकों के लिए भी बोर्ड लगाने की तैयारी की है, ताकि बाघ किसी का शिकार न करें।

**टीम बाघ को खोज रही :** इंदौर डीएफओ का कहना है कि ग्रामीणों को बाघ नजर आया है। इसके बाद से हमने क्षेत्र में अलर्ट कर दिया है। हमारी टीम भी बाघ को खोज रही है। बाघ बड़वाह के जंगलों से मानपुर के जंगलों की तरफ आया होगा।

## रिलायंस के रिटायर्ड जीएम और पत्नी के शव मिले

**जागरण, खंडवा।** हनुवंतिया टापू पर छुट्टियां मनाने आए एक बुजुर्ग दंपती की जलाशय में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने बैकवाटर से रेस्क्यू कर दोनों के शव बरामद कर लिए हैं। बुजुर्ग इंदौर में रिलायंस कंपनी से जनरल मैनेजर पद से रिटायर हुए थे। पत्नी के साथ हनुवंतिया घूमने आए थे। घटना सोमवार करीब 10 बजे की है। प्रारंभिक तौर पर पुलिस ने इस केस को एक्सीडेंटल माना है। मृतकों की पहचान भगवान सिंह धाकड़ और उनकी पत्नी सुनीता बाई निवासी डायमंड स्वेक्यर (निरंजनपुर) थाना लसुड़िया इंदौर के रूप में हुई हैं। मूंदी पुलिस के मुताबिक दंपती ने एमपी टूरिज्म के रिसोर्ट में 102 नंबर के कॉटेज की ऑनलाइन बुकिंग की थी। वो 12 अक्टूबर की शाम 4 बजे कार से रिसोर्ट पहुंचे थे। दो दिन से रिसोर्ट में रुके हुए थे। सोमवार सुबह के समय उनके साथ हादसा हुआ। एडिशनल एसपी राजेश रघुवंशी के मुताबिक घटना को लेकर पुलिस जांच कर रही है। फिलहाल मामला एक्सीडेंटल है। बैकवाटर के किनारे टहलते हुए किसी एक के साथ पैर फिसलने से हादसा होने की संभावना हैं। दूसरे ने बचाने की कोशिश की होगी और वह डूब गया। शरीर पर किसी प्रकार की चोट के निशान नहीं है।



#### रिसोर्ट के मैनेजर को दिखी लाश

सोमवार सुबह क्रूज के पास एमपीटी के मैनेजर को एक महिला की लाश दिखी। स्टाफ ने शिनाख्त की कि को पता चला महिला उनके रिसोर्ट में ठहरी हुई थी। जब कॉटेज में जाकर देखा तो उनके पति गायब थे। इसके बाद बैकवाटर में सर्चिंग के लिए एसडीआरएफ को बुलाया। एसडीआरएफ ने करीब तीन घंटे तक सर्चिंग की। शाम 4 बजे भगवान सिंह का शव बरामद हुआ।

## फ्लैट में लटका मिला हाईकोर्ट के नामी अधिवक्ता का शव

**जागरण, ग्वालियर।** हाईकोर्ट के नामी वकील का शव रविवार देर रात उनके ही फ्लैट में फांसी के फंदे पर लटका मिला। यह फ्लैट शहर के बलवंत नगर स्थित मनोहर एन्क्लेव में उन्होंने तीन महीने पहले ही खरीदा था। वकील सुरेश अग्रवाल के शव के पास से हाथ से बनी जन्म कुंडली मिली है। अग्रवाल शहर के बड़े मामलों में पैरवी करने के लिए जाने जाते थे। उन्होंने सम्राट मिहिर भोज जाति विवाद और संत पॉल चर्च के फादर की संदिग्ध हालत में सड़क हादसे में मौत के मामले में पैरवी की थी। अग्रवाल चार महीने पहले हाईकोर्ट के एक जज से अभद्रता के बाद बार एसोसिएशन से निलंबित चल रहे थे। निलंबन के बाद से अग्रवाल डिप्रेशन में थे। उनका इलाज भी चल रहा था, उन पर क्रिमिनल केस भी था। दो दिन बाद इस मामले की सुनवाई होना थी।



**ऑफिस के लिए निकले, पर पहुंचे नहीं:** सुरेश अग्रवाल म फ्लैट में कभी-कभार ही आते थे। इंदरगंज में उनका ऑफिस है। रविवार सुबह 9 बजे वे घर से निकले थे। अक्सर रविवार को अपने दफ्तर में जाकर बैठते थे लेकिन रविवार को ऑफिस नहीं पहुंचे। दिनभर गायब रहने के बाद उनकी तलाश शुरू की तो पता लगा कि वे मनोहर एन्क्लेव वाले फ्लैट पर हैं, जब परिजन फ्लैट पर पहुंचे तो उनका शव फांसी के फंदे पर मिला।

# इंदौर-खंडवा राजमार्ग पर चलना दूभर, सड़क पर हुए बड़े-बड़े गड्ढे

**जागरण, इंदौर।** इंदौर-खंडवा राजमार्ग की सर्विस लेन की हालत इन दिनों काफी खराब है। बारिश की वजह से सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं। यहां से वाहन निकलने में चालकों को परेशानी होती है। इसके चलते कई बार दुर्घटनाएं भी होती हैं। मानसून की विदाई होने के बाद अब एनएचएआई ने सर्विस लेन की मरम्मत कराने पर जोर दिया है। इसके लिए निर्माण एजेंसी मेघा इंजीनियरिंग को जल्द ही गड्ढे भरने को कहा है। एजेंसी भी राजी हो चुकी है, जो रात में काम करेगी। फिलहाल निर्माण 18 अक्टूबर बाद शुरू किया जा सकता है। मालूम हो कि सितंबर के अंतिम सप्ताह में राजमार्ग पर सुरंग की अप्रोच रोड बनाने के लिए ब्लास्टिंग के दौरान पत्थर उछलकर घरों पर गिरे थे। आक्रोशित ग्रामीणों ने एजेंसी कार्यालय पर तोड़फोड़ कर दी थी। इसके चलते एजेंसी ने दस दिन काम बंद रखा।



### भारी बारिश के बाद जलजमाव

काम बंद होने के कारण बीच शहरभर में जोरदार बारिश के बाद सड़क पर पानी जमा हो गया। इससे बड़े-बड़े गड्ढे हो गए। तेजाजी नगर से सिमरोल के बीच सर्विस लेन पर करीब पांच से छह स्थानों पर सड़क की हालत काफी खराब है, जिसमें चमेली देवी कॉलेज, चौकी ढाणी में बड़े-बड़े गहरे गड्ढे हो गए हैं। इनमें पानी भरा रहता है।

#### सड़क पर दिनभर ट्रैफिक

हालत ये है कि गड्ढों के कारण चालकों को सावधानी से वाहन निकालना पड़ता है। दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। मेघा इंजीनियरिंग के प्रोजेक्ट मैनेजर नागेश्वर राव का कहना है कि सर्विस लेन का काम जल्द ही शुरू किया जाएगा। पांच से सात दिन में गड्ढों को भरकर डामरीकरण किया जाएगा। दिनभर सड़क पर काफी ट्रैफिक रहता है। रात में काम करने का विचार किया जा रहा है।

#### फ्लाईओवर का निर्माण धीमा

ग्रामीणों द्वारा मारपीट किए जाने से एजेंसी ने दस दिन काम बंद रखा था। आठ अक्टूबर से टुकड़ों-टुकड़ों में काम किया जा रहा है। इस वजह से तेजाजी नगर से सिमरोल के बीच बनने वाले अंडरपास और फ्लाईओवर का निर्माण धीमा हो चुका है। वैसे प्रोजेक्ट की डेडलाइन जनवरी 2025 रखी गई है, मगर समयावधि में काम पूरा होता नजर नहीं आ रहा है। बीते दिनों एनएचएआई और निर्माण एजेंसी के बीच निर्माण को लेकर समीक्षा की है।

कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल
क्रमांक 4978/ राजस्व / भोविप्रा / 24,
भोपाल दिनांक 14.10.24

आम-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की एम.पी.नगर जोन-2, योजना स्थित भूखण्ड क्रमांक-93, श्री सरदार अवतार सिंह आ.श्री सरदार बलवंत सिंह के नाम पर अंकित है। आवंटी के मुख्तारआम श्री ओम प्रकाश कृपलानी आ. स्व. श्री मूलचंद कृपलानी एवं मेसर्स थद्वाराम बिल्डर्स एण्ड डेव्लपर्स द्वारा प्रॉपराईटर श्री कन्हैयालाल आ. स्व. श्री थद्वाराम ज्ञानचंदानी द्वारा उक्त भूखण्ड पर निर्मित दुकान नं.-2, ग्राउण्ड फ्लोर जिसका क्षेत्रफल 266 वर्गफुट का विक्रय दिनांक 03.06.1997, श्री मूलचंद मुलचंदानी आ.श्री निहचलदास मुलचंदानी को किया गया । पुनः श्री मूलचंद मुलचंदानी आ. श्री निहचलदास मुलचंदानी के मुख्तारआम श्री महेश मूलचंदानी आ. श्री मूलचंद मूलचंदानी के द्वारा दुकान नं.-2, ग्राउण्ड फ्लोर जिसका क्षेत्रफल 266 वर्गफुट का विक्रय दिनांक 12.03.2013, श्री गिरीश गुरनानी आ. श्री नारी गुरनानी एवं श्रीमती दीपा गुरनानी पत्नी श्री नारी गुरनानी को किया गया है। श्री गिरीश गुरनानी एवं श्रीमती दीपा गुरनानी द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र, शपथ-पत्र एवं पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर उक्त दुकान नं.-02, ग्राउण्ड फ्लोर का नामान्तरण / नाम सम्मिलित अपने नाम पर चाहा गया है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से सात दिवस के अन्दर लिखित एवं साक्ष्य / दस्तावेजों के साथ इस कार्यालय में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष अपनी दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा / आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी, तथा प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वंतत्र रहेगा ।

राजस्व अधिकारी विकास प्राधिकरण भोपाल

कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण भोपाल
क्रमांक 4964/राजस्व/भोविप्रा/24 भोपाल, दिनांक 14/10/2024

आम-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की बस स्टाप नं. 03 सेक्टर--योजना में स्थित प्रकोष्ठ क्र. 2/4 श्री चंद्रकांत संगम नेरकर आ. स्व. श्री शंकर राव संगम नेरकर के नाम पर आवंटित है। आवंटी श्री चन्द्रकांत संगम नेरकर का स्वर्गवास दि. 26/06/2024 को हो जाने के कारण आवेदक श्री प्रकाशचंद्र रायकवार S/o श्री गुलाबचन्द्र रायकवार के द्वारा आवेदन पत्र के साथ आवंटी का मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, पंजीकृत वसीयत नामा एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त प्रकोष्ठ अपने नाम पर नामांतरण कराना चाहा है।

यदि उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/ उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साक्ष्य/ दस्तावेजों के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

राजस्व अधिकारी
भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल

## मौसम अपडेट

प्रदेश के चार महानगरों का तापमान

| | भोपाल | इंदौर | जबलपुर | ग्वालियर |
|---|---|---|---|---|
| अधिकतम | 30.0 | 30.0 | 33.0 | 35.0 |
| न्यूनतम | 21.0 | 22.0 | 22.0 | 22.0 |

देश के चार महानगरों का तापमान

| | दिल्ली | मुंबई | चेन्नई | कोलकाता |
|---|---|---|---|---|
| अधिकतम | 35 | 31 | 32 | 33 |
| न्यूनतम | 23 | 26 | 26 | 26 |

## दमा के मरीजों को होगी शरद पूर्णिमा पर खीर वितरण

**जागरण प्रतिनिधि औबेदुल्लागंज।** बीते वर्ष की तरह इस वर्ष भी शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर शारदा नगर के सामने गिरराज दाल मिल पर बुधवार शाम 7ः00 से सुंदरकांड का पाठ होगा एवं स्वास और दमा के मरीजों को खीर के साथ दवाई वितरित की जाएगी। आपको बता दे कि बीते तीस वर्षों से सत्यनारायण अग्रवाल व उनके परिजनों द्वारा गिरराज दाल मिल पर श्वास और दमा के मरीजों को खीर का वितरण किया जाता है उक्त आशय की जानकारी समाजिक कार्यकर्ता राबिन अग्रवाल ने प्रदान की।

## रहवासी क्षेत्र में न हो पटाखों का स्टॉक : कलेक्टर

**जागरण, सागर।** रहवासी क्षेत्रों में पटाखों का स्टॉक, गोदाम, दुकान आदि न हो एवं पटाखों की दुकानों के बीच पर्याप्त दूरी रहे। साथ ही बिजली लूज वायर की जांच भी कर लें। उक्त निर्देश कलेक्टर संदीप जी आर ने दिए हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में आतिशबाजी, पटाखे की दुकानों में पर्याप्त सुरक्षा के इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। सभी एसडीएम, जनपद पंचायत के सीईओ एवं नगर पालिका के सीएमओ विशेष रूप से ध्यान रखें कि पटाखों का स्टॉक रहवासी इलाके में न हो एवं जितनी संख्या में उनका लाइसेंस दिया गया है, उतनी ही संख्या में आतिशबाजी का स्टॉक रखा जाए।

# कपड़े एवं बर्तन के बाद सर्राफा कारोबार में अग्रणी बना संत हिरदाराम नगर

### अब लोग इंदौर या मुम्बई नहीं जाते आभूषण खरीदी के लिए

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** राजधानी के उपनगर संत हिरदाराम नगर की गिनती अब तक केवल कपड़े एवं बर्तनों के थोक कारोबार के लिए की जाती थी, क्योंकि इंदौर के बाद प्रदेश का सबसे बड़ा कपड़े एवं बर्तन का बाजार यहां स्थित है, जहां केवल कपड़े का ही लगभग 20 हजार करोड़ का कारोबार किया जाता है जबकि प्रति वर्ष 5 हजार करोड़ से अधिक बर्तनों का भी व्यापार होता है परन्तु अब इस क्षेत्र की गिनती तेजी से सर्राफा कारोबार के रूप में भी हो रही है। क्योंकि यहां नित नए सर्राफा दुकानों के अतिरिक्त आलीशान शो-रूम भी खुल रहे हैं और एक अनुमान के अनुसार अब इस इलाके में प्रति वर्ष लगभग 1500 करोड़ आभूषणों का कारोबार होने लगा है



जिसमें इस साल और भी इजाफा होने की उम्मीद है। आभूषण खरीदने के लिए अब लोग दुबई, मुम्बई एवं इंदौर नहीं जाते, बल्कि उन्हें हर वेरायटी के गहने यहीं पर मिलने लगे हैं।

### 91.6 हालमार्क 22 कैरेट सोना

हालांकि इस क्वाल्टी का सोना अनेक शहरों मे ंमिलता है लेकिन सर्राफा कारोबारी बताते हैं 20 साल पूर्व इस तरह के 91.6 हालमार्ग 22 कैरेट सोने का कारोबार राजधानी भोपाल में नहीं बल्कि संत हिरदाराम नगर से शुरू हुआ था जो आज पूरे शबाब पर है। यहां ब्रांडेड कम्पनी का सोना मिलता है, जिसकी 100 प्रतिशत शतप्रतिशत वापसी की गारंटी भी दी जाती है। अगर एक नजर आभूषणों के कारोबार पर डाली जाए तो इसकी शुरूआत 26 साल पहले आकाश ज्वेलर्स की दुकान से हुई थी, जो आज न केवल राजधानी भोपाल बल्कि पूरे प्रदेश में प्रसिद्ध है जबकि कुछ साल पूर्व ही मीराज गोल्ड एण्ड डायमंड आभूषणों की दुकान ने भी झण्डे गाड़े हैं जिसके नवीन शो-रूम का दो दिन पूर्व ही बर्तन बाजार में भव्य शुभारंभ हुआ। जहां डायमंड की तरत तरह की वैरायटी भी उपलब्ध है इसके अलावा लेटेस्ट सोने के आभूषणों की लम्बी चैड़ी रेंज का भी समावेश किया गया है। कई अन्य आभूषणों की दुकाने भी सर्राफा बाजार को चार चांद लगा रही हैं, जिनमें औम गायत्री, लक्ष्मी ज्वेलर्स, नव रंग ज्वेलर्स, आरती ज्वेलर्स व आस्था ज्वेलस आदि शामिल हैं।

### अब नहीं जाते इंदौर ओर मुम्बई

एक समय था जब किसी भी परिवार में शादी होने पर आभूषणों की खरीदी के लिए इंदौर या फिर मुम्बई जाते थे और वहीं से दुल्हन के लिए अथवा बेटी को दहेज में सोने के आभूषण देने खरीदी की जाती थी बाद में भोपाल में कुछ दुकाने खुली तो वहां से खरीदी होने लगी पर अब पूरी तरह से यहां के बाशिंदे संत हिरदाराम नगर के ही सर्राफा बाजार से सोने के आभूषणों की खरीदी करते हैं। आकाश ज्वेलर्स के संचालन सुरेश संभानी बताते हैं कि देश व दुनिया में किसी भी तरह के सोने के आभूषणों की डिजाइन दिखाने पर हू-बहू उसी तरह की डिजाइन बनाकर दिए जाने की भी सहुलियत यहां पर है।

### बाहर से भी आते हैं ग्राहक


यहां के सर्राफा बाजार की ख्याति अब धीरे धीरे इस तरह आगे बढ़ रही है कि बाहर से आने वाले ग्राहक भी यहां से खरीदी करने लगे हैं। दुबई को छोड़कर अगर कोई व्यक्ति यहां पर आया है और उसे सोने के आभूषणों की खरीदी करनी है तो वह सर्राफा बाजार का रूख करता है। यहां तक कि मुम्बई सहित देश के तमाम शहरों के लोग भी जब संत हिरदाराम नगर या भोपाल आते हैं तब सोने व हीरे के आभूषणों की खरीदी यहीं से करते हैं। इस तरह बीते कुछ सालों में यहां के सर्राफा कारोबारियों ने न केवल कारोबार को चार चांद लगाए हैं बल्कि ग्राहकों का विश्वास भी अर्जित किया है।

"91.6 हालमार्ग 22 कैरेट सोने का कारोबार संत हिरदाराम नगर से शुरू हुआ था जो आज पूरे शबाब पर है। इंदौर या मुम्बई न जाकर ग्राहक यहां से आभूषण खरीदना पसंद करते हैं क्योंकि यहां सौ प्रतिशत गारंटी दी जाती है।



■ सुरेश संभानी, संचालक, आकाश ज्वेलर्स

"हमने आठ साल पूर्व सोने के आभूषणों का काम प्रारंभ किया था। ग्राहकों के भरपूर स्नेह एवं आशीर्वाद से प्रगति हुई है, जिसका अब भव्य रूप में विस्तार किया गया है।



■ जवाहर मूलचंदानी, बाबू भाई, संचालक, मीराज गोल्ड एण्ड डायमंड

# रखरखाव के अभाव में दम तोड़ रहे संत नगर के रंगीन फब्बारे

### जब स्वच्छता टीम आती है तब होती हर मरम्मत



**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** लाख कोशिशों के बावजूद राजधानी भोपाल स्वच्छता के मामले में इंदौर की तरह आज तक नम्बर वन हासिल नहीं कर पाई जिसके पीछे अनेक कारण है जहां इंदौर में हर व्यक्ति एवं नगर निगम स्वच्छता के प्रति गंभीर है वहीं भोपाल में नगर निगम औपचारिकता में अधिक विश्वास रखती है और जब कभी भी दिल्ली से स्वच्छता टीम आती है, तब बस स्टेण्ड स्थित सुलभ काम्पलेक्स सहित अन्य सुलभ काम्पलेक्स के आस पास अतिक्रमण को भी हटाया जाता है, तो बेकार पड़े रंगीन फब्बारे भी सुधारे जाते हैं लेकिन स्वच्छता टीम के जाते ही सारी व्यवस्थाएं पुराने ढर्रे में तब्दील हो जाती हैं।

### बेकार पड़े रंगीन फब्बारे

अगर बात की जाए इस इलाके के रंगीन फब्बारों की तो उनके रखरखाव में बरती जाने वाली लापरवाही के कारण वे चंद दिन ही टिक नहीं पाते और फिर बिगड़ जाते हैं। फिर चाहे गुलाब उद्यान हो या फायर स्टेशन के समीप वाला फब्बारा अथवा गिदवानी पार्क में लगा फब्बारा सभी का एक जैसा हाल है। रखरखाव के अभाव में जहां जहां भी ये फब्बारे लगे हैं दम तोड़ रहे हैं।

### मुख्य मार्ग का एक फब्बारा

कुछ साल पूर्व जब भोपाल को स्वच्छता के मामले में नम्बर एक बनाने का अभियान चला उसी दौरान भोपाल इंदौर राजमार्ग पर अस्पताल के सामने फायर स्टेशन परिसर में लाखों रूपए खर्च कर आकर्षक एवं रंगीन फब्बारा लगाया गया था जो राहगीरों को अपनी तरफ आकर्षित कर रहा था लेकिन जैसे ही दिल्ली से आई स्वच्छता टीम लौटी फब्बारा बिगड़ गया। बीते साल जब फिर स्वच्छता टीम आई तब फिर इसकी मरम्मत कर चालू किया गया लेकिन पिछले छह माह से यह फब्बारा फिर जर्जर हालत में है जो धीरे धीरे गन्दगी के घर में तब्दील हो रहा है, उसके रखरखाव पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

# सिंधी गुरूद्वारों में शुरू हुआ 40 दिवसीय जपजी एवं सुखमनी पाठ

तड़के 3.45 से 7 एवं शाम 5 से 7 बजे तक प्रतिदिन

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** हालांकि दीपावली के दूसरे दिन से कार्तिक मास की शुरूआत होगी, जिसमें गुरूनानक देवजी की उपासना शुरू होगी लेकिन इससे पूर्व 5 अक्टूबर से 40 का शुभारंभ हुआ है, जो 15 नवम्बर तक चलेगा इसके अन्तर्गत प्रतिदिन तड़के 3.45 बजे से जपजी साहिब एवं सुखमनी का पाठ प्रारंभ होता है, जो सुबह 7 बजे तक जारी रहता है इसके बाद सड़के से गुजरने वाले श्रमिकों एवं अन्य लोगों को लंगर कराया जाता है। इसी तरह शाम 5.30 बजे फिर से जपजी साहिब एवं सुखमनी का पाठ होता है, जो शाम 7 बजे तक जारी रहता है। जानकारी के अनुसार जाने माने धार्मिक गुरू रिंकू भाई साहब महाराज के विशेष आग्रह पर इस तरह का चालीहा पाठ प्रारंभ किया गया है।



### जुटते हैं 200 श्रद्धालु

संत हिरदाराम नगर में खासतौर पर साध्वी स्व. द्रोपदी देवी धनवानी द्वारा स्थापित दरबार में होने वाले इस आयोजन में तड़के लगभग 200 श्रद्धालु जुटते हैं, जिनमें अधिकांशतः महिलाएं शामिल होती हैं। साध्वी द्रोपदी देवी के अवसान के बाद इस दरबार के व्यवस्थाओं की कमान सोनी लालवानी दीदी ने संभाली है जिसमें लता रामचंदानी एवं भविका सीरवानी आदि सहयोग कर रही हैं।

### 24 घंटे पाठ एवं लंगर

यहां बता दें कि संत हिरदाराम नगर का यह ऐसा पहला गुरूद्वारा है, जहां 24 घंटे पाठ चलता है साथ में लंगर भी। इस तरह उपनगर ही नहीं संभवतः राजधानी भोपाल या प्रदेश का यह पहला ऐसा गुरूद्वारा है, जहां 24 घंटे पाठ के साथ 24 घंटे लंगर की शुरूआत साध्वी द्रोपदीदेवी धनवानी अपने जीवनकाल में ही प्रारंभ कर गई थी, जो लगातार जारी है।

बिजनेस प्लस

# अग्रवाल ज्वैलर्स ग्राहकों को दे रहे हैं आभूषण मेकिंग पर 100 प्रतिशत छूट

**भोपाल।** एक सदी से अधिक की विरासत के साथ, उत्कृष्ट आभूषणों के क्षेत्र में भोपाल के सबसे भरोसेमंद नामों में से एक, अग्रवाल ज्वैलर्स, त्योहारी सीज़न का जश्न मनाने के लिए अपने विशेष धनलक्ष्मी ऑफर की घोषणा करते हुए प्रसन्न है। सोने, हीरे और पोल्की आभूषणों में अपनी परिष्कृत शिल्प कौशल के लिए पहचाने जाने वाले, अग्रवाल ज्वैलर्स अपने सम्मानित ग्राहकों को सभी संग्रहों में आभूषण बनाने के शुल्क पर 100 प्रतिशत तक की छूट दे रहे हैं। यह सीमित समय का ऑफर 3 अक्टूबर से 3 नवंबर 2024 तक उपलब्ध है। ग्राहकों को इस विशेष प्रमोशनल ऑफर के दौरान महत्वपूर्ण बचत का आनंद लेते हुए खूबसूरती से तैयार किए गए आभूषणों की एक विस्तृत श्रृंखला देखने के लिए आमंत्रित किया जाता है। यह ऑफर भोपाल के सभी अग्रवाल ज्वैलर्स स्थानों पर लागू होता है, जिसमें न्यू मार्केट, सराफा चौक, बिट्टन मार्केट और प्लैटिनम प्लाजा में उनके स्टोर शामिल हैं। इस त्योहारी सीज़न में, अग्रवाल ज्वैलर्स ने कालातीत सुंदरता और बेजोड़ मूल्य प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता जारी रखी है। मेकिंग चार्ज पर पर्याप्त छूट का लाभ उठाते हुए विरासत आभूषण का एक टुकड़ा रखने का अवसर न चूकें। अधिक जानकारी के लिए, ऑफर अवधि के दौरान न्यू मार्केट, बिट्टन मार्केट, सराफा चौक और प्लेटिनम प्लाजा में अग्रवाल ज्वैलर्स के स्टोर पर जाएं।



# कैनरा बैंक द्वारा मेगा प्रॉपर्टी एक्सपो-2024 का आयोजन

**भोपाल।** केनरा बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल द्वारा आज 14 अक्टूबर को महाप्रबंधक श्री राम खिलाड़ी मीना जी, सहायक महाप्रबंधक श्री टी रमेश मंडल प्रबंधक एवं श्री श्रवण कुशवाह जी के मार्गदर्शन में मेगा प्रॉपर्टी एक्सपो-2024 का आयोजन किया गया। उक्त एक्सपो में केनरा बैंक द्वारा भोपाल, होशंगाबाद एवम मंडीदीप की नीलाम होने वाली 96 संपत्तियों की जानकारी दी गई। 100 से अधिक इच्छुक व्यक्तियों व प्रॉपर्टी डीलर्स ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया। उक्त संपतियों में शानदार स्थानों पर स्थित रहवासी प्लॉट, औद्योगिक प्लॉट, मकान, दुकानें, व फैक्ट्री आदि शामिल हैं। उक्त संपतियों को खरीदने के लिए इच्छुक व्यक्ति केनरा बैंक की संबंधित शाखा में संपर्क कर इन संपत्तियों की अधिक जानकारी प्राप्त कर सकतें है।



## राज्य स्तरीय स्मार्ट किड अबेकस प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

**भोपाल।** झीलों की नगरी भोपाल में पहली बार राज्य स्तरीय स्मार्ट किड अबेकस प्रतियोगिता का शानदार आयोजन 13 अक्टूबर को रचना टावर भोपाल में किया गया। इस कार्यक्रम में श्री सत्य साईं महिला महाविद्यालय भोपाल की डायरेक्टर श्रीमती प्रतिभा सिंह जी को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। इस अवसर पर रचना टावर आवसीय समिति के उपाध्यक्ष श्री अजीत सिंह जी कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में स्मार्ट किड अबेकस के प्रधान कार्यालय कोल्हापुर से पधारी श्रीमती शीतल पाटिल की उपस्थिति ने कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए।



# कन्हैयालाल लालवानी स्व. नानकराम स्मृति सम्मान

### मीरादेवी को मिला स्व. कलादेवी गेहानी पुरस्कार



**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** संत हिरदाराम नगर की 68 साल पुरानी सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्था नव युवक सभा द्वारा हर साल की तरह इस बार दो सम्मान प्रदान किए गए। एक सम्मान सभा के अध्यक्ष रहे स्व. नानकराम वाधवान जो संस्था के सदस्य एवं थोक कपड़ा कारोबारी कन्हैयालाल लालवानी को प्रदान किया गया। इस बार संस्था के वर्तमान अध्यक्ष एवं वरिष्ठ शिक्षाविद विष्णु गेहानी ने अपनी धर्मपत्नी समाज सेविका कलादेवी गेहानी के नाम पर भी सम्मान देने की घोषणा की थी, यह सम्मान पिछले 40 साल से नव युवक सभा के स्कूलों में सेवाएं देने वाली शिक्षिका मीरादेवी इसरानी ने प्रदान किया गया है। इधर नव युवक सभा का इस बार का एक्टिव मेम्बर पुरूस्कार औम टहलियानी को प्रदान किया गया। इन तीनों का भाजपा विधायक दल के सचेतक एवं हुजूर के विधायक रामेश्वर शर्मा ने शाल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर नव युवक सभा के अध्यक्ष विष्णु गेहानी, संरक्षक वासुदेव वाधवानी, महासचिव एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी, सचिव सुरेश राजपाल, आडीटर धर्मप्रकाश मोटवानी के अलाावा कपड़ा एसोसियेशन के अध्यक्ष कन्हैयालाल ईसरानी, महासचिव दिनेश वाधवानी, समाज सेवी नारायणदास लालवानी, प्रवीण प्रेमचंदानी, भाजपा मण्डल अध्यक्ष कमल वीधानी आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

# गर्ल्स कॉलेज की एनसीसी यूनिट की स्वच्छता कार्यक्रम में भागीदारी

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज की एनसीसी यूनिट ने वन एमपी नेवल की ओर से आयोजित स्वच्छता में भागीदारी कार्यक्रम, में सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन स्वच्छता पखवाड़ा के उपलक्ष्य में किया गया था। इस का उद्देश्य स्वच्छता के सपने को साकार करना और समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना था। एनसीसी यूनिट ने इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया, जिसमें श्रमदान, रैली, नुक्कड़ नाटक और वॉल पेंटिंग प्रमुख रूप से शामिल रहे। कार्यक्रम की शुरुआत एक स्वच्छता रैली से हुई, जिसमें कैडेट्स ने स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत का नारा देते हुए लोगों को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक किया। इसके अतिरिक्त, कैडेट्स ने शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर श्रमदान किया और वहाँ फैली गंदगी को साफ किया। इस श्रमदान के जरिए कैडेट्स ने न सिर्फ सफाई की बल्कि लोगों को सफाई बनाए रखने के लिए भी प्रेरित किया। इसके साथ ही छात्राओं ने गांधीनगर में वॉल पेंटिंग कर स्वच्छता का संदेश दिया।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कैडेट्स ने स्वच्छता, प्लास्टिक के उपयोग को कम करने, और जल संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर प्रकाश डाला। इन नाटकों को स्थानीय लोगों ने खूब सराहा, और इस पहल से प्रेरित होकर कई लोगों ने स्वच्छता अभियान में अपनी भागीदारी भी सुनिश्चित की। जिसमें छात्राओं सहित महाविद्यालय की समस्त शिक्षिकाओं ने स्वच्छता की शपथ ली।

इस कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स के योगदान की सराहना करते हुए प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी ने समाज को स्वच्छ बनाने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं ने यह संदेश दिया कि स्वच्छता हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है, और हम सभी को इस दिशा में सार्थक प्रयास करने चाहिए। कार्यक्रम की सफलता पर महाविद्यालय प्रबंधन नें एन.सी.सी. यूनिट को बधाई दी।



# प्रदेश में बढ़ते महिला अपराधो पर अंकुश लगाने की मांग को लेकर युवा कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन




**जागरण प्रतिनिधि औबेदुल्लागंज।** मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल में छोटी बच्चियों और महिलाओं के साथ निरंतर बलात्कार की घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग को लेकर युवक कांग्रेस के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया इस दौरान उन्होंने बताया कि सम्पूर्ण प्रदेश में असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद है पिछले 3 साल में 1000 के करीब बलात्कार की घटना प्रदेश में घटित हो चुकी है केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम ज्ञापन सौंपते हुए प्रदेश में बढ़ रहे महिला अपराधों पर प्रशासन एवं पुलिस विभाग की सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर युवक कांग्रेस ने ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष परेश नागर वरिष्ठ नेता विनोद ईरपाचे हरजीत सिंह मंगू हरपाल सिंह राजपूत सौरभ खरे मनोज खटीक सौरभ खरे पंकज शर्मा कपिल यादव उमेश राजपूत सुदर्शन लोवंशी विशेष रुप से उपस्थित रहे।

**महिला अपराधों पर प्रशासन एवं पुलिस विभाग की सख्त कार्रवाई की मांग की**

## बाजार पर नजर



शेयर बाजार में आज

+592 81,973

**Nifty 50 Top5 Gainers**

| Scrip | High | %Gain |
|---|---|---|
| Wipro | 551.85 | 4.02% |
| Tech Mahindra | 1,697.00 | 2.76% |
| HDFC Life | 741.60 | 2.31% |
| HDFC Bank | 1,692.05 | 2.25% |
| Larsen | 3,573.85 | 2.08% |

**Nifty 50 Top5 Losers**

| Scrip | Close | %Loss |
|---|---|---|
| ONGC | 285.15 | -2.07% |
| Maruti Suzuki | 12,462.30 | -1.87% |
| Tata Steel | 158.04 | -1.46% |
| Bajaj Finance | 7,200.00 | -1.28% |
| Adani Enterpris | 3,092.85 | -1.15% |

**फोरेक्स रेट**

| मुद्रा | बिक्री |
|---|---|
| $ डॉलर | 84.05 |
| € यूरो | 91.86 |
| ¥ येन | 05.62 |
| £ पौंड | 109.72 |

# आईटी, बैंक शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स 592 अंक चढ़ा, निफ्टी 25,000 अंक के पार

मुंबई, भाषा। वैश्विक स्तर पर मजबूत रुख के बीच सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और बैंक शेयरों में लिवाली से बीएसई सेंसेक्स में सोमवार को करीब 592 अंक की तेजी आई। एनएसई निफ्टी भी बढ़त के साथ 25,000 अंक के पार निकल गया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 591.69 अंक यानी 0.73 प्रतिशत उछलकर 81,973.05 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 690.81 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 163.70 अंक यानी 0.66 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,127.95 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 195.5 अंक तक चढ़ गया था। सेंसेक्स के शेयरों में टेक महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, आईटीसी, इन्फोसिस, इंडसइंड बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, टाइटन और एचसीएल टेक्नोलॉजीज लाभ में रहे। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में मारुति सुजुकी इंडिया, टाटा स्टील, बजाज फाइनेंस, अल्ट्राटेक सीमेंट, नेस्ले इंडिया, एक्सिस बैंक और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) शामिल हैं। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण करीब 1.35 लाख करोड़ रुपए चढ़कर 4,63,62,781.71 रुपए पर पहुंच गया। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, कच्चे तेल की कीमतों में कमी आई है और ऐसा लगता है कि कंपनियों के हल्के तिमाही परिणामों को निवेशक पहले ही मानकर चल रहे हैं। इसके साथ भारतीय बाजार मजबूती दिखा रहा है। आईटी और वित्तीय क्षेत्र के शेयरों में निवेशकों की रुचि दिख रही है। इसका कारण हाल में इन शेयरों के भाव में आई कमी है। मझोली कंपनियों से जुड़ा बीएसई मिडकैप 0.28 प्रतिशत चढ़ा जबकि छोटी कंपनियों से जुड़ा स्मॉलकैप सूचकांक 0.06 प्रतिशत मजबूत हुआ। मेहता इक्विटीज लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे, कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट से बाजार को गति मिली। बैंक, आईटी और रियल्टी शेयरों में तेजी के साथ बाजार लाभ में रहा। उन्होंने कहा, चूंकि एफआईआई (विदेशी संस्थागत निवेशक) बाजार से पैसा निकाल रहे हैं, ऐसे में बाजार में इस तेजी से कोई मजबूत धारणा बनती संभवतः नहीं दिख रही है। इसका एक और कारण पश्चिम एशिया में जारी तनाव है, जिससे निवेशकों के बीच अनिश्चितता बढ़ी है। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी लाभ में रहे, जबकि हांगकांग के हैंगसेंग में गिरावट आई। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में मिला-जुला रुख रहा। अमेरिकी बाजार वॉल स्ट्रीट शुक्रवार को बढ़त में रहा था। इस बीच, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 2.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77.05 डॉलर प्रति बैरल रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुक्रवार को 4,162.66 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे। जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 3,730.87 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर खरीदे।




## हीरा प्राकृतिक है या प्रयोगशाला में बना है, व्यापारियों के लिए बताना अनिवार्य हो

नई दिल्ली, भाषा। रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) ने सरकार से कड़े नियम बनाने का आग्रह किया है, जिसमें व्यापारियों को विपणन करते समय यह स्पष्ट रूप से बताना अनिवार्य किया जाए कि हीरा प्राकृतिक है या प्रयोगशाला में तैयार किया गया है, ताकि किसी तरह की अस्पष्ट स्थिति से बचा जा सके। उपभोक्ता मामलों के विभाग को भेजे गए पत्र में परिषद ने कहा है कि पारदर्शिता सुनिश्चित करना और स्पष्ट एवं मानकीकृत दिशानिर्देशों को लागू करना उपभोक्ताओं की सुरक्षा और घरेलू उद्योग की अखंडता को बनाए रखने के लिए आवश्यक है। उसे बताया गया कि भारत में प्रयोगशाला में तैयार किए गए हीरों के विपणन और विज्ञापन में शब्दावली का व्यापक दुरुपयोग हो रहा है। इस महत्वपूर्ण मुद्दे को हल करने के लिए परिषद ने अमेरिका के संघीय व्यापार आयोग (एफटीसी) दिशानिर्देशों को अपनाने का पक्ष लेने का निर्णय लिया है। ए दिशानिर्देश स्पष्ट रूप से परिभाषित, मानकीकृत नामकरण करते हैं और प्राकृतिक और प्रयोगशाला में तैयार किए गए दोनों हीरों के लिए अनिवार्य खुलासा जरूरतों को जरूरी बनाते हैं। हीरा उद्योग पहले से ही रूस-यूक्रेन संघर्ष के कारण समस्याओं का सामना कर रहा है, क्योंकि इसने वैश्विक हीरा आपूर्ति श्रृंखला को बाधित कर दिया है। रूस पर प्रतिबंधों के साथ, जो एक प्रमुख कच्चा हीरा उत्पादक है, व्यापार को और अधिक जटिल बना रहा है और इससे वैश्विक हीरा व्यापार प्रभावित हो रहा है। उपभोक्ता का झुकाव प्रयोगशाला में तैयार किए गए हीरों की ओर मुड़ने से प्राकृतिक हीरों की मांग प्रभावित हो रही है। उद्योग के एक अधिकारी ने कहा कि व्यापारियों को हीरे बेचते समय स्पष्ट रूप से बताना चाहिए कि वे प्राकृतिक हैं या प्रयोगशाला में तैयार किए गए हैं। परिषद के अनुसार, उपभोक्ता संरक्षण कानून में इन दो हीरों के बीच अंतर करने के बारे में कड़े नियम होने चाहिए। परिषद द्वारा विभाग को लिखे गए पत्र में कहा गया है, हीरे की शब्दावली पर मानकीकृत दिशानिर्देशों की अनुपस्थिति अस्पष्टता की ओर ले जाती है।



## डीजल में 15% एथनॉल मिलाने पर शोध उन्नत चरण में: गडकरी

नई दिल्ली, भाषा। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को कहा कि डीजल में 15 प्रतिशत एथनॉल मिलाने को लेकर शोध का काम उन्नत चरण में है और सरकार ठोस प्रमाण के आधार पर इसे प्राथमिकता देने के तरीके तलाश रही है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के जैव ऊर्जा शिखर सम्मेलन-2024 को संबोधित करते हुए गडकरी ने बताया कि सरकारी आंकड़ों के अनुसार, भारत में एथनॉल मिश्रण 2014 के 1.53 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 15 प्रतिशत हो गया है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने कहा कि इस प्रगति से प्रेरित होकर सरकार ने 2025 तक पेट्रोल में 20 प्रतिशत मिश्रण तक पहुंचने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। उन्होंने बताया कि इंडियन ऑयल ने 400 एथनॉल पंप स्टेशन लगाने का फैसला किया है। हम सुजुकी, टाटा और टोयोटा सहित वाहन निर्माताओं से भी मिल रहे हैं। उन्होंने कहा, इन वाहन निर्माताओं ने फ्लेक्स-इंजन वाली कारें पेश करने का फैसला किया है। मंत्री के अनुसार, टीवीएस, बजाज और होंडा जैसी अन्य वाहन निर्माता कंपनियां एथनॉल बाइक के साथ तैयार हैं और अपनी बाइक पेश करने के लिए एथनॉल पंप के आने का इंतजार कर रही हैं। उन्होंने कहा कि देश ज्ञान से धन के युग से कचरे से धन के युग की ओर बढ़ गया है। सीएनजी के बारे में, मंत्री ने कहा, सीएनजी में 475 से अधिक परियोजनाएं पाइपलाइन में हैं, और पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, कर्नाटक सहित अन्य राज्यों में 40 से अधिक परियोजनाएं पहले ही शुरू हो चुकी हैं। गडकरी ने नगरपालिका के ठोस कचरे को बायो-सीएनजी में बदलने की आगे की तकनीकों की खोज करने की जरूरत पर जोर दिया। इसमें कच्चे माल की लागत शून्य हो जाती है। गडकरी ने कहा, हम फिलहाल पराली का पांचवां हिस्सा इस्तेमाल कर पाते हैं, लेकिन अगर हम सही तरीके से योजना बनाएं तो अगले कुछ साल में पराली से होने वाले मौसमी वायु प्रदूषण की समस्या का समाधान कर सकते हैं। मंत्री ने कहा कि केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान इस बात पर शोध कर रहा है कि कैसे बायो-कोलतार का उत्पादन करके देश के कोलतार




## बिजली मांग पूरा करने को 2047 तक 2,100 मेगावाट उत्पादन क्षमता की जरूरतः मनोहर लाल

नई दिल्ली, भाषा। केंद्रीय बिजली मंत्री मनोहर लाल ने सोमवार को कहा कि देश में बिजली की मांग 2047 तक बढ़कर 708 गीगावाट तक पहुंचने का अनुमान है और इस बढ़ती मांग पूरा करने के लिए विद्युत उत्पादन क्षमता उस समय तक चार गुना बढ़ाकर 2,100 मेगावाट करने की जरूरत है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 30 सितंबर तक भारत की कुल बिजली उत्पादन क्षमता लगभग 453 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) थी, जबकि इस वर्ष अधिकतम बिजली मांग को लेकर सरकार का अनुमान 260 गीगावाट था। हालांकि, बारिश के कारण कम तापमान की वजह से मांग इस स्तर पर नहीं पहुंची और अधिकतम बिजली की मांग 250 गीगावाट के आसपास रही। मंत्री ने 2047 तक भारतीय विद्युत क्षेत्र परिदृश्य पर विचार-मंथन सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, हमारा अनुमान है कि 2047 तक बिजली की मांग 708 गीगावाट तक पहुंच जाएगी। इसे पूरा करने के लिए, हमें अपनी क्षमता को चार गुना यानी 2,100 गीगावाट तक बढ़ाने की जरूरत है। इस दो दिन के सम्मेलन का आयोजन केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) ने उद्योग मंडल फिक्की के सहयोग से किया। सम्मेलन में फिक्की के पूर्व अध्यक्ष शुभ्रकांत पांडा ने कहा कि देश का बिजली क्षेत्र 2070 तक स्वच्छ ऊर्जा में बदलाव के लिए व्यापक अवसर प्रस्तुत करता है। इस क्षेत्र में वृद्धि की काफी संभावनाएं हैं। इंडियन मेटल्स एंड फेरो अलॉयज के प्रबंध निदेशक पांडा ने कहा, स्थानीय विनिर्माण और अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्र में निवेश बढ़ाने से नवोन्मेष के लिए नए रास्ते खुलेंगे।



## रिलायंस इंडस्ट्रीज का शुद्ध लाभ दूसरी तिमाही में पांच प्रतिशत घटकर 16,563 करोड़ हुआ

नई दिल्ली, भाषा। रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. (आरआईएल) का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में पांच प्रतिशत घटकर 16,563 करोड़ रुपए रहा है। मुख्य रूप से तेल रिफाइनरी और पेट्रोरसायन कारोबार के कमजोर प्रदर्शन से कंपनी का मुनाफा घटा है। कंपनी ने सोमवार को शेयर बाजार को यह जानकारी दी। कंपनी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 16,563 करोड़ रुपए यानी 24.48 रुपए प्रति शेयर रहा। एक साल पहले इसी तिमाही में यह 17,394 करोड़ रुपए यानी 25.71 रुपए प्रति शेयर था। रिलायंस इंडस्ट्रीज की कुल आय आलोच्य तिमाही में बढ़कर 2.4 लाख करोड़ रुपए रही।

## चालू वित्त वर्ष में घरेलू बाजार में यात्री वाहनों की बिक्री तीन से पांच प्रतिशत बढ़ने का अनुमान

नई दिल्ली, भाषा। घरेलू बाजार में यात्री वाहनों की थोक बिक्री में चालू वित्त वर्ष (2024-25) में तीन से पांच प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है। वाहन उद्योग के संगठन सियाम ने सोमवार को कहा कि उद्योग को पहली छमाही में स्थिर रहने के बाद त्योहारी अवधि में मजबूत प्रदर्शन की उम्मीद है। चालू वित्त वर्ष की शुरुआत में, सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने चालू वित्त वर्ष में यात्री वाहन (पीवी) की बिक्री में पांच से आठ प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया था। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-सितंबर अवधि के लिए, यात्री वाहनों की बिक्री 20,81,143 इकाई रही, जो 2023-24 की इसी अवधि में 20,70,960 इकाइयों से मामूली वृद्धि है। यहां संवाददाता सम्मेलन में सियाम के अध्यक्ष शैलेश चंद्रा ने कहा कि उद्योग को अप्रैल-सितंबर की अवधि में वृद्धि की उम्मीद थी। उन्होंने कहा, यह थोड़ा आश्चर्यजनक था, खासकर मई और जून का महीना, जो हमारी उम्मीदों के मुताबिक नहीं रहा।



# चीन का निर्यात सितंबर में पड़ा धीमा

हांगकांग, भाषा। वैश्विक मांग कमजोर होने के कारण चीन के निर्यात में सितंबर में सुस्ती आई है। इससे दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में आर्थिक वृद्धि को लेकर चिंता बढ़ी है। चीनी सीमा शुल्क कार्यालय ने सोमवार को कहा कि पिछले महीने निर्यात सालाना आधार पर डॉलर के संदर्भ में 2.4 प्रतिशत बढ़ा है, जबकि अगस्त में इसमें सालाना आधार पर 8.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। सितंबर में आयात केवल 0.3 प्रतिशत बढ़ा। अर्थशास्त्रियों का अनुमान था कि निर्यात में लगभग छह प्रतिशत और आयात में लगभग 0.9 प्रतिशत की वृद्धि होगी। चीन का व्यापार अधिशेष सितंबर में 81.7 अरब डॉलर रहा। यह अगस्त के 91 अरब डॉलर के आंकड़े से कम है। चीन सरकार कोविड-19 महामारी समाप्त होने के बाद से अर्थव्यवस्था में तेजी लाने के लिए जूझ रही है। अमेरिका और यूरोप ने हाल ही में चीन के इलेक्ट्रिक वाहन और अन्य उत्पादों के निर्यात पर शुल्क दरें बढ़ा दी हैं। इससे चीन के लिए विकास का इंजन माना जाने वाला व्यापार की स्थिति बिगड़ी है। आयात में कमजोर वृद्धि धीमी मांग को बताती है। इसका एक कारण रियल एस्टेट क्षेत्र में लंबे समय तक नरमी का होना है।



# भारतीय बाजार सोने पे सुहागा, चीन के मुकाबले पिछले पांच साल में दिया अच्छा रिटर्न : नारायण

मुंबई, भाषा। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पूर्णकालिक सदस्य अनंत नारायण जी ने सोमवार को निवेशकों से कहा कि घरेलू शेयर बाजार ने पिछले पांच साल में लगातार 15 प्रतिशत रिटर्न दिया है, जबकि चीन में यह शून्य रहा है और कई मामलों में तो गिरावट रही है। नारायण ने कम जोखिम पर अधिक रिटर्न देने वाले भारतीय बाजार को सोने पे सुहागा बताते हुए निवेशकों के लिए सावधानी के कुछ क्षेत्रों को भी चिह्नित किया और उन्हें जोखिमों के प्रति सचेत रहने के लिए कहा। उन्होंने कहा, पिछले कुछ दिनों में चीन के बाजारों के बारे में काफी चर्चा हो रही है। लेकिन पिछले पांच साल में भारतीय बाजार ने लगातार लगभग 15 प्रतिशत सालाना का रिटर्न दिया है। वहीं चीन का बाजार इसके आसपास भी नहीं हैं। वहां रिटर्न लगभग शून्य है। वास्तव में हांगकांग जैसे कुछ मामलों में निवेशकों को नुकसान उठाना पड़ा है। नारायण ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में निवेशक जागरूकता सप्ताह की शुरुआत के अवसर पर एक कार्यक्रम कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 भारत के लिए एक उल्लेखनीय वर्ष था। इसमें मानक सूचकांकों ने 28 प्रतिशत का रिटर्न दिया और उतार-चढ़ाव को देखा जाए तो यह केवल 10 प्रतिशत था। नारायण ने कहा, भारतीय बाजार की स्थिति सोने पे सुहागा वाली है। यह दुनिया में सबसे अच्छा है। कम जोखिम और बहुत अधिक रिटर्न। हालांकि, इसके दुष्प्रभाव भी हैं। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि आगे चलकर सब कुछ पहले जैसा नहीं रहेगा और निवेशकों को इसे एकतरफा रास्ता नहीं मानना चाहिए। इस तरह के शानदार रिटर्न से आत्मसंतुष्टि हो सकती है। उन्होंने कई युवाओं को इस तेजी का लाभ उठाने को लेकर डीमैट खाते खोलने की बात कही। नारायण ने कहा कि लोगों को जोखिमों के बारे में जागरूक होने की भी जरूरत है। उन्होंने कार का उदाहरण देते हुए कहा कि हमें जोखिमों के बारे में जागरूक होने और जरूरत पड़ने पर ब्रेक का उपयोग करने की भी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि छोटी और मझोली कंपनियों के शेयरों से जुड़ा क्रमशः स्मॉलकैप और मिडकैप सूचकांक पिछले पांच साल में पांच गुना चढ़ा है। इसका कारण निवेशकों का पूंजी प्रवाह और नए शेयरों की आपूर्ति के बीच असंतुलन है। पूंजी बाजार नियामक इस असंतुलन को दूर करने के लिए यह सुनिश्चित कर रहा है कि पूंजी जुटाने की मंजूरी जल्दी दी जाए ताकि बाजार में गुणवत्ता वाले शेयरों की आपूर्ति लगातार बनी रहे। नारायण ने निवेशकों को सलाह देते हुए कहा कि दीर्घकालिक नजरिए से देश में आर्थिक वृद्धि की संभावनाओं को देखते हुए भारतीय बाजार यहां से आगे ही बढ़ेंगे।




**अर्थांक**

| | |
|---|---|
| तारा | 469-9, 388-9 |
| दिन | 126-9, 245-1 |
| ताराना | 449-7, 348-5 |
| रात | 168-5, 599-3 |


**पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल**

संकेत व दूरसंचार विभाग

ई-निविदा सूचना

निविदा संख्या: SnT_RTM_W_24_04_Signal दिनांक: 11.10.2024

निम्न कार्य के लिए मंडल रेल प्रबंधक (एसएण्डटी) पश्चिम रेलवे रतलाम द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से व उनके लिए ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:** नागदा-भोपाल खंड डी स्पेशल मार्ग पर 4 स्टेशनों पर पुराने इनडोर सिगनल उपकरण के प्रतिस्थापन के संबंध में आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग. **बोली/निविदा प्रकार और प्रणाली:** सामान्य ओपन ई-टेंडर, दो पैकेट सिस्टम काम (IREPS पोर्टल). **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 11,30,26,379.48. **बयाना राशि:** ₹ 7,15,100/-. **निविदा फार्म का मूल्य:** शून्य. **बोली पूर्व सम्मेलन:** शून्य. **बोली शुरू होने की तारीख:** अंतिम तिथि से 15 दिन पहले. **निविदा बंद करने का समय एवं दिनांक:** दिनांक 07/11/2024 समय 15.00 बजे तक. **तकनीकी निविदा खुने का समय एवं दिनांक:** दिनांक 07/11/2024 समय 15.30 बजे के बाद. **व्यवसायिक निविदा खुलने का समय एवं दिनांक:** दिनांक तकनीकी बोली के मूल्यांकन के बाद सूचित किया जाएगा. **वैधता:** निविदा खुलने से 90 दिन. **कार्य पूरा करने की अवधि:** 12 माह. **JV अनुमति:** अनुमति. **निविदा अनुभाग कार्यालय प्रभारी और बोली खोलने का स्थान:** डिप्टी सीएसटीई वर्क्स रतलाम, डीआरएम कार्यालय रतलाम म.प्र. निविदा सिर्फ आनलाइन E-निविदा पोर्टल www.ireps.gov.in पर देखा व जमा किया जा सकता है.

मंडल रेल प्रबंधक (एस एण्ड टी)

Ak/6/1/264 रतलाम, पश्चिम रेलवे

हमें लाईक करें: facebook.com/WesternRly



**Kalyan Singh Super Speciality Cancer Institute**

C.G. City, Sultanpur Road, Lucknow-226002

Website: https://cancerinstitute.edu.in, Email: jdmm.sscih@gmail.com

TENDER NOTICE

On-line offers are invited through GeM Bidding/Bidding from Manufacturers/ Direct Importers/Authorized distributors/Dealers/Accredited Agents for the supply and installation of equipment's for various departments of the institute such as **Air Sampler, PCA Pump, Mannequin Advance Life Support, Convective Patient Warming System, Blood and Fluid Warmer, Peripheral Nerve Stimulator, Multifunction Machine MFM (Xerox laser Mono Computer Printer(Heavy Duty printer), Portable Vein Viewing Device for Vascular Imaging, Air Matrix for Medical Use with pump, Medical Training Kit with Human Mannequins for Medical Education or Training, Electrocardiography (ECG) Machine, Surgical Operating ENT Microscope, Blood Donor Couch, Laboratory Refrigerator & Video Laryngoscope & Laboratory Refrigerator, ICU Ventilators, Laboratory Drying Oven, Tissue Floating Baths** etc. The vendors are required to submit their offers on GeM portal only in two bids system i.e., Technical and financial Bid as per terms and conditions of bid document.

**Note:** All those bidders who have deposited their EMD against previous tender of same equipment which has been cancelled need to submit bid again with earlier proof of EMD as they are not required to submit EMD again.

For detailed information like Name of Equipment, Date of Submission and opening of bid etc. You may please visit the Gem portal. The list of equipment will also be available on our website- https://cancerinstitute.edu.in for reference only. The offer will be accepted On-line only on GeM portal with terms and conditions as mentioned against each bid. The Director reserves the right to accept or reject any tender in part or full without assigning any reason thereof. In case any legal dispute; the legal jurisdiction shall be court of law at Lucknow (UP), India.

Advt No:- KSSSCI / PRO-11/2024-25 Director



**माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश, भोपाल**

क्रमांक/486/वित्त-2/2024 भोपाल, दिनांक : 14.10.2024

**एम्पैनलमेन्ट हेतु विज्ञापन**

भोपाल स्थित ऐसी चार्टेड अकाउन्टेन्ट फर्मों से माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल के निम्नांकित कार्यो हेतु प्रथमत: वित्तीय वर्ष 2024-25 से आगामी तीन वर्ष के लिये दरें आमंत्रित की जाती हैं, जो आपसी सहमति से अधिकतम तीन वर्ष तक के लिए पुन: निर्धारित की जा सकेगी। जिन्हें विभिन्न निगम/मण्डलों/बैंकों/जिला पंचायतों में कम से कम 10 वर्षों के अंकेक्षण का कार्यानुभव हो, एवं न्यूनतम वार्षिक टर्न-ओवर 20 लाख से अधिक हो। फर्म के पास कार्य सम्पादन हेतु पर्याप्त कर्मचारी होना चाहिए। फर्म के न्यूनतम एक प्रतिनिधि के द्वारा मण्डल मुख्यालय में प्रतिदिन उपस्थित रह कर चालानों के विवरण पत्रकों का परीक्षण, मण्डल खातो का टैली सॉफ्टवेयर में संधारण कार्य एवं रिकन्सीलेशन करना होगा।

1. चालान तथा एम.पी. ऑनलाइन/एनआईसी एवं अन्य माध्यमों से जमा होने वाली विभिन्न शुल्कों/आय का मिलान करना एवं इसके लेखा संधारण एवं रिकन्सीलेशन हेतु मण्डल को परामर्श प्रदान करना।
2. मण्डल का आय-व्यय पत्रक एवं बैलेंस शीट तैयार कर आयकर विभाग में रिटर्न फाइल करना।
3. मण्डल के विभिन्न खातों की टैली सॉफ्टवेयर दर्ज प्रविष्टियों की जांच कर एवं संधारित करना।
4. आयकर, वाणिज्य कर एवं जीएसटी सम्बन्धी प्रकरणों में परामर्श प्रदान करना एवं समयावधि में रिटर्न फाइल करना एवं मण्डल कार्यालय के आयकर विभाग/वाणिज्य कर विभाग/जीएसटी विभाग में पूर्व वर्षों के प्रकरणों से संबंधित पेशियों मे उपस्थित होकर प्रकरण का निराकरण कराना एवं नवीन प्रकरणों मे मण्डल का पक्ष प्रस्तुत करना।
5. भविष्य निधि, ग्रेज्युटी एवं पेंशन आदि फण्ड्स की व्यवस्था एवं संधारण हेतु परामर्श प्रदान करने, आधिक्य आय के उपयोग एवं मण्डल के वित्तीय हितों के संरक्षण सम्बन्धी परामर्श आदि।
6. उपरोक्त कार्य हेतु वार्षिक न्यूनतम दर 25,000/- (पच्चीस हजार मात्र) निर्धारित की जाती है।
7. वित्तीय वर्ष की आयकर विवरणी (बैलेंस शीट) तैयार कर आयकर रिटर्न जमा करने के उपरांत भुगतान कार्यवाही वार्षिक आधार पर की जावेगी। आयकर/वाणिज्य कर/जीएसटी कार्य से संबंधित विभागों में पेशी में उपस्थित होकर मण्डल का पक्ष प्रस्तुत करना/मण्डल को मार्गदर्शन प्रदान करना एवं माननीय न्यायालयों में चल रहे प्रकरणों में मण्डल का पक्ष प्रस्तुत करने हेतु (भोपाल से बाहर) पेशी में उपस्थित होने पर मण्डल के प्रथम श्रेणी अधिकारी की पात्रता अनुसार आने-जाने का रेल/बस किराया, दैनिक भत्ता एवं होटल सुविधा देय होगी।

इच्छुक फर्म सम्पूर्ण विवरण सहित दिनांक 04.11.2024 सायं 4.00 बजे तक अपनी दरें सील बन्द लिफाफे में विगत 3 वर्ष की बैलेंस शीट एवं वांछित अनुभव प्रमाण-पत्र संलग्न कर सचिव, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, भोपाल के नाम से वित्त अधिकारी के कक्ष में प्रस्तुत करें। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात कोई भी आवेदन मान्य नहीं किया जावेगा। आवेदन मान्य करने/निरस्त करने का अधिकार मण्डल अध्यक्ष को रहेगा। **उक्त जानकारी मण्डल की वेबसाइट www.mpbse.nic.in पर देखी जा सकती है।**

म.प्र. माध्यम/116863/2024 सचिव



**केनरा बैंक Canara Bank** A Govt. of India Undertaking — सिंडिकेट Syndicate

क्षेत्रीय कार्यालय उज्जैन, कॉसमॉस मॉल के पास, नानाखेड़ा, उज्जैन, फोन : 7974875163, 9830687877, 7999556244

**ई-नीलामी सूचना**

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) का परन्तुक देखें ]

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके **कब्जा** ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **30/10/2024** को **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु "जैसा है जहां है, जो है जैसा है" एवं "जो कुछ भी है" के आधार पर किया जा रहा है।

| शाखा एवं खाते / जमानतदार का नाम | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक / बकाया राशि | संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|
| **केनरा बैंक बकतरा शाखा फोन : 9993378305, e-mail id :- cb4744@canarabank.com प्राधिकृत अधिकारी श्री चेतन यादव मोबाइल 9425302389** | | | |
| ऋणी- **मेसर्स माँ हिंगलाज ऑटो डील एण्ड स्पेयर** प्रो. श्री अशोक कुमार ठाकुर पुत्र श्री रेवक सिंह ठाकुर | 05-01-2018 / 11-05-2018 / दिनांक 31-12-2017 को ₹ 10,67,449/- + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | रिहायशी मकान स्थित सर्वे नं. 190/2/2/1/1/2, वार्ड नं. 6, हिंगलाज रोड, ग्राम-बाड़ी, तहसील बाड़ी जिला-रायसेन (म.प्र.) क्षेत्रफल-450 वर्गफिट, संपत्ति मालिक- श्री अशोक कुमार ठाकुर पुत्र रेवक सिंह ठाकुर चर्तुसीमाएं- पूर्व-विष्णु प्रसाद भटेले का प्लाट, पश्चिम- भगवान सिंह हदवाल का प्लाट, उत्तर- 15 फिट चौड़ी रोड, दक्षिण-मो. अनस कुरेशी का प्लाट | ₹ 3,15,000/- / ₹ 31,500/- / ₹ 10,000/- |
| ऋणी- **मेसर्स शीतल ऑटो डील एण्ड स्पेयर पार्ट्स** प्रोपराइटर-श्री मोदक सिंह पुत्र चंदन सिंह जमानतदार- मोहम्मद इलियास शाह पुत्र मोहम्मद बाबू शाह | 20-01-2018 / 10-08-2018 / दिनांक 31-12-2017 को ₹ 1036353/- + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | खुला प्लाट स्थित खसरा नं. 125/12/1, प.ह. नं. 06, कबाड़ मोहल्ला, शक्ति नगर, ब्लॉक ऑफिस कालोनी के पीछे, ग्राम-बाड़ी, तहसील- बाड़ी, जिला-रायसेन (म.प्र.) क्षेत्रफल- 139.44 वर्गमीटर संपत्ति मालिक- मोहम्मद इलियास शाह पुत्र मोहम्मद बाबू शाह चर्तुसीमाएं- पूर्व-खुला प्लाट, पश्चिम - खुला प्लाट, उत्तर- श्री भटेले एवं श्री अशोक कुमार का मकान, दक्षिण- खुला प्लाट | ₹ 4,50,000/- / ₹ 45,000/- / ₹ 10,000/- |
| ऋणी : **मेसर्स अभिषेक फर्नीचर** प्रोपराइटर- श्री हीरालाल ठाकुर पुत्र श्री बंशीलाल ठाकुर जमानतदार-श्री राजेश ठाकुर पुत्र श्री बालमुकुन्द एवं श्रीमती संध्या पत्नि राजेश ठाकुर | 06/04/2022 / 15-12-2022 / दि. 31.03.2022 को ₹ 25,67,627.20 + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | बंधक संपत्ति स्थित डायवर्टेड भूमि सर्वे नं. 190 एवं 203/3, 206, पी.सी. नं. 25, मोकलवाड़ा, तहसील- बाड़ी, जिला-रायसेन (म.प्र.) क्षेत्रफल- 0.223 हेक्टेयर संपत्ति मालिक- श्री राजेश कुमार पुत्र श्री बालमुकुन्द एवं श्रीमती संध्या पत्नि राजेश कुमार चर्तुसीमाएं- पूर्व- रास्ता, पश्चिम- कमल लोधी, उत्तर- रोड, दक्षिण- रास्ता | ₹ 10,00,000/- / ₹ 1,00,000/- / ₹ 10,000/- |
| **केनरा बैंक, आष्टा शाखा, जिला-सीहोर : फोन : 7024241381 प्राधिकृत अधिकारी श्री चेतन यादव मोबाइल 9425302389** | | | |
| ऋणी- **श्री सुनील कुमार बामनिया** पुत्र नरबत सिंह बामनिया सहऋणी: श्रीमती पवित्रा बाई पत्नि श्री सुनील कुमार बमनिया जमानतदार: श्री कैलाश चंद्र **डोंगोलिया** पुत्र श्री देवी सिंह डोंगोलिया | 26/07/2022 / 25/11/2023 / दिनांक 30-06-2022 को ₹ 8,85,794.29 + ब्याज एवं अन्य खर्चे | बंधक संपत्ति प्लाट स्थित भूमि सर्वे नं. 298/33, वार्ड नं. 16, सेमिनरी कालोनी, आष्टा, तहसील आष्टा, जिला-सीहोर (म.प्र.) क्षेत्रफल-0.005 हेक्टेयर या 600 वर्गफिट संपत्ति मालिक- श्रीमती पवित्रा बाई पत्नि श्री सुनील कुमार बामनिया चर्तुसीमाएं- पूर्व- अमन सिंह की जमीन, पश्चिम- 12 फिट रास्ता, उत्तर- सौरम बाई का प्लाट, दक्षिण- अमर सिंह की जमीन | ₹ 18,00,000/- / ₹ 1,80,000/- / ₹ 10,000/- |
| **केनरा बैंक सीहोर शाखा, सीहोर फोन : 9827747898,, e-mail id :- cb3177@canarabank.com प्राधिकृत अधिकारी श्री चेतन यादव मोबाइल 9425302389** | | | |
| ऋणी- **श्री अनादि मिश्रा पुत्र श्री दिनेश मिश्रा एवं श्रीमती मेघा दुबे पत्नि श्री अनादि मिश्रा** | 15.06.2024 / 29-08-2024 / दिनांक 15.06.2024 को ₹ 58,87,578/- + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | फ्रीहोल्ड आवासीय डुप्लेक्स हाउस नं.08 (ए-08) एस.नं. 319, 321/2, 318/2, 320/2 'प्राइड सिटी' ग्राम कटारा, वार्ड नं.85, तहसील हुजूर, भोपाल (म.प्र.) प्लॉट एरिया: 1150 वर्गफुट या 106.87 वर्गमीटर निर्मित क्षेत्रफल भूतल: 92.93 वर्गमीटर और प्रथम तल: 92.93 वर्गमीटर संपत्ति मलिक- श्री अनादि मिश्रा पुत्र श्री दिनेश मिश्रा और श्रीमती मेघा दुबे पत्नि श्री अनादि मिश्रा चर्तुसीमाएं: पूर्वः बाउंड्री वॉल, पश्चिमः सड़क और पार्क, उत्तरः प्लॉट नं.09 (ए-09), दक्षिणः प्लॉट नं.07 (ए-07) | ₹ 53,30,000/- / ₹ 5,33,000/- / ₹ 10,000/- |

धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने की अंतिम तिथि 29/10/2024 या उससे पूर्व सायं 4.00 बजे तक

ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 30/10/2024 दोपहर 12.00 से दोपहर 1.00 बजे तक (5 मिनिट के असीमित विस्तार पर)

E-Auction login Website: M/s PSB Alliance (Ebkray) Helpdesk No. 8291220220 Email : support.ebkray@psballiance.com Website : https://ebkray.in.

नीलामी की विस्तृत जानकारी हेतु कृपया केनरा बैंक की वेबसाइट https://www.canarabank.com में "E-Auction" की लिंक देखें अथवा उपरोक्त वर्णित संबंधित शाखाओं के प्रबंधक अथवा प्राधिकृत अधिकारी श्री चेतन यादव मो. 9425302389, email id: robpl2rec@canarabank.comसे कार्यालयीन समय एवं कार्यालयीन दिवस में संपर्क करें।

स्थान : उज्जैन, दिनांक : 14-10-2024 प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक

## खेल एक नजर

### डल्लास काउब्वॉयज ने सचिन तेंदुलकर को सम्मानित किया



**ह्यूस्टन, जेएनएन।** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का डल्लास काउब्वॉयज एनएफएल मैच के दौरान टीम के मालिक जैरी जोंस ने दस नंबर की जर्सी भेंट करके सम्मान किया। अमेरिकी में क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता में तेंदुलकर ने राष्ट्रीय क्रिकेट लीग (एनसीएल) के जरिए योगदान दिया है। एनसीएल के सह मालिक तेंदुलकर अमेरिका में नए दर्शकों तक क्रिकेट को पहुंचाने के लिए प्रयासरत हैं। एनएफएल के सबसे मशहूर केंद्रों पर उनका सम्मानित होना क्रिकेट और अमेरिकी खेलों को करीब लाने की दिशा में अहम कदम है। एनसीएल में शाहिद अफरीदी, सुरेश रैना, शाकिब अल हसन और क्रिस लिन जैसे खिलाड़ी जुड़े हैं।

### भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज और आईपीएल में नहीं खेल पाएंगे ग्रीन



**मेलबर्न, जेएनएन।** ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन को रीढ़ की हड्डी में स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण भारत के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट सीरीज में नहीं खेल पाएंगे। यह 25 वर्षीय खिलाड़ी अपनी पीठ का ऑपरेशन करवाएगा, जिससे उबरने में उन्हें छह महीने का समय लग जाएगा। पिछले महीने ब्रिटेन का दौरे में उन्हें इसका पता चला। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को कहा कि तेज गेंदबाजों की रीढ़ की हड्डी में स्ट्रेस फ्रैक्चर होना आम बात है, लेकिन कैमरन के फ्रैक्चर के पास वाले भाग में कुछ दिक्कत है, जिसे चोट का कारण माना जा सकता है। ग्रीन का छह महीने तक बाहर रहने का मतलब है कि वह बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी ही नहीं, फरवरी में श्रीलंका के दौरे और चैंपियंस ट्रॉफी में भी नहीं खेल पाएंगे। उनका आईपीएल में खेलना भी संदिग्ध है।

### सिंधू और सेन की नजरें डेनमार्क ओपन में फॉर्म हासिल करने पर



**ओडेन्से (डेनमार्क), जेएनएन।** भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन मंगलवार से शुरू हो रहे 8,50,000 डॉलर इनामी राशि के डेनमार्क ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के जरिए फॉर्म में वापसी की कोशिश करेंगे। दोनों खिलाड़ियों का पिछले सप्ताह फिनलैंड के वांता में हुए आर्कटिक ओपन में प्रदर्शन औसत रहा। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू पहले ही दौर में बाहर हो गई, जबकि 2021 विश्व चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता सेन दूसरे दौर में हार गए। पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहे सेन का सामना पहले दौर में चीन के लू गुआंग झू से होगा, जिनसे उनकी पहली ही टक्कर है। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू नए कोच अनूप श्रीधर और कोरिया के ली ह्यून इल के मार्गदर्शन में पहले दौर में चीनी ताइपै की पेइ यू पो से खेलेंगी। महिला वर्ग में फॉर्म में चल रही मालविका बंसोड़, आकर्षि कश्यप और उन्नति हुड्डा भी उतरेंगी।

### बीसीसीआई ने घरेलू टी-20 टूर्नामेंट से इम्पैक्ट प्लेयर नियम को हटाया

**नई दिल्ली, भाषा।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने आगामी सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी के लिए इम्पैक्ट प्लेयर नियम को खत्म करने का फैसला किया है। इम्पैक्ट प्लेयर प्रावधान को कुछ साल पहले सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी में लागू किया गया था। इसके बाद इसे आईपीएल में लागू किया गया। बीसीसीआई ने सोमवार को राज्य संघों को बताया, कृपया ध्यान दें कि बीसीसीआई ने मौजूदा सत्र के लिए इम्पैक्ट प्लेयर के प्रावधान को खत्म करने का फैसला किया है। इम्पैक्ट प्लेयर को शीर्ष घरेलू टी-20 टूर्नामेंट से खत्म करने का बीसीसीआई का यह फैसला तब आया है, जब उसने इस नियम को 2027 तक आईपीएल में बरकरार रखने के फैसला किया। इस नियम के कारण आईपीएल के बीते सत्र में 250 रन से अधिक के कई स्कोर बने हैं। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा सहित कई मौजूदा और पूर्व खिलाड़ियों ने इस नियम की आलोचना की है।

# तीन तेज गेंदबाजों के साथ उतर सकता है भारत न्यूजीलैंड को भी अपने तूफानी गेंदबाजों से उम्मीद

**भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन टेस्ट मैच की सीरीज कल से**

**दोनों टीम के खिलाड़ियों ने नेट पर की प्रैक्टिस**

**जेएनएन/भाषा, बेंगलुरु**

पिच पर घास की मौजूदगी और मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का नेट पर जमकर अभ्यास, बुधवार से न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले पहले टेस्ट मैच में भारत के तीन तेज गेंदबाजों के साथ उतरने के शुरुआती संकेत हो सकते हैं। अगले महीने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर तेज गेंदबाजों को गेंदबाजी का बड़ा जिम्मा उठाना होगा और इसे ध्यान में रखते हुए भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ हाल की घरेलू सीरीज के बाद से अपने तेज गेंदबाजों को अधिक मौका दे रहा है। बुमराह, मोहम्मद सिराज और आकाश दीप ने बांग्लादेश के खिलाफ यह जिम्मेदारी निभाई और मेजबान टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ भी इन तीनों के साथ उतर सकती है। अगले कुछ दिनों में मौसम भी खराब रहने की भविष्यवाणी है, जिससे तीन तेज गेंदबाजों के साथ उतरने का मामला मजबूत हो गया है। हालांकि मुख्य कोच गौतम गंभीर ने अपनी योजना का खुलासा नहीं किया है।



मैदान में चर्चा करते हुए टीम इंडिया के कोच गौतम गंभीर और रोहित शर्मा

### कीवी टीम तेज गेंदबाज ओरोर्के पर निर्भर

अगर पिच और परिस्थितियां ऐसी ही रहीं तो न्यूजीलैंड को कोई शिकायत नहीं होगी, क्योंकि इससे उनके तेज गेंदबाज की भूमिका अहम हो सकती है। ऐसी स्थिति में न्यूजीलैंड की टीम भारतीय बल्लेबाजी क्रम के खिलाफ तेज गेंदबाज विलियम ओरोर्के पर बहुत अधिक निर्भर करेगी।

मुझे लगता है कि पारंपरिक रूप से बेंगलुरु की पिच थोड़ा कम टर्न लेने वाली है। आप यहां कई तेज गेंदबाजों को विकेट लेते हुए देखते हैं। यहां शायद उतना टर्न नहीं मिले जितना हम मुंबई में उम्मीद कर सकते हैं। जहां तक पिच की प्रकृति का सवाल है, तो न्यूजीलैंड की टीम को बिना किसी पूर्वाग्रह के टेस्ट मैच खेलना होगा। यह पहले, दूसरे दिन टर्न नहीं करेगी, लेकिन तीसरे, चौथे या पांचवें दिन कर सकती है।

■ रचिन रविंद्र, ऑलराउंडर, न्यूजीलैंड

### पिच देखने के बाद निर्णय लेंगे : गौतम गंभीर

मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सोमवार को संवाददाताओं से कहा कि यह (संयोजन) परिस्थितियों, विकेट और विपक्षी टीम पर निर्भर करता है। इस ड्रेसिंग रूम की सबसे अच्छी बात यह है कि हमारे पास इतने सारे स्तरीय खिलाड़ी हैं और हम उनमें से किसी को भी चुन सकते हैं। हम जानते हैं कि वे हमारे लिए काम कर सकते हैं। इसे ही गहराई कहते हैं। उन्होंने कहा, हम कल पिच देखेंगे। हम बातचीत करेंगे और देखेंगे कि चिन्नास्वामी स्टेडियम में काम करने के लिए सबसे अच्छा संयोजन क्या है। हालांकि गंभीर, कप्तान रोहित शर्मा और थिंक टैंक के अन्य सदस्य निश्चित रूप से न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों के श्रीलंकाई स्पिनरों के खिलाफ हाल ही में किए गए संघर्ष पर विचार करेंगे। न्यूजीलैंड ने पिछले महीने दो टेस्ट मैचों की सीरीज में बाएं हाथ के स्पिनर प्रभात जयसूर्या की अगुआई वाले श्रीलंकाई स्पिनरों के सामने 37 विकेट गंवाए थे। भारत बाएं हाथ के पारंपरिक स्पिनर अक्षर पटेल और बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव पर भरोसा कर सकता है। गंभीर ने रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा के साथ एक अतिरिक्त स्पिनर को खिलाने के विकल्प को खुला रखा है। उन्होंने कहा, जाहिर है कि हमारे पास बहुत सारे बेहतरीन गेंदबाज हैं, सिर्फ कुलदीप यादव ही नहीं, बल्कि हमारे पास टीम में कई अन्य बेहतरीन गेंदबाज भी हैं। गंभीर ने कहा, मैंने पहले भी कहा है कि हम किसी को योजना से बाहर नहीं रखते। हम सिर्फ उन्हीं खिलाड़ियों को चुनते हैं, जो हमारे लिए काम कर सकें।

# पाकिस्तान को 56 रन पर समेट न्यूजीलैंड ने तोड़ा भारत का सपना

## टी-20 वर्ल्ड कप : पाक को 54 रन से हराकर कीवी टीम सेमीफाइनल में, टीम इंडिया बाहर

**दुबई, जेएनएन/भाषा।** न्यूजीलैंड ने सोमवार को पाकिस्तान को कम स्कोर वाले मैच में 54 रन से हराकर महिला टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस जीत से न्यूजीलैंड की टीम ग्रुप-ए में चार मैच में तीन जीत से छह अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहते हुए सेमीफाइनल में पहुंची। ऑस्ट्रेलिया की टीम शीर्ष पर रही। न्यूजीलैंड की जीत के साथ भारत और पाकिस्तान का अंतिम चार में जगह बनाने का सपना भी टूट गया। गेंदबाजी की अनुकूल धीमी पिच पर न्यूजीलैंड के 111 रन के छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम लेग स्पिनर अमेलिया केर (14 रन पर तीन विकेट) और ऑफ स्पिनर इडेन कार्सन (सात रन पर दो विकेट) की बलखाती गेंदों के सामने 11.4 ओवर में सिर्फ 56 रन पर ढेर हो गई। पाकिस्तान की ओर से कप्तान फातिमा सना (21) और सलामी बल्लेबाज मुनीबा अली (15) ही दोहरे अंक में पहुंच पाईं। टीम ने अंतिम पांच विकेट सिर्फ चार रन जोड़कर गंवाए। इससे पहले बाएं हाथ की स्पिनर नासरा संधू (18 रन पर तीन विकेट) और ऑफ स्पिनर ओमाइमा सोहेल (14 रन पर एक विकेट) ने बीच के ओवरों में न्यूजीलैंड की बल्लेबाजों पर लगाम लगाकर रखी, जिससे टीम छह विकेट पर 110 रन ही बना सकी।



प्लेयर ऑफ द मैच कार्सन सात रन देकर दो विकेट

### इंग्लैंड और वेस्टइंडीज में से जो हारा वो बाहर

**दुबई, जेएनएन।** महिला टी-20 वर्ल्ड कप में मंगलवार को इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच आखिरी लीग मैच खेला जाएगा। यह मुकाबला एक प्रकार से वर्चुअल नॉकआउट की तरह होगा, जिसमें विजेता सीधे सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई करेगा। दक्षिण अफ्रीका की टीम बेहतर नेट रन रेट के साथ सेमीफाइनल में एक पैर जमा चुकी है। पिछली बार जब दोनों टीमों के बीच भिड़ंत हुई थी, तो इंग्लैंड ने 136 रनों के टारगेट को सिर्फ 15 ओवर में प्राप्त कर लिया था। इंग्लैंड के खिलाफ वेस्टइंडीज 28 टी-20 में सिर्फ आठ ही मैच जीतने में सफल हो पाई है।

## भार्गव के छक्के से बड़ौदा की यादगार जीत, गत चैंपियन मुंबई 84 रन से हारी

**वडोदरा, जेएनएन/भाषा।** बाएं हाथ के स्पिनर भार्गव भट्ट ने शानदार गेंदबाजी करते हुए छह विकेट चटकाए, जिससे बड़ौदा ने सोमवार को रणजी ट्रॉफी ग्रुप-ए मैच के अंतिम दिन गत चैंपियन मुंबई को 84 रन से हरा दिया। अंतिम दिन 34 वर्षीय भट्ट ने दूसरी पारी में 55 रन देकर छह विकेट लिए। जीत के लिए 262 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 42 बार की चैंपियन मुंबई की टीम 48.2 ओवर में 177 रन पर आउट हो गई। मुंबई को अंतिम दिन जीत के लिए 220 रन की जरूरत थी, जबकि उसके आठ विकेट बचे हुए थे। उसने सुबह दो विकेट पर 42 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई, लेकिन शीर्ष स्कोरर सिद्धेश लाड (59) और श्रेयस अय्यर (30) को छोड़कर उसका कोई भी अन्य बल्लेबाज टिककर नहीं खेल पाया। मुंबई ने इस तरह से 38.5 ओवर में अपने बाकी बचे आठ विकेट गवा दिए। इस बीच उसकी टीम केवल 135 रन ही बना सकी। कप्तान अजिंक्य रहाणे (12) सोमवार को आउट होने वाले पहले बल्लेबाज थे। बड़ौदा ने पहली पारी में 290 रन बनाए थे, जिसके जवाब में मुंबई की टीम 214 रन बनाकर आउट हो गई थी। बड़ौदा ने दूसरी पारी में 185 रन बनाकर मुंबई के सामने मुश्किल लक्ष्य रखा था। प्लेयर ऑफ द मैच भार्गव ने कुल 10 विकेट झटके। उधर दिल्ली में सेना की टीम ने मेघालय को पारी और 65 रन से हराया। सेना की टीम ने 402 रन बनाए, जिसके जवाब में मेघालय की टीम 233 और 104 रन ही बना सकी। वहीं जम्मू कश्मीर ने पहली पारी नौ विकेट पर 519 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी।




### मध्यप्रदेश और कनार्टक के बीच मैच ड्रॉ, एक-एक अंक मिले

इंदौर के होलकर स्टेडियम में मध्य प्रदेश और कनार्टक के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा। मप्र के आठ विकेट पर 425 रन के जवाब में कर्नाटक ने अपनी पहली पारी में पांच विकेट पर 206 रन बनाए। कर्नाटक के लिए निकिन जोश ने 99, जबकि श्रेयस गोपाल ने नाबाद 60 रन का योगदान दिया। इस मैच में दोनों टीमों को पहली पारी पूरी नहीं होने के कारण एक-एक अंक साझा करना पड़ा।

## एचआईएल नीलामी : बेल्जियम के दूसरे दिन विक्टर वेगनेज सबसे महंगे खिलाड़ी



**नई दिल्ली, जेएनएन।** बेल्जियम के मिडफील्डर विक्टर वेग्नेज हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के खिलाड़ियों की नीलामी के दूसरे दिन सोमवार को सबसे महंगे खिलाड़ी रहे। वेग्नेज को सूरमा हॉकी क्लब ने 40 लाख रुपए में खरीदा। नीलामी के दूसरे दिन बड़ी रकम हासिल करने वालों में नीदरलैंड के थिएरी ब्रिंकमैन (38 लाख रुपए) और आर्थर वान डोरेन (32 लाख रुपए) भी शामिल है। इन दोनों के लिए कलिंगा लांसर्स ने बड़ी बोली लगाई। टॉमस डोमिन (दिल्ली एसजी पाइपर्स के लिए 36 लाख रुपए में), ऑस्ट्रेलिया के अरन जालेवस्की (कलिंगा लांसर्स के लिए 27 लाख रुपए में) और ब्लेक गोवर्स (तमिलनाडु ड्रैगन्स के लिए 27 लाख रुपए में) पर फ्रेंचाइजी टीमों ने ने बड़ी रकम खर्च की। मोरियांगथेम रबीचंद्र (कलिंगा लांसर्स के लिए 32 लाख रुपए में) और मोहम्मद राहिल मौसीन (तमिलनाडु ड्रैगन्स के लिए 25 लाख रुपए में) जैसे भारतीय खिलाड़ियों को भी अच्छी रकम मिली।


## इंग्लैंड-पाक के बीच दूसरा टेस्ट आज से, कप्तान स्टोक्स की वापसी



**मुल्तान, जेएनएन।** पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज में मंगलवार से खेले जाने वाले दूसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स की अंतिम एकादश में वापसी हुई है। स्टोक्स हैमस्ट्रिंग की समस्या के कारण अगस्त से टीम से बाहर थे। इस सीरीज के पहले टेस्ट में इंग्लैंड ने पाकिस्तान को एक पारी और 47 रनों से हराया था। इंग्लैंड की एकादश में गस एटकिंसन की जगह तेज गेंदबाज मैथ्यू पॉट्स को शामिल किया गया है। स्टोक्स ने तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स की जगह ली है, जबकि टीम ने दोनों स्पिनरों शोएब बशीर और जैक लीच को अपनी एकादश में बरकरार रखा है। इंग्लैंड टीम प्रबंधन के अनुसार स्टोक्स ने पिछले कुछ दिनों में नेट सत्र के दौरान बिना किसी परेशानी के गेंदबाजी और बल्लेबाजी की है। चिकित्सा विशेषज्ञों ने उन्हें वापसी के लिए मंजूरी दे दी है। वहीं सीरीज में 1-0 से पीछे पाकिस्तान ने अभी तक अपनी अंतिम एकादश की घोषणा नहीं की है।

**इंग्लैंड एकादशः** बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्राउली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रुट, हैरी ब्रूक, जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), ब्रायडन कार्स, मैथ्यू पॉट्स, जैक लीच, शोएब बशीर।

## वर्ल्ड कप के बाद पहली बार वनडे टीम की कमान संभालेंगे कमिंस



**सिडनी, एपी।** ऑस्ट्रेलिया के नियमित कप्तान पैट कमिंस पाकिस्तान के खिलाफ अगले महीने होने वाली तीन वनडे अंतरराष्ट्रीय मैच की सीरीज में फिर से अपने देश की अगुआई करेंगे। पिछले साल नवंबर में भारत में विश्व कप जीतने के बाद यह पहला अवसर होगा, जबकि कमिंस वनडे टीम की कमान संभालेंगे। टेस्ट टीम में कमिंस के नियमित साथी तेज गेंदबाजों जोश हेजलवुड और मिशेल स्टार्क को भी ऑस्ट्रेलिया की 14 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच पहला मैच चार नवंबर को मेलबर्न, दूसरा मैच आठ नवंबर को एडिलेड ओवल तथा तीसरा मैच 10 नवंबर को पर्थ में खेला जाएगा।

**टीमः** कमिंस (कप्तान), सीन एबॉट, कूपर कोनोली, फ्रेजर मैकगर्क, आरोन हार्डी, हेजलवुड, जोश इंगलिस, मार्नस लाबुशेन, ग्लेन मैक्सवेल, मैथ्यू शॉर्ट, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, एडम जम्पा।

## सिटी-स्पोर्ट्स

### इंटर डिस्ट्रिक्ट बॉयज क्रिकेट टूर्नामेंट : भोपाल ब्लू की कमान ओजस्व को, रेड की अगुआई करेंगे आदित्य

**भोपाल, खेप्र।** भोपाल डिविजन क्रिकेट एसोसिएशन (बीडीसीए) की सिलेक्शन कमेटी ने सोमवार को इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर-18 बॉयज टूर्नामेंट के लिए अपनी टीम भोपाल ब्लू और रेड की घोषणा कर दी है। यह टीम 17 अक्टूबर से विदिशा में होने वाले टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी। टूर्नामेंट में भोपाल जिले की दो टीमों के अतिरिक्त सीहोर, विदिशा, रायसेन एवं राजगढ़ जिले की टीम में हिस्सा लेंगी। टूर्नामेंट लीग-कम नॉकआउट पद्धति पर खेला जाएगा। इस मौके पर बीडीसीए अध्यक्ष ध्रुव नारायण सिंह ने मैनेजिंग कमेटी में रजत मोहन वर्मा को उपाध्यक्ष और संजय रघुवंशी को मेंबर घोषित किया है। यह जानकारी बीडीसीए के उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता सुशील सिंह ठाकुर दी।

#### भोपाल जिले की टीम

**भोपाल ब्लूः** ओजस्व शुक्ला (कप्तान) प्रतीक शुक्ला, मलय श्रीवास्तव, अलिफ हसन, सिद्धांत परिहार, संकल्प पाराशर, शिखर देशमुख, द्रोन श्रीवास्तव, अंजेश पाल, हिमांश मेवाड़ा, प्रथम सिंह सेंगर, रोहित लोधी, तरुण नगर, रुद्र प्रताप सिंह, आर्यमन परमार, आर्यन साहनी। कोचः अभय गोस्वामी।

**भोपाल रेड :** आदित्य राज सिंह तोमर (कप्तान), कनिष्क गौतम, संस्कार परोचे, मयंक बालयांन, आर्यन सिंह, मयंक रावत, आयुष अवस्थी, गजेंद्र यादव, नीरज ग्रोवर, दिव्यांश मंडोलिया, आर्यमन सिंह, चौहान मल्हार, त्रिपाठी युवराज, सिंह मानस, भार्गव रवजीत, माल्ही रिद्धिय महेश्वरी। कोचः सादउद्दीन।

### एक लाख इनामी राशि वाली बैडमिंटन टूर्नामेंट 19 से

**भोपाल, खेप्र।** एक लाख रुपए इनामी राशि वाली रामप्रकाश स्मृति जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया स्पोटर्स कॉम्प्लेक्स में 19 से 23 अक्टूबर तक खेली जाएगी। चैंपियनशिप का आयोजन गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया और भोपाल जिला बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में किया जाएगा।

### मप्र हॉकी अकादमी सब जूनियर टूर्नामेंट में उपविजेता



**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश हॉकी अकादमी ने 41वीं नेहरू सब जूनियर हॉकी टूर्नामेंट में उप विजेता का खिताब अपने नाम किया। यह टूर्नामेंट चार से 14 अक्टूबर तक नई दिल्ली में आयोजित किया गया था। शिवाजी स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में मप्र हॉकी अकादमी को कड़े संघर्ष के बाद नवल टाटा हॉकी अकादमी जमशेदपुर से 5-1 से हार का सामना करना पड़ा। इस टूर्नामेंट में देश भर की 28 टीमों ने प्रतिभागिता की थी। मप्र राज्य पुरुष हॉकी अकादमी के खिलाड़ी मुख्य प्रशिक्षक समीर दार और प्रशिक्षक लोकेंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में प्रशिक्षणरत् है।

### पहली बार मप्र अकादमी के किसी खिलाड़ी ने वर्ल्ड पेंटाथलॉन चैंपियनशिप में जीते दो पदक



**भोपाल, खेप्र।** मध्य प्रदेश ट्रायथ्लॉन अकादमी के खिलाड़ी यश बाथरे ने वर्ल्ड मार्डन पेंटाथलॉन चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक रजत और एक कांस्य सहित दो पदक जीते। यह पहला अवसर है जब अकादमी के किसी खिलाड़ी ने दो पदक अर्जित किए। यह चैंपियनशिप आठ से 14 अक्टूबर तक इजिप्ट में आयोजित की गई थी। यश ने ट्रायथ्लॉन टीम इवेन्ट में रजत और बाईथ्ले टीम इवेन्ट में कांस्य पदक अर्जित किया। यश विगत चार वर्षों से अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक केप्टन मनोज झा के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

### मप्र खेल विभाग करेगा अब बीएचईएल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का संचालन करेगा

#### खेल मंत्री सारंग ने किया निरीक्षण, प्रस्ताव बनाकर भेजा



**भोपाल, खेप्र।** खेल विभाग के माध्यम से बीएचईएल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का संचालन कि या जाएगा। इसकी रूप रेखा तैयार कर ली गई है और केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय को प्रस्ताव बनाकर भेजने के निर्देश दिए गए हैं। खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने सोमवार को बीएचईएल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निरीक्षण के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इससे कम खर्च में उन्नयन होगा। इससे बीएचईएल टॉउनशिप के लोगों को तो फायदा मिलेगा ही, साथ ही भोपाल के नागरिकों को भी इसका लाभ मिलेगा। मंत्री सारंग ने कहा कि क्रिकेट स्टेडियम का उन्नयन बीएचईएल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होगा, तो क्रिकेट प्रतिभाओं को इसका लाभ मिलेगा। क्रिकेट के लिए मैदान के मापदण्ड पूरे हैं, बाकी स्टैण्ड आदि सुविधाओं का विस्तार करने के लिए फंड की व्यवस्था की जाएगी। प्राथमिक रूप से लोकल मैनेजमेंट ने इसकी सहमति दी है। इसे जल्द ही खेल विभाग के अंतर्गत लाकर एक अच्छा खेल परिसर बनाया जाएगा।

#### स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में कई खेल

स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स लगभग पौने 200 एकड़ जमीन पर बना है। इसमें क्रिकेट, गोल्फ, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, टेनिस टेबल टेनिस, हॉकी, एथलेटिक्स, कबड्डी सहित लगभग सभी खेल हैं। गोल्फ के लिए भी 33 एकड़ स्थान है।

## संक्षिप्त समाचार

### चिराग पासवान की सुरक्षा बढ़ी, अब जेड सिक्योरिटी



**पटना, जेएनएन।** खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री, हाजीपुर सांसद और लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान को एसएसबी के कमांडो सुरक्षा दे रहे हैं। अब इस कैटेगरी में एसएसबी कमांडो की जगह सीआरआरएफ के जवान उनकी सुरक्षा में रहेंगे। सिक्योरिटी के तहत चिराग पासवान की सुरक्षा में अब कुल 33 सुरक्षा गार्ड तैनात होंगे। इनमें से 10 आर्म्ड स्टैटिक गार्ड आवास पर रहेंगे। 6 राउंड द क्लॉक पीएसओ, तीन शिफ्ट में आर्म्ड स्कॉर्ट के 12 कमांडो, वाचर्स शिफ्ट में 2 कमांडो और 3 ट्रेंड ड्राइवर राउंड द क्लॉक मौजूद रहेंगे। केंद्र ने चिराग की सुरक्षा बढ़ाने का फैसला ऐसे समय पर लिया है, जब दो दिन पहले गया के अतरी विधानसभा क्षेत्र में उनके पिता और लोजपा के दिवंगत नेता रामविलास पासवान की मूर्ति तोड़ी गई थी। दिवंगत नेता रामविलास पासवान की मूर्ति तोड़े जाने के 2 दिन बाद चिराग की सुरक्षा बढ़ाई गई है।




हरिद्वार में सोमवार को हर की पौड़ी पर स्नान करते श्रद्धालु। वार्षिक मरम्मत और सफाई कार्य के लिए 12 अक्टूबर से 3 नवंबर तक हर की पौड़ी पर गंगा की मुख्य धारा को बंद कर दिया गया है।

### उद्धव ठाकरे अस्पताल में भर्ती आदित्य बोले- ऑल इज वेल



**मुंबई, जेएनएन।** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की तबीयत बिगड़ने के बाद सोमवार को उन्हें मुंबई के रिलायंस अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी हार्ट आर्टरीज में ब्लॉकेज की जांच हुई है। कहा जा रहा है कि 12 अक्टूबर को दशहरा रैली के बाद से ही उनकी तबीयत ठीक नहीं है। वहीं शिवसेना (बीटी) नेता और उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे ने एक्स पर जानकारी दी कि आज सुबह उद्धव ठाकरे जी ने सर एचएन रिलायंस अस्पताल में प्री-प्लांड चेकअप कराया। आपकी शुभकामनाओं के साथ सब ठीक है। वे काम करने और लोगों की सेवा करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। 2012 में दो बार उद्धव ठाकरे की एंजियोप्लास्टी हो चुकी है। 16 जुलाई, 2012 को सीने में दर्द की शिकायत के बाद उन्हें बांद्रा के लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जांच में पता चला था कि उनके हार्ट की तीन मेन आर्टरी में से दो में 100 प्रतिशत ब्लॉकेज था। इसके बाद डॉक्टर ने दो एंजियोप्लास्टी कराने की सलाह दी थी। तब 20 जुलाई को पहली बार उनकी एंजियोप्लास्टी हुई थी। उनकी हार्ट आर्टरीज में आठ स्टेंट डाले गए थे।

### चीन ने ताइवान के चारों ओर किया बड़ा सैन्य अभ्यास

**ताइपे, जेएनएन।** चीन ने सोमवार को ताइवान और उसके आसपास के द्वीपों के चारों और बड़े पैमाने पर सैन्य अभ्यास किया। इस अभ्यास में 125 विमान, विमानवाहक लिआनिंग और अन्य जहाज शामिल हुए। अभ्यास में प्रमुख बंदरगाहों की घेराबंदी की गई, जिससे ताइवान जलडमरूमध्य में तनाव बढ़ गया है। बीजिंग ने कहा कि यह सैन्य अभ्यास ताइवान के राष्ट्रपति लाइ चिंग-ते के खिलाफ एक दंडात्मक कार्रवाई है, क्योंकि उन्होंने चीन के ताइवान पर संप्रभुता के दावे को मानने से इनकार किया था। यह अभ्यास ताइवान के राष्ट्रीय दिवस के चार दिन बाद हुआ है। राष्ट्रीय दिवस पर राष्ट्रपति लाइ चिंग-ते ने अपने भाषण में कहा था कि चीन को ताइवान का प्रतिनिधित्व करने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने यह भी कहा था कि वह हमेशा विलय या अतिक्रमण का विरोध करेंगे। चीन के ताइवान मामलों के कार्यालय ने कहा कि यह लाइ चिंग-ते के स्वतंत्र ताइवान के झूठे दावों के लिए एक कड़ी सजा है। वहीं, ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि ताइवान के वायु क्षेत्र में फाइटर जेट सहित 90 विमान, हेलीकॉप्टर और ड्रोन देखे गए। यह एक दिन में विमानों की सबसे अधिक संख्या थी, जो सुबह 5.02 बजे से शाम 4.30 बजे तक दर्ज की गई। मंत्रालय ने यह भी बताया कि समुद्री यातायात सामान्य रूप से जारी है।

# हिजबुल्लाह का इजराइली मिलिट्री बेस पर ड्रोन अटैक, 4 सैनिकों की मौत, 58 घायल

## इजराइल ने भी सेंट्रल गाजा के स्कूल में की एयर स्ट्राइक, 22 लोगों की मौत, 80 घायल

**तेल अवीव, जेएनएन।** हिजबुल्लाह ने रविवार रात इजराइल के हाइफा इलाके में गोलानी मिलिट्री बेस पर हमला किया। इजराइल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) के मुताबिक इस हमले में 4 सैनिकों की मौत हो गई और कम से कम 58 सैनिक घायल हुए हैं। इनमें 7 गंभीर रूप से घायल हैं। यह हमला राजधानी तेल अवीव से 40 मील दूर बिनयामिना टाउन में हुआ है। इजराइली मिलिट्री के प्रवक्ता डैनियल हगारी ने कहा कि कोई भी ड्रोन बिना किसी वॉर्निंग के इजराइली हवाई सीमा के अंदर कैसे आ सकता है, इसकी जांच हो रही है। हमें बेहतर सुरक्षा करनी चाहिए थी। संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि आईडीएफ के ट्रेनिंग बेस पर ड्रोन्स की बरसात कर दी। उन्होंने उन जगहों पर विस्फोट किया जहां पर इजराइली सैनिक मौजूद थे। वे लेबनान पर हमले की तैयारी के लिए योजना बना रहे थे। उधर इजराइल ने सोमवार सुबह सेंट्रल गाजा के स्कूल में एयर स्ट्राइक की है। इस हमले में 22 लोगों की मौत हुई है। वहीं करीब 80 घायल हुए हैं। गाजा में पिछले 1 साल से जारी इजराइली हमलों में 42 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है।



### हिजबुल्लाह ने ड्रोन से किया हमला

शुरुआती जांच से पता चला है कि हिजबुल्लाह के दो ड्रोन समुद्र से इजराइली हवाई क्षेत्र में घुसे थे। दोनों ही 'मिरसाद' ड्रोन थे। इसे ईरान में अबाबील-टी के नाम से जाना जाता है। इसका इस्तेमाल आत्मघाती हमले में किया जाता है। यह ड्रोन 40 किलोग्राम तक विस्फोटक ले जा सकता है।

### इजराइल में तैनात होंगे अमेरिकी सैनिक

ईरान और हिजबुल्लाह के हमले के बाद अमेरिका ने इजराइल के एयर डिफेंस को और मजबूत करने के लिए एक टर्मिनल हाई-एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस (थाड) भेजने का फैसला किया है। इसकी निगरानी के लिए 100 अमेरिकी सैनिक भी तैनात किए जाएंगे। अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन ने कहा कि थाड से इजराइल का एयर डिफेंस सिस्टम और मजबूत होगा। थाड और स्पेशल सैनिक एक सप्ताह के भीतर इजराइल भेजे जाएंगे। थाड को बैलिस्टिक मिसाइल हमले को रोकने के लिए डिजाइन किया गया है। थाड मिसाइलों को ट्रक पर लगे लॉन्चर से दागा जाता है।

### ईरान बोला- हमला हुआ तो आर-पार की होगी लड़ाई

ईरान ने एक बार फिर से इजराइल को धमकी दी है। ईरान ने कहा कि अगर उनकी जमीन पर हमला होता है तो इसका कड़ा जवाब दिया जाएगा। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अगघची ने कहा कि अमेरिका हालिया समय में इजराइल को रिकॉर्ड हथियार भेज रहा है। अब वह अपने एयर डिफेंस सिस्टम को भी वहां तैनात कर रहा है और अपने सैनिकों की जान को खतरे में डाल रहा है। अगर हम पर कोई हमला होता है तो अपने लोगों की हिफाजत के लिए आर-पार की लड़ाई लड़ेंगे। अरघची ने ये भी कहा कि हाल के दिनों में ईरान ने जंग रोकने की कई कोशिशें की हैं। 1 अक्टूबर को इजराइल पर हुए मिसाइल अटैक के बाद से कई इजराइली नेताओं ने ईरान पर पलटवार की धमकी दी है।

### कमला हैरिस बोलीं- गाजा में मदद पहुंचाए इजराइल

अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने रविवार को सोशल मीडिया पर लिखा कि इजराइल को गाजा में खाने के ट्रक भेजने के लिए तुरंत काम करना चाहिए। लोगों तक खाना, पानी और दवा का पहुंचना जरूरी है। अंतरराष्ट्रीय कानूनों का सम्मान किया जाना चाहिए। गाजा में पिछले 2 सप्ताह से खाने का संकट पैदा हो गया है। यूएन की वर्ल्ड फूड प्रोग्राम ने कहा कि गाजा में मिलने वाली खाद्य मदद को इजराइल ने रोक रखा है। अगस्त में 700 खाने के ट्रक गाजा भेजे गए थे। सितंबर में संख्या घटकर 400 हो गई थी। इस महीने अब तक एक भी ट्रक गाजा में दाखिल नहीं हुआ है। यूएन ने कहा कि गाजा में भुखमरी का संकट पैदा हो गया है।

# मणिपुर हिंसा के बाद कुकी-मैतेई पहली बार बैठक करेंगे


## दोनों समुदाय के नेता और विधायक आज दिल्ली में मिलेंगे और शांति समाधान का हल निकालेंगे

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पिछले एक साल से मणिपुर में जारी जातीय हिंसा के बीच 15 अक्टूबर को कुकी और मैतेई समुदाय पहली बार बातचीत करने जा रहे हैं। गृह मंत्रालय की तरफ से नई दिल्ली में होने वाली बैठक में दोनों समुदाय के नेता और विधायक शामिल होंगे, ताकि शांति से हिंसा का समाधान निकाला जा सके। बैठक में मैतेई समुदाय के नेता थोंगम बिस्वजीत, स्पीकर थोकचोम सत्यब्रत, थोउनाओजम बसंतकुमार, खोंगबंतबाम इबोमचा, डॉ. सपाम रंजन, थोकचोम राधे-श्याम और टोंगब्रम रॉबिन्ड्रो शामिल होंगे। वहीं कुकी समुदाय के नेताओं में लेटपाओ हाओकिप, पाओलिएनलाल हाओकिप, हाओखोलेट किपगेन रहेंगे । इस चर्चा में नागा विधायकों और मंत्रियों में अवांगबो न्यूमई, एल. दिखो और राम मुइवा भी मौजूद रहेंगे। मणिपुर में जातीय हिंसा 3 मई 2023 को शुरू हुई थी। इसके 16 महीने बीत चुके हैं। इस दौरान 226 लोगों की मौत हो चुकी है। 1100 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। 65 हजार से ज्यादा लोग अपना घर छोड़ चुके हैं।

### अगस्त में जिरीबाम में कुकी-मैतेई ने किया था शांति समझौता

दिल्ली में होने वाली बैठक से पहली अगस्त में मणिपुर के जिरीबाम में कुकी और मैतेई ने शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। इस समझौते के तहत जिरीबाम में दोनों पक्ष आगजनी और गोलीबारी की घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षाबलों का सहयोग करेंगे और स्थिति सामान्य करने की दिशा में काम करेंगे। दरअसल, जिरीबाम के सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर में 1 अगस्त को कुकी और हमार कम्युनिटी (मैतई) के बीच एक मीटिंग हुई। यह मीटिंग सीआरपीएफ, असम राइफल्स और डिस्ट्रिक्ट कमिश्नर ने आयोजित कराई थी। इसी मीटिंग में दोनों पक्षों ने एग्रीमेंट पर साइन किया। हिंसा के बीच राज्य में बढ़ीं जबरन वसूली की घटनाएं मणिपुर हिंसा के दौरान राज्य में जबरन वसूली की घटनाएं बढ़ी हैं। कई गैंग-गिरोह हैं जो जबरन वसूली करके अंडरग्राउंड हो जाते हैं। अब इनसे निपटने के लिए मणिपुर पुलिस ने स्पेशल सेल एंटी एक्सटॉर्शन सेल का गठन किया है। 13 अक्टूबर को आईजीपी इंटेलिजेंस के. कबीब ने कहा- राज्य से निकले नेशनल हाइवे से गुजरने वालों ट्रकों से अवैध टैक्स वसूला जा रहा है। डोनेशन के नाम पर व्यापारियों, एजुकेशन इंस्टीट्यूट और आम लोगों को परेशान किया जा रहा है। उनसे जबरन वसूली की जा रही है। इसका असर इकोनॉमिक एक्टिविटी पर भी दिख रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस जबरन वसूली करने वालों के खिलाफ सख्त एक्शन ले रही है। कई अंडरग्राउंड गैंग और गिरोह किडनैपिंग, ग्रेनेड अटैक और फोन पर धमकी देने के मामलों में शामिल हैं।

### अभिनेता अतुल परचुरे का कैंसर से निधन



**मुंबई, जेएनएन।** जाने-माने अभिनेता अतुल परचुरे का 57 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। अभिनेता कैंसर से पीड़ित थे। वह 'द कपिल शर्मा शो' सहित कई टीवी धारावाहिकों और फिल्मों में अपनी उपस्थिति के लिए जाने जाते थे। अतुल परचुरे एक प्रतिभाशाली अभिनेता थे, जो पिछले एक साल से कैंसर से जूझ रहे थे। 14 अक्टूबर को उनका निधन हो गया। उनके निधन से मनोरंजन जगत में शोक की लहर दौड़ पड़ी है। अभिनेता ने टेलीविजन और फिल्मों दोनों जगह ही अपनी पहचान बनाई। उन्होंने 'आरके लक्ष्मण की दुनिया', 'जागो मोहन प्यारे', 'यम हैं हम', 'बड़ी दूर से आए हैं', 'द कपिल शर्मा शो' और कई मराठी धारावाहिकों और लोकप्रिय कॉमेडी शो में अपने अभिनय का लोहा मनवाया। टीवी के अलावा अभिनेता हिंदी और मराठी फिल्मों में दिखाई दिए।

### राहुल ने महाराष्ट्र कांग्रेस नेताओं से मुलाकात की

## एमवीए दलों के साथ सीट शेयरिंग और पार्टी की तैयारियों का जायजा लिया



**मुंबई, जेएनएन।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को महाराष्ट्र कांग्रेस नेताओं से मुलाकात की। इस बैठक में उन्होंने विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी की तैयारियों का जायजा लिया। मीटिंग में महाराष्ट्र कांग्रेस चीफ नान पटोले, विजय वडेट्टीवार, पृथ्वीराज चव्हाण, बालासाहेब थोराट, वर्षा गायकवाड़ और रमेश चेन्नितला शामिल हुए। इस बैठक की डिटेल अभी सामने नहीं आई है। हालांकि सूत्रों के मुताबिक बैठक में शिवसेना (उद्धव गुट) और एनसीपी (शरद पवार) के साथ सीट-बंटवारे को लेकर हुई चर्चाओं, पार्टी के अभियान और विधानसभा चुनावों के लिए उम्मीदवारों के चयन की समीक्षा की गई। यह बैठक इसलिए अहम रही, क्योंकि हाल ही में कांग्रेस को हरियाणा में चुनावी हार का सामना करना पड़ा है। हरियाणा चुनाव में हार को लेकर राहुल गांधी ने नेताओं के प्रति नाराजगी जताई थी। उन्होंने कहा कि हरियाणा में नेताओं का इंटरेस्ट ऊपर रहा, इस कारण से पार्टी का इंटरेस्ट नीचे चला गया। पार्टी 100-110 पर चुनाव लड़ सकती है महाराष्ट्र में 288 विधानसभा सीटें हैं। सूत्रों के मुताबिक इनमें से लगभग 100-110 सीटों पर ही चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। हालांकि ऐसी जानकारी सामने आई थी कि कांग्रेस में टिकट पाने के लिए 1800 से ज्यादा एप्लिकेशन आई हैं। इस बार विदर्भ और मराठवाड़ा इलाके से सबसे ज्यादा लोगों ने एप्लिकेशन फाइल किया है।

### 10.6 मिलियन डॉलर की राशि जुटाई

**नईदिल्ली ।** मॉर्गेज वितरण के लिए फिनटेक प्लेटफॉर्म बेसिक होम लोन ने सीरीज़ बी फंडिंग राउण्ड में 10.6 मिलियन डॉलर (रु. 87.5 करोड़) की राशि जुटाई है। इस निवेश का नेतृत्व जर्मन कंपनी बर्टेल्समैन एसई एण्ड जेजीएए की निवेश शाखा बर्टेल्समैन इंडिया इन्वेस्टमेन्ट के नेतृत्व में किया गया। इस निवेश में जाने-माने विश्वस्तरीय विविध कारोबार क्रेसेंट एंटरप्राइज़ेज़ जिनका मुख्यालय यूएई में है, के वेंचर कैपिटल प्लेटफॉर्म सीई-वेंचर्स का भी योगदान रहा। मौजूदा निवेशक आशीष कचोलिया ने निवेश कर बेसिक में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाई है। इस राउण्ड में मौजूदा निवेशकों, जैसे गृहास, लैट्स वेंचर, 9 यूनिकॉर्न्स और वेंचर्स कैटेलिस्ट्स भी शामिल रहे। डेक्सटर कैपिटल ने इस राउण्ड के लिए बेसिक के एक्सक्लुज़िव अडवाइज़र की भूमिका निभाई।

# कोलकाता रेप-मर्डर केसः अनशन कर रहे 4 डॉक्टर आईसीयू में भर्ती

## चीफ सेक्रेटरी से मीटिंग के बाद डॉक्टर बोले- सरकार अहंकारी हो गई है



**कोलकाता, जेएनएन।** कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर के विरोध में डॉक्टरों का प्रदर्शन जारी है। 5 अक्टूबर से अनशन पर बैठे डॉक्टरों की सोमवार को पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव मनोज पंत के साथ बैठक हुई, जो बिना किसी नतीजे के खत्म हो गई। मीटिंग से बाहर आने के बाद पश्चिम बंगाल डॉक्टर्स फोरम के अध्यक्ष डॉ. कौशिक ने कहा, कुछ नहीं हुआ, रिजल्ट जीरो।

10 दिन हो गए हैं, 4 डॉक्टर आईसीयू में हैं और एक बहुत बीमार है। हमने सरकार से उन प्रदर्शनकारी डॉक्टरों से बात करने का अनुरोध किया, लेकिन उन्होंने कहा कि वे देखेंगे, उन्हें अनुमति की आवश्यकता होगी। वे अहंकारी हो रहे हैं। उधर, फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन (एफएआईएमए) ने आज से देशभर में दो दिन हड़ताल का आह्वान किया है। इस दौरा सिर्फ इमरजेंसी सर्विस चालू रहेंगीं। वहीं आईएमए ने कहा कि कल देशभर में डॉक्टर्स सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक अनशन करेंगे। दरअसल, आरजी कर अस्पताल में 8 अगस्त की रात ट्रेनी डॉक्टर का रेप और मर्डर किया गया था। 9 अगस्त को विक्टिम की बॉडी मिली थी। इसे लेकर डॉक्टरों ने 42 दिन तक प्रदर्शन किया था। मांगें नहीं माने जाने पर डॉक्टरों ने भूख हड़ताल शुरू की, जिसका आज 9वां दिन है।

**जीवनी** | पूर्व ब्रिटिश पीएम जॉनसन ने अपनी किताब में मोदी की तारीफ की

# पीएम मोदी बदलाव लाने वाले नेता: जॉनसन





**लंदन, जेएनएन।** ब्रिटेन के पूर्व पीएम बोरिस जॉनसन ने अपने जीवन की घटनाओं पर एक किताब लिखी है। इस किताब का नाम अनलीश्ड है। इस संस्मरण में उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की है। उन्होंने लिखा कि मोदी ऐसे चेंज मेकर नेता हैं, जिसकी हमें जरूरत है। जॉनसन ने किताब में एक चैप्टर भारत के लिए लिखा है। इस चैप्टर का नाम ब्रिटेन एंड इंडिया है। इसमें उन्होंने दोनों देशों के रिश्तों के बारे में बताया है। उनकी यह किताब 10 अक्टूबर को पब्लिश हो चुकी है। अब यह ब्रिटेन के बुकस्टोर्स और ऑनलाइन मिल रही है।

### नेहरू जी ने कहा था कि भारत हमेशा रूस के साथ रहेगा

जॉनसन ने ये भी बताया है कि भारत के पूर्व पीएम जवाहर लाल नेहरू ने ब्रिटिश महारानी एलिजाबेथ द्वितीय से कहा था कि भारत हमेशा रूस के साथ रहेगा। मोदी से पहली मुलाकात एनर्जेटिक रही न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक जॉनसन ने लिखा है कि जब वे पहली बार मोदी से मिले तो उन्हें एक अनोखी एनर्जी महसूस हुई। उन्होंने लिखा कि वे नवंबर 2015 में जब लंदन के मेयर थे तब मोदी से पहली बार मिले थे। हम लंदन में टॉवर ब्रिज के पास थे। सामने मोदी के समर्थकों की भीड़ थी। तभी मोदी ने मेरा हाथ पकड़ कर ऊपर उठाया। उन्होंने हिंदी में कुछ कहा। हालांकि मैं वह नहीं समझ पाया, पर मुझे एक अनोखी एनर्जी फील हुई। तब से वे मेरे दोस्त हैं।

### नई दिल्ली-पटना के बीच दौड़ेगी तेजस

**पटना, जेएनएन।** भारतीय रेलवे ने दीपावली एवं छठ पूजा के मद्देनजर रेलवे की ओर से तेजस सुपरफास्ट फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। इस ट्रेन का परिचालन नई दिल्ली से 29, 31 अक्टूबर, दो एवं पांच नवंबर को किया जाएगा। यह ट्रेन 08.25 बजे नई दिल्ली से खुलेगी। ट्रेन विभिन्न स्टेशनों पर रुकते हुए उसी दिन रात साढ़े आठ बजे पटना जंक्शन पहुंचेगी। वहीं वापसी में पटना-नई दिल्ली तेजस सुपरफास्ट फेस्टिवल स्पेशल एक्सप्रेस 30 अक्टूबर, एक, तीन एवं छह नवंबर को चलाई जाएगी। पटना से ट्रेन सुबह साढ़े सात बजे खुलेगी। ट्रेन 08.05 बजे आरा, 08.47 बजे बक्सर, 10.30 बजे डीडीयू, 12.30 बजे प्रयागराज, 14.38 बजे कानपुर सेंट्रल एवं 19.35 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। इसके अलावा, दिल्ली-पटना सुपरफास्ट फेस्टिवल स्पेशल एक्सप्रेस 24 एवं 31 अक्टूबर को दिल्ली से 23.55 बजे खुलेगी, जो 16.40 बजे पटना जंक्शन पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन 25 अक्टूबर एवं एक नवंबर को पटना से 17.50 बजे पटना से खुलेगी। पटना से खुलने का समय 17.50 बजे समय निर्धारित किया गया है। यह ट्रेन दानापुर, आरा, बक्सर, डीडीयू, प्रयागराज एवं गोविंदपुरी होते हुए दिल्ली जाएगी।

**बरौनी के लिए भी चलेगी स्पेशल ट्रेन**

दैनिक जागरण
वर्गीकृत
आवश्यकता शिक्षा प्रापर्टी दूरसंचार ऑटो मोबाइल, ट्रेवल्स शॉपिंग बाजार इलेक्ट्रॉनिक्स रेस्टोरेंट




अण्डा

BHOPAL EGG RATE
515/-
Rate Suggested by RS Agro P.I.P.L. and Associated Poultry farmers.

सलाह


पाठकों को सलाह दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्रवाई करने से पूर्व आवश्यक/सम्पूर्ण जानकारी कर लेवें। यह समाचार पत्र विज्ञापनदाता द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के दावे/प्रस्तुतीकरण के लिए जिम्मेदार नहीं है।
-व्यवस्थापक

### महाकाल मंदिर के बाहर मारपीट का वीडियो आया सामने

**जागरण, उज्जैन।** महाकाल मंदिर के पास स्मार्ट पार्किंग के बाहर मारपीट का वीडियो सामने आया है। इसमें पहले एक फूल वाला मारने के लिए डंडा निकलता है, फिर 3-4 युवक उस पर टूट पड़ते हैं। विवाद की वजह श्रद्धालुओं की गाड़ी पार्किंग और फूल प्रसादी की बिक्री है। महाकाल थाना पुलिस ने बताया कि वीडियो का पता चला है। घटना दो माह पुरानी है।

### खाद की समस्या को लेकर धरने पर बैठे विधायक

**जागरण, मुरैना।** जिले के जौरा कस्बे में सोमवार को कांग्रेस के विधायक पंकज उपाध्याय खाद की समस्या को लेकर धरने पर बैठ गए, उनके साथ में किसान भी मौजूद थे, जो खाद का टोकन लेने के लिए लाइन में लगे थे। पुरानी तहसील प्रांगण में खाद वितरण केंद्र पर जब किसानों को खाद के टोकन वितरित किए जा रहे थे, उसी समय विधायक पहुंचे।



# बाबा सिद्दीकी के फरार हत्यारे की उज्जैन और ओंकारेश्वर में चल रही तलाश

## इंटेलिजेंस को मध्यप्रदेश के किसी धार्मिक स्थान पर आरोपी के छिपे होने का मिला इनपुट

**जागरण, उज्जैन/ खंडवा।** एनसीपी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की मुंबई में हुई गोली मारकर हत्या कर दी थी, जिसकी जिम्मेदारी कथित रूप से लॉरेंस विश्नोई गैंग ने ली है। देशभर में प्रतिष्ठित इस नेता की हत्या के बाद इस हत्याकांड से जुड़े तीन आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया है और उनसे अब पुलिस की पूछताछ जारी है। इसी बीच इससे जुड़ा एक आरोपी अभी भी फरार बताया जा रहा है। मुंबई क्राइम ब्रांच को इनपुट मिला है कि वह फरार आरोपी मध्य प्रदेश के सीमावर्ती इलाकों में कहीं छिपा हो सकता है। मुंबई क्राइम ब्रांच को उज्जैन और ओंकारेश्वर में उत्तर प्रदेश के बहराइच के शिवकुमार की तलाश है। सिद्दीकी के मर्डर केस में शिव कुमार भी शामिल था। मुंबई पुलिस दो दिन से उज्जैन में डेरा डाले है। सोमवार को लगातार दूसरे दिन सात सदस्यीय टीम ने उज्जैन क्राइम ब्रांच के साथ मिलकर सर्च ऑपरेशन चलाया। मुंबई और उज्जैन क्राइम ब्रांच पुलिस ने अब तक 10 से ज्यादा ठिकानों पर रेड की है। पूरे ऑपरेशन को बेहद गुप्त तरीके से अंजाम दिया जा रहा है। उज्जैन क्राइम ब्रांच ने सिर्फ इतना ही बताया है कि लीड मिली थी। इस बेस पर चेकिंग की जा रही है। सूत्रों की मानें तो, इंटेलिजेंस की खुफिया रिपोर्ट के अनुसार बाबा सिद्दीकी की हत्या में शामिल फरार हत्यारा मप्र में किसी धार्मिक स्थान पर छुपा हो सकता है। इसके चलते देशभर की इंटेलिजेंस एजेंसियां खंडवा जिले के ओंकारेश्वर और उज्जैन में विश्नोई गैंग के फरार आरोपी की तलाश कर रही है। बताया जा रहा है कि उज्जैन में कुछ लोगों से इस मामले में पूछताछ भी की है।



### हरसूद और हरदा विश्नोई बहुल इलाका

जानकारी के अनुसार इन लोगों पर विश्नोई गैंग से जुड़े होने की आशंका है। वहीं खंडवा जिले के हरसूद और पड़ोसी जिला हरदा विश्नोई बहुल इलाका है। सूत्रों के मुताबिक इंटेलिजेंस की नजर इन क्षेत्रों पर भी बनी हुई है। बता दें कि बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में फरार तीसरे आरोपी शिवा गौतम को मुंबई पुलिस पांच राज्यों में ढूंढ रही है।

### मूसेवाला मर्डर केस से जुड़ा था उज्जैन का कनेक्शन

करीब दो साल पहले नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने उज्जैन के नागदा में भी छापेमारी की थी। टीम ने नागदा से योगेश भाटी और राजपाल चंद्रावत को उठाया था। हरियाणा के बदमाश दीपक रमदा ने मोहाली (पंजाब) में इंटेलिजेंस के ऑफिस पर रॉकेट लॉन्चर दागा था। दीपक को नेपाल बॉर्डर से गिरफ्तार किया गया था। उसने ही पूछताछ में दोनों के नाम बताए थे। योगेश का नाम पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में भी आया था। ह्छ्ढ को इनपुट मिला था था कि इस हत्याकांड के आरोपियों ने नागदा में योगेश के घर फरारी काटी थी। हालांकि, 7 घंटे पूछताछ के बाद टीम के हाथ कुछ नहीं लगा था।

### आरोपी को पांच राज्यों में ढूंढ रही पुलिस


बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में फरार आरोपी शिवा गौतम को मुंबई पुलिस पांच राज्यों में ढूंढ रही है। सूत्रों के मुताबिक फरार आरोपी मध्य प्रदेश के सीमावर्ती इलाकों में कहीं छिपा हो सकता है। मुंबई पुलिस मध्य प्रदेश पुलिस के साथ मिलकर इसकी तलाश कर रही है। सूत्र बताते हैं कि महाराष्ट्र से सटे खंडवा जिले के ओंकारेश्वर या खंडवा के हरसूद और हरदा जिले के विश्नोई बहुल इलाके में भी शिव गौतम की तलाश की जा रही है। फरार आरोपी को उज्जैन में भी तलाश जा रहा है।

### उज्जैन कनेक्शन पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

मध्यप्रदेश कांग्रेस ने मामले को लेकर एक्स पर लिखा- बाबा सिद्दीकी की हत्या के संदिग्धों की उज्जैन में खोजबीन, सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के समय भी उज्जैन में खोजबीन, यूपी का माफिया विकास दुबे भी उज्जैन से ही हुआ था गिरफ्तार, क्या संगठित अपराधियों की पनाहगाह बन रहा है मुख्यमंत्री का गृह जिला?

## देश में होनी चाहिए सिर्फ दो ही जातियां: पंडित धीरेन्द्र शास्त्री

**जागरण, छतरपुर।** बागेश्वरधाम के पंडित धीरेंद्र शास्त्री का जाति को लेकर बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि सरकारों को ज्यादा जाति बनाने का शौक है तो गरीब और अमीर सिर्फ दो ही जाति बनाएं। वहीं, उनके इस बयान के कई मायने निकाले जा रहे हैं, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमने नौ दिनों में तैयारी कर ली है कि अब भारत में जात-पात, भेद-भाव, ऊंच-नीच, छुआछूत को हम मिटाकर रहेंगे। हमने भारत में तैयारी कर ली है। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा, सरनेम तो सबके रहेंगे लेकिन अब सरकार को दो ही जातियां बनानी चाहिए, अगर सरकार को जाति बनाने का शौक है तो दो जाति बना दी जानी चाहिए एक अमीर की और एक गरीब की। ताकि भारत का विकास हो भारत समृद्ध हो, ताकि गरीबों के साथ अन्यान और अत्याचार न हो। भारत में वर्तमान में हो रहे अंधविश्वास को इसी बल पर रोका जा सकता है। कोई भी सरकार काम नहीं करेगी। अब तुम्हें खुद सरकार बनना पड़ेगा। केवल बागेश्वर बाबा हिंदू राष्ट्र नहीं बना पाएंगे। अब भारत के प्रत्येक युवा भाई बहन को बागेश्वर बाबा बनना पड़ेगा तभी देश हिंदू राष्ट्र बनेगा।



## अहमदाबाद से बाइक से उज्जैन आए दो दोस्त, एक की हुई मौत



**जागरण, उज्जैन।** दो दिन पहले बाबा महाकाल के दर्शन करने के लिए अहमदाबाद से दो दोस्त बाइक पर सवार होकर धार्मिक नगरी उज्जैन पहुंचे थे। यहां उन्होंने बाबा महाकाल के दर्शन किए, महाकाल लोक घूमा, रामघाट पर स्नान किया और अन्य मंदिरों में भी देव दर्शन करके धर्म लाभ प्राप्त किया। लेकिन बाबा महाकाल के दर्शन करने के बाद जब ये श्रद्धालु इस नगरी से लौट रहे थे तो उनके साथ एक दर्दनाक दुर्घटना हो गई। हादसे में उनकी बाइक एक कार से टकरा गई, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का इलाज उज्जैन जिला चिकित्सालय में चल रहा है। चिंतामण थाने के एएसआई उधमसिंह राठौड़ ने बताया कि संतोष बघेल, निवासी अहमदाबाद और उनके मित्र हिमांशु पाल दो दिन पहले बाबा महाकाल के दर्शन के लिए उज्जैन आए थे। दर्शन के बाद दोनों बाइक से वापस अहमदाबाद लौट रहे थे। रास्ते में हुए हादसे में एक की मौत हो गई।










मुद्रक एवं प्रकाशक **राजीव मोहन गुप्त** द्वारा जागरण पब्लिकेशन्स प्रा. लि. हेतु 'दैनिक जागरण प्रेस' 33, जागरण भवन, प्रेस काम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल, मध्यप्रदेश -462011 (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. 1573/57, पंजीयन संख्या 7 म.प्र., **संस्थापक : स्व. गुरुदेव गुप्त,** संपादक : **राजीव मोहन गुप्त,** स्थानीय संपादक : **हरिमोहन गुप्त** फोन : **कार्या.** : 0755-6723200 **E-mail :** modemdj@gmail.com।